राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 272
लखनऊ, शनिवार 24 मई, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





डबल इंजन सरकार में महिलाएं बनीं सशक्त, समृद्ध व सामर्थ्यवान : केशव 03

खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा, कार्रवाई शून्य 04


## संक्षिप्त समाचार

### असम राइफल्स ने पकड़ा 5 करोड़ का मादक पदार्थ

**इंफाल।** असम राइफल्स ने मणिपुर में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया और लगभग 5 करोड़ की अवैध नशीली दवाएं जब्त कीं। असम राइफल्स के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि तस्कर के पास से 50 साबुन के डिब्बों में छिपाकर रखे गए हेरोइन के पैकेट बरामद किए गए, जिनका वजन 569.24 ग्राम था और बाजार मूल्य करीब 4 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त, 49 पैकेटों में रखी गई एम्फेटामिन/मेथाम्फेटामिन गोलियां भी बरामद हुईं, जिनकी कीमत लगभग एक करोड़ बताई गई है। असम राइफल्स ने इस कार्रवाई को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अंजाम दिया। पकड़े गए आरोपित को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

### नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक आज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में साल 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी। बैठक में देशभर के मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल व प्रशासक शामिल होंगे। नति आयोग ने एक बयान में कहा कि विकसित भारत के लिए सभी राज्यों को टीम इंडिया के रूप में साथ लेकर चलने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 मई को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### अंता क्षेत्र के विधायक कंवर लाल की विस सदस्यता रद्द

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अंता विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक कंवरलाल की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी है। यह कार्रवाई करीब 20 साल पुराने एक मामले में उनकी दोषसिद्धि होने और इस महीने की शुरुआत में उनके आत्मसमर्पण के बाद हुई है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि शुक्रवार प्रातः महाधिवक्ता की विधिक राय प्राप्त होते ही कंवरलाल की सदस्यता समाप्त कर दी गई है।

### गढ़चिरौली पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार माओवादी ढेर

**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले के नेलगुंडा इलाके में इंद्रावती नदी के तट के पास शुक्रवार को सी-60 कमांडो पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। पुलिस टीम ने मौके से भारी मात्रा में हथियार और माओवादी साहित्य बरामद किया है। मारे गए माओवादियों की पहचान नहीं की जा सकी है। नेलगुंडा इलाके में इंद्रावती नदी के तट के पास गुरुवार को माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी।

### भारत-पाक सीमा पर 7.50 करोड़ की हेरोइन जब्त

**श्रीगंगानगर।** जिले से सटे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पाकिस्तान की ओर से लगातार ड्रग भेजी जा रही है। अनूपगढ़ में भारत-पाक सीमा पर सीमा सुरक्षा बल को पीले रंग का एक पैकेट मिला। 14के के पास स्थित कैलाश पोस्ट के नजदीक तारबंदी के पास एक ड्रोन और पीले रंग का पैकेट बरामद हुआ है। इसमें करीब डेढ़ किलोग्राम हेरोइन मिली है।

### मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में श्रीहनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण करते हुए कहा

# पाकिस्तान को ले डूबेगा आतंकवाद

▸ अयोध्या के लेफ्टिनेंट शशांक को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया। इस मौके पर योगी ने सनातन धर्म को भारत के अस्तित्व और वजूद का आधार बताते हुए कहा कि इसके सम्मान और गरिमा के खिलाफ कुछ भी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने हनुमानगढ़ी के नागाओं और संतों से आह्वान किया कि वे अपने योद्धा भाव को बनाए रखें और सनातन धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत छेड़ता नहीं है और कोई छेड़े तो उसे छोड़ता भी नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने हनुमानजी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अध्यात्मिक जगत में कोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है। उसके अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। योगी ने कहा कि देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने पूर्वोत्तर अयोध्या के बलिदानी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने हुए कहा कि सेना के अतिरित प्रदेश सरकार वीरगति प्राप्त करने वाले हमारे वीरों के परिवारों को 50 लाख रुपये, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और शहीद के नाम पर स्मारक बनाकर सम्मान देने का काम रही है। इस अवसर पर प्रेमदासजी महाराज, महंत संतराम दासजी महाराज, महंत मुरलीदासजी महाराज, महंत रामचरण दासजी महाराज, सरपंच रामकुमार दासजी महाराज समेत अन्य संत और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### त्रेतायुगीन विरासत व सनातन धर्म का रक्षक है हनुमानगढ़ी

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यहां से हनुमानजी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है। उन्होंने बाबा अभयराम दासजी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह श्रीहनुमत कथा मंडपम बाबा अभयराम दासजी की दूरदर्शिता और वैष्णव अखाड़ों की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उनकी कृपा से आज हम इस भव्य स्वरूप को देख रहे हैं। उन्होंने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने एक-एक पाई बचाकर इस मंडपम का निर्माण किया। योगी ने कहा कि हनुमानगढ़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए योद्धा भाव का प्रतीक है। यह मंडपम आने वाली पीढ़ियों के लिए हनुमानगढ़ी के वैभव को संरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी का यह मंडपम न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि सत्संग और कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा।

### 2017 के बाद सरकार ने अयोध्या को दिया नया स्वरूप

मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 2014 व 2017 से पहले अयोध्या अव्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कों, बिजली की कमी और गंदगी से जूझ रही थी। जब हम यहां आते थे, तो राम की पैड़ी का पानी सड़ता था, घाटों पर गंदगी थी और हर दूसरे दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती थी। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को नया स्वरूप दिया। अयोध्या के बुनियादी ढांचे में आए बदलावों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अब फोरलेन सड़कों से जुड़ चुकी है और शहर के अंदर के मार्ग भी चौड़े हो गए हैं। पहले जहां एक ट्रेन के लिए लोग तरसते थे, आज अयोध्या देश के हर कोने से रेलवे के माध्यम से जुड़ गया है। महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण ने अयोध्या को वैश्विक मानचित्र पर ला दिया है। त्रेतायुग में भगवान राम पुष्पक विमान से आए थे। उसके बाद अब जाकर यहां बड़े-बड़े विमान उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरयू के घाट और अयोध्या के कुंड अब स्वच्छ और सुंदर हैं। बिजली की समस्या इतिहास बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने दीपोत्सव के आयोजन को अयोध्या के वैभव को पुनर्जनन देने वाला कदम बताया। कहा कि 2017 में जब दीपोत्सव शुरू हुआ तो हमारा विश्वास था कि अयोध्या ने ही दुनिया को दीपावली दी है। आज यह आयोजन वैश्विक स्तर पर अयोध्या की पहचान बन चुका है।

# उत्तर प्रदेश में 27 पुलिस उपाधीक्षकों का तबादला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में लगातार अधिकारियों के तबादले हो रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को भी 27 पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) का तबादला हुआ है। एक दिन पहले गुरुवार को 25 पीपीएस अधिकारियों के तबादले हुए थे।



पुलिस अधिकारियों के तबादले के अनुसार देवेंद्र सिह प्रथम को पुलिस उपाधीक्षक कानपुर देहात से पुलिस उपाधीक्षक पीटीएस बनाया गया है। अमित कुमार पाण्डेय को सहायक पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) से हटाकर पुलिस उपाधीक्षक पीटीएस जालौन, नईम खान मंसूरी को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी से पुलिस उपाधीक्षक सतर्कता ??अधिष्ठान उप्र लखनऊ, गणेश कुमार को पुलिस उपाधीक्षक संभल से पुलिस उपाधीक्षक आरटीसी चुनार मीरजापुर, संत प्रसाद उपाध्याय को मुजफ्फरनगर से सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज भेजा गया है। इसी तरह अवनीश कुमार गौतम को गोरखपुर से सहायक सेनानायक 06वीं वाहिनी पीएसी मेरठ, अभिषेक प्रताप अजेय को पुलिस उपाधीक्षक कुशीनगर से पुलिस उपाधीक्षक कन्नौज, राकेश प्रताप सिंह को पुलिस उपाधीक्षक अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन से पुलिस उपाधीक्षक कुशीनगर, आशुतोष मिश्रा को पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या से पुलिस उपाधीक्षक प्रतापगढ़, उदय प्रताप सिंह प्रथम को सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज से सहायक सेनानायक 42वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज भेजा गया है। अरुण कुमार राय को पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम गोण्डा से पुलिस उपाधीक्षक झांसी, सुरेंद्र नाथ यादव को पुलिस उपाधीक्षक पीटीसी मुरादाबाद से पुलिस पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन, अमित चौरसिया को शाहजहांपुर से सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर, नरेश कुमार को पुलिस उपाधीक्षक भदोही से मंडलाधिकारी (वीके) गाजियाबाद, अमित प्रताप सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से पुलिस उपाधीक्षक एएनटीएफ उप्र लखनऊ, बनाया गया। इसके अलावा अन्य का भी तबादला हुआ।

## लखनऊ एडीजे कोर्ट ने राजा कोलंदर व बक्षराज को सुनाई उम्रकैद की सजा

▸ वर्ष 2000 में मनोज सिंह व ड्राइवर रवि की हत्या में हुई सजा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ एडीजे कोर्ट ने नरभक्षी राम निरंजन उर्फ राजा कोलंदर और उसके साथी बक्षराज को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोनों पर ढाई-ढाई लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

राजा कोलंदर और बच्छराज कोल ने 2000 में 22 साल के मनोज सिंह और उनके ड्राइवर रवि श्रीवास्तव की अपहरण के बाद हत्या कर दी थी। इसी केस में कोलंदर और बच्छराज को 19 मई को कोर्ट ने दोषी करार दिया था और आज सजा सुनाई है। राजा कोलंदर और उसके साले बच्छराज को इससे पहले पत्रकार धीरेंद्र सिंह की हत्या के मामले में 2012 में इलाहाबाद कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। राजा कोलंदर पर 14 से ज्यादा हत्या के केस दर्ज हैं। वह लोगों का खून कर उनके जिस्म के टुकड़े-टुकड़े कर देता था। मरने वाले की खोपड़ी से भेजा निकाल कर उसे उबाल कर सूप बनाकर पीता था। राजा कोलंदर प्रयागराज नैनी के शंकरगढ़ स्थित हिनौता गांव का रहने वाला है। उसे नर पिशाच कहा जाता है।

### फर्जी डिग्री केस में डिप्टी सीएम केशव के खिलाफ याचिका पर निर्णय सुरक्षित

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मामले में हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया। दिवाकर नाथ त्रिपाठी की पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने की। मौर्य पर फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र के आधार पर पेट्रोल पंप लेने व चुनाव में झूठा हलफनामा देने का आरोप है। याची के वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज की फर्जी व अमान्य डिग्री के आधार पर पेट्रोल पंप लिया और चुनाव में हलफनामा दायर किया, जो गंभीर अपराध है। जिसकी एफआईआर दर्ज कर विवेचना होनी चाहिए।

### पंजाब में आप एमएलए रमन अरोड़ा गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में सत्तारूढ़ आप विधायक रमन अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। विजिलेंस टीम ने रमन अरोड़ा के जालंधर स्थित घर पर छापा मारा। गिरफ्तारी के बाद विधायक को लेकर टीम निकल गई। आप प्रवक्ता नील गर्ग ने पुष्टि करते हुए कहा कि रमन अरोड़ा के घर पर छापा मारा गया है। पंजाब सरकार ने हाल ही में विधायक रमन अरोड़ा की सुरक्षा वापस ले ली थी, भगवंत मान ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर हमारी नीति बिल्कुल साफ है। चाहे कोई अपना हो या पराया, कोई भी किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानूनी कार्रवाई जरूर होगी।

## नक्शा पास कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन के समय अब आधार जरूरी

▸ फास्टपास सॉफ्टवेयर से धोखाधड़ी पर लगेगी लगाम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विकास प्राधिकरणों में नक्शा पास कराने में धोखाधड़ी को रोकने के लिए सरकार व्यवस्था को और पारदर्शी व सरल बनाने जा रही है। नई व्यवस्था में नक्शा पास करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदक को आधार कार्ड लगाना जरूरी होगा। इससे धोखाधड़ी करके दूसरे व्यक्ति द्वारा नक्शा पास कराने के खेल पर रोक लगेगी।

इस संबंध में प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद ने अधिसूचना जारी कर दी है। मौजूदा व्यवस्था में ऑनलाइन बिल्डिंग परमिशन सिस्टम सॉफ्टवेयर से नक्शा पास किया जा रहा है। लेकिन, इसमें कई खामियां होने से काफी समय लग रहा है।

सॉफ्टवेयर में नक्शा सबमिट होने के बाद ऑनलाइन काफी आपत्तियां भी आ रही हैं। इसलिए इस व्यवस्था को बदलते हुए फास्टपास सॉफ्टवेयर तैयार कराया गया है। भविष्य में इसी माध्यम से नक्शा पास करने की तैयारी है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की अगली सुनवाई चार जुलाई को

▸ संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने के आदेश

समृद्धि न्यूज

**मथुरा।** प्रयागराज हाईकोर्ट मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर 4 जुलाई को अगली सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की एकलपीठ ने प्रकीर्ण प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की और संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा शाही मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग पर बहस हुई, जिसका समर्थन मंदिर पक्ष और विरोध मुस्लिम पक्ष ने किया।



शुक्रवार दोपहर दो बजे न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की एकलपीठ के समक्ष कुछ वाद में प्रकीर्ण प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई हुई। संबंधित पक्षों को जबाव दाखिल करने का आदेश हुआ। केस नंबर 13 में वादी एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा शाही मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। इस पर प्रतिवादी मुस्लिम पक्ष का जवाब आया और बहस हुई। इस मांग का समर्थन आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज व कुछ अन्य वादियों ने किया। मंदिर पक्ष से रीना एन सिंह व मुस्लिम पक्ष की ओर से तसनीम अहमदी व मोहम्मद प्राचा ने बहस की। दिनेश फलाहारी ने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए प्रयागराज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी, जन्मस्थान से मस्जिद को हटाने से संबंधित प्रयागराज हाईकोर्ट में 18 मुकदमे चल रहे हैं, पिछली डेट को प्रयागराज हाईकोर्ट में हिंदू पक्ष की तरफ से राधा रानी को पार्टी बनाने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र पर बहस हुई, जिसका विरोध दूसरी तरफ से भी हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने ही किया।

एक पक्ष ने कहा कि राधा रानी को पार्टी बनाना बहुत जरूरी है, तो दूसरे पक्ष ने कहा कि अब राधा रानी को पार्टी बनाएंगे, फिर कोई व्यक्ति कहेगा कि कृष्ण भगवान के सखा को पार्टी बनाया जाए, फिर कोई कहेगा कि ग्वाल वालों को पार्टी बनाया जाए।

### जेपी एसोसिएट्स के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स और अन्य के खिलाफ कई ठिकानों पर छापेमारी की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश धोखाधड़ी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स और कुछ अन्य के खिलाफ 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश धोखाधड़ी मामले में धनशोधन जांच के तहत 15 ठिकानों पर तलाशी ली है। दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत ईडी छापेमारी की जा रही है।

## आउटसोर्स कर्मियों को मिलेगा न्यूनतम 18,000 रुपए मानदेय

▸ निगम जल्द कैबिनेट के समक्ष अनुमोदन के लिए रखेगा प्रस्ताव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विभिन्न विभागों में रखे जाने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए बन रहे आउटसोर्स कर्मचारी निगम के गठन की औपचारिकता पूरी है। कैबिनेट से अनुमोदन होगा। आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम 18000 रुपये मानदेय दिए जाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। मानदेय सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से ही दिया जाएगा।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने प्रमुख सचिव संजय प्रसाद से मुलाकात के बाद कहा कि शासन के परामर्शी विभागों, वित्त, कार्मिक व न्याय विभाग ने आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय के भुगतान की पूर्व व्यवस्था को यथावत लागू रखने का भी प्रस्ताव किया है। मानदेय के भुगतान की प्रक्रिया सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से न कराकर निगम के माध्यम से ही हो क्योंकि सेवा प्रदाता एजेंसियों के शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए ही निगम की स्थापना की जा रही है।

### कांशीराम ट्रामा सेंटर में 200 मेडिकल स्टॉफ में 64 नदारद, वेतन रोका

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को रामादेवी स्थित कांशीराम ट्रामा सेंटर का औचक निरीक्षण किया। डॉक्टर और कर्मचारी मिलाकर अस्पताल में तकरीबन 200 मेडिकल स्टॉफ हैं, जिनमें 64 लोग ड्यूटी से नदारद मिले। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) भी सुबह नौ बजे तक हॉस्पिटल नहीं पहुंचे। जबकि उनका समय सुबह आठ से दो बजे तक का है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई तरह की अनियमितता मिली हैं। इन सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक दिन का वेतन रोका गया है।

## भारत ने पाक विमानों के लिए वायुक्षेत्र के उपयोग से जुड़ा प्रतिबंध बढ़ाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के विमानों के लिए अपने वायु क्षेत्र के उपयोग से जुड़े प्रतिबंध को एक माह और बढ़ा दिया है। सरकार ने यह निर्णय पाक के जवाब में लिया है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत की ओर से जारी 'नोटम' की जानकारी दी। इसके अनुसार पाकिस्तान पंजीकृत विमानों और पाकिस्तान की वायुसेवा कंपनियों या संचालकों द्वारा संचालित, स्वामित्व या पट्टे पर लिए गए विमानों और सैन्य विमानों पर भारतीय वायु क्षेत्र में प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को एक माह और बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध अब 23 जून तक प्रभावी रहेगा। इससे पहले पाकिस्तान ने भी भारत के विमानों के लिए अपने वायु क्षेत्र के उपयोग पर प्रतिबंध 23 जून तक बढ़ा दिया है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच वायु मार्ग बंद हैं। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत ने अपनी उड़ानों की योजना में बदलाव किया है। अतिरिक्त दूरी और उड़ान समय को उनकी समय-सारिणी में पहले से जोड़ा जा चुका है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को ही इंडिगो का विमान एक 'हेलस्टॉर्म' में फंस गया। विमान ने लाहौर एटीसी से पाकिस्तान के वायु क्षेत्र में थोड़े समय के लिए प्रवेश की अनुमति मांगी। लाहौर एटीसी ने नोटम का हवाला देते हुए इनकार कर दिया। इसके बाद भारतीय अधिकारियों ने विमान को सुरक्षित रूप से श्रीनगर की ओर मोड़ दिया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को लेकर कई कड़े फैसले लिए थे।

उद्घाटन

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मंडपम में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025' का किया उद्घाटन

# विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में पूर्वोत्तर की भूमिका अहम


एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां के भारत मंडपम में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्वोत्तर को देश के विकास का इंजन बताया और कहा कि यह क्षेत्र विकास की आपार संभावनाओं से भरा पड़ा है। प्रधानमंत्री ने देश और दुनिया के निवेशकों से आग्रह किया कि वे पूर्वोत्तर के विकास में भागीदार बनें।

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में विकसित भारत का रास्ता पूर्वोत्तर से होकर जाएगा। दो दिवसीय (23-24 मई) राइजिंग नॉर्थ ईस्ट निवेश सम्मेल का उद्देश्य पूर्वोत्तर को अवसरों की भूमि के रूप में प्रस्तुत करना, निवेशकों को जोड़ना और नीति निर्माताओं के साथ संवाद को बढ़ावा देना है। इसमें पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और खेल जैसे प्रमुख क्षेत्रों को फोकस किया गया है। बीते दशक में 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा अपनाई। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिला है। गांवों में होमस्टे, नए टूर गाइड और सांस्कृतिक आयोजन बढ़े हैं। हील इन इंडिया अभियान के अंतर्गत पूर्वोत्तर को वेलनेस टूरिज्म का केंद्र बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 हजार करोड़ के निवेश से 800 स्कूल, 9 मेडिकल कॉलेज, 2 आईआईटी और देश का पहला स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पूर्वोत्तर में बन रही है। साथ ही, युवाओं के लिए स्टार्टअप, डिजिटल इनोवेशन और स्किल सेंटर खुल रहे हैं। पूर्वोत्तर में हाइड्रो और सोलर पावर में तेज होते निवेश के साथ ही प्रधानमंत्री ने ऐलान किया कि जल्द ही क्षेत्र का पहला मेड इन इंडिया चिप तैयार होगा, जिससे भारत के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

### लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट की नीति के तहत भारत की विकास यात्रा में अग्रणी बना पूर्वोत्तर

प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर को 'अष्टलक्ष्मी' से संबोधित किया और कहा कि यह क्षेत्र व्यापार, पर्यटन, जैव-अर्थव्यवस्था, बांस उद्योग, चाय उत्पादन, खेल, ऊर्जा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में विशाल संभावनाओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में हुए बदलाव केवल आंकड़ें नहीं हैं। जमीनी स्तर पर बदलाव नज़र आ रहा है। उन्होंने 700 से अधिक बार केंद्रीय मंत्रियों की यात्राओं का हवाला देते हुए कहा कि यह क्षेत्र अब लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट की नीति के तहत भारत की विकास यात्रा में अग्रणी बन गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में हुए विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 11 हजार किमी हाई-वे निर्माण, भूपेन हजारिका ब्रिज और सेला टनल जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स, पूर्वोत्तर गैस ग्रिड, 4जी/5जी नेटवर्क और 13 हजार किमी ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का काम पूर्वोत्तर में हुआ है। इन परियोजनाओं ने उद्योगों के लिए फर्स्ट मूवर एडवांटेज की स्थिति बना दी है। प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर को भारत-आसियान व्यापार का सेतु बताया और कहा कि भारत-आसियान व्यापार जल्द ही 200 अरब डॉलर को पार करेगा। गुवाहाटी, इंफाल और अगरतला में लॉजिस्टिक हब और मिजोरम व मेघालय में लैंड कस्टम स्टेशन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नया आयाम देंगे।



# डीएम ने खुद उठाया फावड़ा, सीडीओ की पहल से 1,000 गांवों में बनेंगे तालाब

- विकासखंड अधिकारियों की नीयत पर सवाल
- 'हर गांव तालाब' मिशन को ज़मीन पर उतारने में जुटा प्रशासन
- बच्चों को मिठाई देकर बढ़ाया हौसला, पर कुछ अधिकारी बना रहे विकास को कमाई का जरिया



**लखीमपुर खीरी (धौरहरा), समृद्धि न्यूज़।**

जल संकट से निपटने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लखीमपुर खीरी के प्रशासन ने बड़ी पहल की है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तहसील सदर के ग्राम अमानलाला में खुद फावड़ा उठाकर तालाब खुदाई की शुरुआत की। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की सोच हर गांव तालाब मिशन के तहत जिले के 1000 गांवों में तालाब बनाए जाएंगे। मिशन का लक्ष्य 15 जून तक हर गांव में जल संचयन को लेकर एक मॉडल प्रस्तुत करना है। खुदाई कार्य में लगे श्रमिकों और बच्चों को मिठाई और बिस्कुट वितरित कर अफसरों ने उत्साह बढ़ाया। इससे गांवों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। लेकिन सवाल उठ रहे हैं विकासखंड स्तर पर तैनात अधिकारियों की नीयत पर। डीएम और सीडीओ की मेहनत को ज़मीन पर उतारने की बजाय कुछ अधिकारी इसे पैसा कमाने का जरिया बना रहे हैं। विकास कार्यों में मनमानी, गुणवत्ता में समझौता और लेन-देन की चर्चाएं तेज हो गई हैं। जिले की नजर जहां गांव के विकास पर है, वहीं विकासखंड अधिकारियों की नजर अपने विकास पर टिकी हुई दिख रही है। ऐसे में मिशन की सफलता तभी संभव है जब हर स्तर पर ईमानदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

## ईसानगर क्षेत्र में तेंदुए का आतंक, दो युवकों पर किया हमला



ईसानगर, खीरी। खीरी जनपद के ईसानगर थाना क्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत सिंगावर के माजरा बैचरी में खेत की रखवाली कर रहे दो युवकों पर तेंदुए ने हमला कर दिया। पीड़ितों में कालिका और पुजारी पुत्र सुंदर शामिल हैं, जिनमें पुजारी किसी तरह जान बचाकर भाग निकला। घटना के समय युवकों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और साहस दिखाते हुए तेंदुए को खदेड़ दिया। गनीमत रही कि बड़ी अनहोनी टल गई, हालांकि एक युवक घायल हुआ है जिसे इलाज के लिए भेजा गया है। यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले खमरिया थाना क्षेत्र के मटरिया गांव में भी तेंदुए ने एक युवक पर हमला किया था। वहीं शंकरपुर गांव में भी एक ग्रामीण लल्ला राम गिरी ने खेत में तेंदुए को देखने का दावा किया था, जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को दी थी। धौरहरा रेंजर नितेंद्र कुमार त्रिवेदी ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से क्षेत्र में कैमरे लगाए जा रहे हैं और विभाग की टीम मौके पर तैनात रहेगी। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और वे वन विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी पर स्मृति कार्यशाला का हुआ आयोजन



**मितौली खीरी।** मैंगलगंज क्षेत्र के बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय में शनिवार को अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान कार्यशाला का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में हज़ारों की संख्या में स्थानीय जनता, क्षेत्रीय प्रधान, बीडीसी सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यशाला के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर रहे, जिन्होंने अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों और उनके त्यागमयी जीवन पर प्रकाश डाला। कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने अपने संबोधन में न केवल अहिल्याबाई के योगदान को रेखांकित किया, बल्कि क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर गन्ना विकास परिषद के चेयरमैन राजेन्द्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राममोहन गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, सर्वेश सिंह, एवं श्याम किशोर तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में गन्ना डायरेक्टर अमित सिंह, अनिल राठौर, अंकित त्रिवेदी, अनुज मिश्रा एवं शिव गुप्ता समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की भागीदारी रही।

## सेना के शौर्य को समर्पित तिरंगा यात्रा का नगर में आयोजन

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के जयघोष के साथ किया नगर भ्रमण
- पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित



**मोहम्मदी (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेना द्वारा दुश्मन के नौ ठिकानों को नेस्तनाबूत कर अपने शौर्य का परचम लहराने पर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया।

तिरंगा यात्रा का आयोजन पूर्व नगर अध्यक्ष व संयोजक सौरभ गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह रहे। यात्रा का शुभारंभ भाजपा कार्यालय रामलीला मैदान से हुआ। इससे पूर्व कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता आशीष कुमार रस्तोगी ने की। बैठक की शुरुआत स्व. अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर की गई। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप माहरोत्रा उर्फ कन्हैया, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेयी, श्रीमती सुशीला वर्मा, जिलामंत्री अखिलेश त्रिवेदी, आशीष रस्तोगी, अतुल रस्तोगी एवं सौरभ गुप्ता का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। सभा में देश की रक्षा में योगदान देने वाले वीर सैनिकों- अवनीश गुप्ता, वायुसेना के गुरुमेक सिंह, बलकार सिंह, दर्शन सिंह, भगवान सिंह, मेहर सिंह, त्रिलोक सिंह, रामप्रकाश बाजपेयी, मनोज कुमार, रबिन्द्र कुमार गुप्ता, बादशाह एवं अनुपम मिश्रा को साल उड़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता वी.पी. सिंह ने किया। सभा के उपरांत तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसकी अगुवाई पूर्व सैनिकों ने की। उनके हाथों में तिरंगा लहराता रहा और पीछे सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष करते हुए चल रहे थे। यात्रा कोतवाली के सामने से निकलते हुए रामलीला गेट, रोडवेज, बरवर चौराहा, बजरगंज, पानी टंकी, पुतन्नी चौराहा, नत्थू गुप्ता तिराहा, पी.डी. इंटर कॉलेज, अशोक चौराहा होते हुए गुरुद्वारा पहुंचकर विसर्जित हुई। तिरंगा यात्रा में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामभरोसे वर्मा, अमरीश तिवारी, मुकेश पांडेय, इंद्रजीत सिंह, सुशील त्रिवेदी, कुलदीप द्विवेदी, आदित्य सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। यात्रा ने नगर में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार कर दिया और हर मार्ग जय हिंद और वीर सैनिक अमर रहें के नारों से गूंज उठा।

## ढखेरवा रोड पर नाले की खोदाई बनी परेशानी का सबब, व्यापारियों व स्थानीय लोगों में नाराजगी

**निघासन (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत द्वारा ढखेरवा रोड पर किए जा रहे नाले की खुदाई ने स्थानीय नागरिकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। बिना किसी पूर्व सूचना के शुरू की गई इस खुदाई से जहां सड़क पर आवागमन बाधित हुआ है, वहीं एक स्थानीय व्यापारी की कार पिछले 12 दिनों से वहीं फंसी हुई है। व्यापारी आरिफ अंसारी की मानें तो नगर पंचायत ने अचानक खुदाई शुरू कर दी, जिससे उन्हें अपनी कार हटाने का मौका तक नहीं मिला। अगर पहले से सूचना दी गई होती तो मैं अपनी कार हटा लेता।



अब कार न आगे जा सकती है और न ही पीछे, उन्होंने निराशा व्यक्त करते हुए कहा। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यह समस्या केवल आरिफ अंसारी की नहीं है। अधूरी खुदाई और कई दिनों से रुका पड़ा निर्माण कार्य पूरे इलाके के लिए परेशानी का कारण बन गया है। दुकानों पर ग्राहक पहुंचना मुश्किल हो गया है और सड़क पर चलना तक दुश्वार हो गया है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत को निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आस-पास की संपत्तियों और वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए थी। बिना योजना और सूचना के काम शुरू कर देना आम जनता की परेशानियों को नजरअंदाज करना है, एक अन्य दुकानदार ने कहा।

### धौरहरा ब्लॉक में ठेकों का टेंडर सिस्टम सवालों के घेरे में-

## सिर्फ 7 फर्मों को मिला काम, जिसमें दो को करोड़ों का काम, बाकी ठेकेदार ठगे रह गए




**धौरहरा (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र पंचायत विकास की योजनाएं हों या पंचायत निधि से होने वाले निर्माण कार्य–धौरहरा ब्लॉक में सबकुछ एक तय स्क्रिप्ट पर चल रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 और नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में 2025-26 में भी करोड़ों रुपए की परियोजनाएं महज कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को ही सौंपी गई हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता नदारद और जवाबदेही गुमशुदा दिखती है।

**फिक्सिंग या चहेता सिस्टम?:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2024-25 में ब्लॉक स्तर पर जिन सात फर्मों को काम मिला, उनमें माया कांट्रेक्टर, बृजेश वर्मा फर्म और गैलेक्सी कंस्ट्रक्शन जैसी फर्मों को बार-बार करोड़ों के ठेके दिए गए। सिर्फ दो फर्मों को ही मिलाकर 2 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान दर्शाया गया है। सवाल यह उठता है कि क्या धौरहरा में योग्य फर्मों की इतनी ही संख्या बची है, या फिर 'साहब का सेटिंग सिस्टम' बाकी को बाहर का रास्ता दिखा देता है?

**सवाल खड़े करते हैं दोहराए गए भुगतान:** कुछ जगहों पर दो अलग-अलग वर्षों में एक ही कार्य के नाम पर अलग-अलग भुगतान दर्शाए गए हैं। कलुआपुर के मजरा मैला में मंदिर के पास जल प्याऊ निर्माण कार्य को ही लें–2024-25 में 2.87 लाख और 2025-26 में फिर उसी स्थान पर 47,939 रुपये भुगतान दर्शाया गया। ऐसे कई मामले हैं, जो गहन जांच की मांग करते हैं। जल जीवन मिशन टंकी सहित जब इतने जल प्याऊ लगाए गए फिर भी जल संकट क्यों ?

### जिम्मेदारों से पूछा गया, जवाब टाल गए

जब इस मुद्दे पर खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। एनआरईपी बाबू सलिल श्रीवास्तव से बात करने पर उन्होंने खुद के बाहर होने की बात कही। वहीं, जेई (आर.एस.) अमित कुमार वर्मा ने कहा, मुझे यहां आए हुए सिर्फ एक माह हुआ है, इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी मेरे पास अभी उपलब्ध नहीं है।

### गुमनाम टेंडर विज्ञापन, पहचान वाली फर्में

स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि टेंडर की सूचनाएं कम सर्कुलेशन वाले अखबारों में छपती हैं, जिससे आम फर्मों को भनक तक नहीं लगती। वहीं फर्में काम हासिल कर रही हैं, जो बीते वर्षों में भी लगातार सक्रिय रही हैं।

### जनता की मांग- हो निष्पक्ष जांच

स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्लॉक स्तर पर चल रहे इस ठेका तंत्र की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यदि अनियमितताएं सामने आती हैं तो दोषियों पर कानूनी कार्रवाई जरूरी है, वरना सरकारी धन का दुरुपयोग यूं ही जारी रहेगा।

## हीट वेव से राहत: सदर चौराहे और नीलकंठ मैदान में बने कूलिंग पॉइंट, आमजन को मिल रही राहत

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश में बढ़ती गर्मी और भीषण हीट वेव को देखते हुए आम जनता को राहत देने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। सदर चौराहे और नीलकंठ मैदान में अस्थायी रूप से कूलिंग पॉइंट स्थापित किए गए हैं, जहां राहगीरों, श्रमिकों, यात्रियों और जरूरतमंदों को गर्मी से राहत मिलेगी। शुक्रवार को सदर चौराहे पर बने इस कूलिंग पॉइंट का विधिवत शुभारंभ भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमैन सुर्जन लाल वर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की प्रशंसा करते हुए कहा कि गर्मी से बेहाल जनता को राहत पहुंचाने के लिए किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

**पेयजल, कूलर और विश्राम की सुविधा उपलब्ध:** कूलिंग पॉइंट पर चारों ओर से ढका हुआ



टेंट लगाया गया है जिसमें कूलर, ठंडे पेयजल के लिए वाटर कूलर और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था विशेष रूप से रिक्शा चालकों, मजदूरों, राहगीरों और दूर-दराज से आने वाले शिवभक्तों को ध्यान में रखकर की गई है। नीलकंठ मैदान स्थित कूलिंग पॉइंट भी इसी प्रकार से आमजन को राहत पहुंचा रहा है।

**उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में लोग रहे उपस्थित:** इस अवसर पर कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, सभासद राजेश वर्मा, दानिश राइन, सुशील कुमार, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, काके सहगल, अनुराग गुप्ता, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा तथा वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। नगरवासियों ने इस पहल की खुले दिल से सराहना की है और इसे गर्मी में राहत देने वाली एक संवेदनशील और मानवीय पहल बताया है।

### हीटवेव पॉइंट जरुरतमंदों के लिए जीवनदायिनी पहल: विजय शुक्ला

पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि इस कूलिंग पॉइंट की स्थापना का उद्देश्य हीट वेव के प्रभाव से आमजन को राहत देना है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और भी स्थानों पर ऐसी व्यवस्था की जाएगी।

## खमरिया में ऑपरेशन सिंदूर के तहत निकाली तिरंगा यात्रा

**धौरहरा, खीरी।** खमरिया कस्बे में शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसने क्षेत्र में देशभक्ति की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की। इस आयोजन का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल गुप्ता ने किया। इस यात्रा का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रप्रेम को प्रबल करना और राष्ट्रीय एकता व अखंडता के महत्व को उजागर करना था। यात्रा में युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ पूरे कस्बे में मार्च किया। यात्रा खमरिया कस्बे की विभिन्न सड़कों से गुजरते हुए गोबिंद शुगर मिल यार्ड में संपन्न हुई।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता राहुल शुक्ला, योगेश अवस्थी, सुनील मिश्रा, दिलीप पांडे, कमलाकांत मौर्य, अनिल गौतम, लवकुश शुक्ला, मनोज चौधरी और अभिषेक गुप्ता उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी खमरिया थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश राय ने अपने दलबल के साथ निभाई। शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुई इस तिरंगा यात्रा ने खमरिया में देशभक्ति की अलख जगा दी।

## मेडिकल कालेज में साइटोपैथोलॉजी लैब का शुभारंभ

- इस जांच से सभी प्रकार की गांठों के प्रकृति का शीघ्र पता लगाने में मिलेगी मदद

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल खीरी में शुक्रवार को साइटोपैथोलॉजी लैब का शुभारंभ सदर विधायक योगेश वर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रो डॉ वाणी गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राज कुमार कोली, विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी डॉ कंचन गर्ग, विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी डॉ मीनाक्षी शर्मा, मेडिकल कालेज के



अन्य संकाय सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेश वर्मा ने बताया कि इस जांच से सभी प्रकार की गांठों के प्रकृति का शीघ्र पता लगाने में मदद मिलती है, पहले इस जॉच के लिए लखीमपुरवासियों को बड़े शहर जाना पड़ता था, लेकिन अब ये सुविधा मेडिकल कालेज में ही उपलब्ध है। प्रधानाचार्य प्रो डॉ वाणी गुप्ता ने बताया कि साइटोपैथोलॉजी लैब जैसे उन्नत लैब की स्थापना महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सेवाभावी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पैथोलॉजी विभाग की हेड डॉ कंचन गर्ग ने बताया कि साइटोपैथोलॉजी की जाँच में सूई के माध्यम से गाँठों की साधारण व कैंसर प्रकृति का शीघ्र पता लगाने की मदद मिलती है एवं यह टीबी की जाँच, स्तन कैंसर, लीवर कैंसर व अन्य प्रकार की गाँठों में की जाने वाली प्रथम जांच है। अन्त में अतिथियों ने लैब का निरीक्षण किया एवं उपकरणों एवं तकनीकों की सराहना की।

## प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल के तहत प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ वाणी गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आरके कोली, डॉ सोमेश राजू, डॉ विनीत कुमार मेडिकल कॉलेज के अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रशासनिक अधिकारी तथा आमजन भी उपस्थित रहे। जन औषधि केंद्र की स्थापना भारत सरकार के फार्मास्युटिकल्स विभाग द्वारा संचालित जन औषधि



योजना के अंतर्गत की गई है एवं इसका उद्देश्य देशभर में गुणवत्तायुक्त जेनरिक दवाओं को किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। यह केंद्र विशेष रूप से आमजन निम्न आय वर्ग ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों और अस्पताल में इलाज हेतु आने वाले मरीजों को लाभान्वित करेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने बताया कि यह केंद्र समाज के उन तबकों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा, जिन्हें महंगी दवाओं के कारण समुचित इलाज नहीं मिल पाता था। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को जन-सामान्य की पहुंच में लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ वाणी गुप्ता ने कहा कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय लखीमपुर खीरी जनसेवा को सर्वोपरि मानते हुए निरंतर प्रयासरत है। यह केंद्र न केवल मरीजों को राहत देगा बल्कि मेडिकल छात्रों को फार्मास्युटिकल प्रबंधन से जुड़ी वास्तविक समझ भी प्रदान करेगा। अंत में उपस्थित अतिथियों ने केंद्र का भ्रमण किया और इसकी व्यवस्थाओं की सराहना की। यह पहल निःसंदेह लखीमपुर खीरी की ग्रामीण जनता एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान सिद्ध होगी।

## ऊंचगांव में बिना सूचना के लगाई गई ग्राम चौपाल, ग्रामीण बोले- नहीं रख पाए अपनी बात

- गुप्त रूप से आयोजित हुई ग्राम चौपाल, वंचित रह गए कई ग्रामीण

**लखीमपुर खीरी (धौरहरा)।** विकास खंड धौरहरा की ग्राम पंचायत ऊंचगांव में मंगलवार को जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) दिनकर कुमार विद्यार्थी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सुमित कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी आलोक शुक्ला, ग्राम पंचायत सचिव राम मिलन और ग्राम प्रधान मौजूद रहे। ग्राम चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आंगनवाड़ी, शौचालय, पेंशन और राशन समेत संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही पंचायत



भवन का भी निरीक्षण किया गया। डीडीओ ने बताया कि चौपाल में केवल दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें एक रास्ते के निर्माण और दूसरी भूमि विवाद से जुड़ी थीं। संबंधित शिकायतकर्ताओं से प्रार्थना पत्र लेकर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, ग्राम चौपाल को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि चौपाल की सूचना पहले से नहीं दी गई, जिससे अधिकांश लोग शामिल नहीं हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि कई समस्याएं थी, जिन्हें वे अधिकारियों के समक्ष रखना चाहते थे, लेकिन गुप्त रूप से आयोजन होने के चलते वे वंचित रह गए। एक ग्रामीण ने बताया, गांव में तमाम परेशानियां हैं लेकिन हम अपनी बात नहीं कह सके। कुछ खास लोगों को बुलाकर खानापूर्ति कर ली गई। जब इस मामले में खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। डीडीओ दिनकर कुमार विद्यार्थी ने बताया कि ग्राम पंचायत में संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई और प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि आगे ऐसे आयोजनों में पारदर्शिता बरती जाएगी ताकि हर व्यक्ति अपनी बात जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचा सके।

## सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर लगे रोक, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग और समाज में फैलती अश्लीलता को लेकर स्थानीय सामाजिक संगठनों ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन शुक्रवार को एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता को सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स जैसे यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम पर तेजी से फैल रही अश्लील वीडियो, ऑडियो, फोटो और लेखों पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई।

**नाबालिगों पर पड़ रहा मानसिक व नैतिक असर:** ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान समय में अश्लील सामग्री बड़ी आसानी से नाबालिगों की पहुंच में आ रही है, जिससे उनकी मानसिक स्थिति व

- गोला में मिशन सामाजिक परिवर्तन के नेतृत्व में चला अभियान
- सोशल मीडिया निगरानी को लेकर उठाई सख्त कदमों की मांग



नैतिक मूल्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह स्थिति केवल बच्चों की सोच को विकृत करने तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में साइबर अपराध और अनैतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रही है।

**साइबर सेल को सक्रिय करने और जन जागरूकता की मांग:** ज्ञापन में साइबर क्राइम सेल को इस दिशा में अधिक सक्रिय करने, त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इस सामग्री के दुष्प्रभाव से अवगत कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

**ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ताओं समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल:** ज्ञापन सौंपने वालों में मिशन सामाजिक परिवर्तन के अध्यक्ष अधिवक्ता रमाकान्त चौधरी के अलावा विवेक कुमार गौतम, अशर्फीलाल गौतम, विक्रम सिंह, खलील अहमद, सरजीत कुमार, मनोज रावत, अनुज कुमार गौतम और संतोष भारती सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीन संगठनों की संयुक्त पहल

इस अभियान का नेतृत्व मिशन सामाजिक परिवर्तन, दलित शोषित जागरूकता मंच और बहुजन क्रांति वैचारिक जागरूकता मंच ने संयुक्त रूप से किया। इन संगठनों ने एकजुट होकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा, जिसमें सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री की सख्त निगरानी, उसे हटाने की ठोस व्यवस्था और ऐसे कार्यों में लिप्त व्यक्तियों या समूहों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग प्रमुख रूप से की गई।

# दुनिया में बढ़ी यूपी के उत्पादों की मांग, एक लाख 70 हजार करोड़ पहुंचा निर्यात

## सरकार के प्रयासों से आठ वर्षों में दोगुना हो गया प्रदेश का निर्यात, प्रमुख निर्यात उत्पादों में सबसे ज्यादा बढ़त इलेक्ट्रिकल मशीनरी व जुड़े उपकरणों की

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के निर्यात में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। योगी सरकार के प्रयासों से पिछले आठ वर्षों में प्रदेश का निर्यात दोगुना से अधिक हो गया है। वर्ष 2017-18 में जहां निर्यात 88,967.42 करोड़ रुपये था, वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा 1,70,340.95 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें प्रदेश के विविध उत्पादों की भागीदारी रही, जो दुनिया के 100 से अधिक देशों को भेजे गए। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने देश के शीर्ष निर्यातक राज्यों में अपनी जगह बनायी है। इतना ही नहीं योगी सरकार निर्यात को बढ़ाने के लिए नई निर्यात नीति तैयार कर रही है।

### नई निर्यात नीति तैयार कर रही योगी सरकार

योगी सरकार प्रदेश के निर्यात को और बढ़ाने के लिए नई निर्यात नीति तैयार कर रही है, जिसमें निर्यातकों के उत्पादों के प्रमाणीकरण लागत पर 25 लाख रुपये तक की सब्सिडी देने, निर्यात हब के रूप में जिलों का विकास, एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना का विस्तार, लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और निर्यातकों के लिए स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का विस्तार आदि शामिल है।

एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी के निर्यात में दोगुना का उछाल आया है। इसी के साथ दुनियाभर में उत्तर प्रदेश के उत्पादों की डिमांड बढ़ी है। वहीं पिछले कुछ वर्षों में सबसे अधिक अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, स्पेन, रूस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और चीन में यूपी के उत्पादों की डिमांड है। इन देशों में इलेक्ट्रिक उपकरण, परिधान, औषधीय उत्पाद, कालीन, चमड़ा और फर्टिलाइजर आदि का निर्यात तेजी से बढ़ा है। वहीं प्रदेश के प्रमुख निर्यात उत्पादों में सबसे ज्यादा बढ़त इलेक्ट्रिकल मशीनरी और उससे जुड़े उपकरणों की रही। वर्ष 2017-18 में इनका निर्यात 4,056.38 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में 38,756.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

### इन उत्पादों के निर्यात में हुई बढ़ोतरी

1. ऑटोमोबाइल निर्यात 14,737.85 करोड़ से बढ़कर 18,505.29 करोड़ हो गया।
2. फार्मा उत्पाद का निर्यात 9,114.30 करोड़ से बढ़कर 14,053.62 करोड़।
3. न्यूक्लियर मशीनें और बॉयलर का निर्यात 3,275.80 करोड़ से बढ़कर 7,297.03 करोड़।
4. प्लास्टिक उत्पाद का निर्यात 4,890.80 करोड़ से बढ़कर 6,727.13 करोड़।
5. लोहे और स्टील का निर्यात 3,855.69 करोड़ से बढ़कर 5,667.70 करोड़।
6. कालीन का निर्यात 4,048.12 करोड़ से बढ़कर 5,516.06 करोड़।
7. चमड़ा व उत्पाद का निर्यात 3,271.58 करोड़ से बढ़कर 4,695.24 करोड़।
8. वस्त्र (गारमेंट्स) का निर्यात 1,417.32 करोड़ से बढ़कर 4,352.33 करोड़।

# महिला अधिवक्ताओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग

समृद्धि न्यूज

लखनऊ,23 मई 2025 (यूएनएस)। लखनऊ बार एसोसिएशन के आगामी चुनावों में महिला अधिवक्ताओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर एक महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाई शुरू हो गई है। अधिवक्ता श्रेया श्रीवास्तव ने इस संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में एक याचिका दायर की है, जिस पर न्यायालय ने उत्तर प्रदेश बार काउंसिल और लखनऊ बार एसोसिएशन को नोटिस जारी किया है। अधिवक्ता श्रेया श्रीवास्तव की ओर से

**श्रेया श्रीवास्तव की याचिका पर हाईकोर्ट सख्त**

वरिष्ठ अधिवक्ता मो. वारिस फारूकी और रजनीकान्त दुबे ने माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दलीलें प्रस्तुत कीं। उन्होंने महिला अधिवक्ताओं को बार एसोसिएशन में उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। न्यायमूर्ति रंजन राय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने प्रस्तुत तथ्यों और तर्कों से संतुष्ट होकर इस मामले को गंभीरता से लिया।

## खबरें एक नजर में

### वाद-विवाद प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सी.एम.एस. छात्रा को



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर प्रथम कैम्पस की कक्षा-10 की मेधावी छात्रा तनिष्क मिश्रा ने नेशनल कान्फ्रेन्स-2025 के अन्तर्गत पर्यावरण एवं जैव विविधिता पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस (22 मई) के अवसर पर इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक भव्य समारोह में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री के.पी. मलिक ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु तनिष्क को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने विजयी छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की सराहना करते हुए पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण की दिशा में सतत प्रयासों हेतु प्रेरित किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

### फांसी से लटका मिला शव, पत्नी व सालों पर हत्या का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद के चौधराना में एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। उसकी पहचान वसीम (25) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अफेयर को लेकर वसीम और उसकी पत्नी शबाना के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। वसीम का शव घर में पंखे से लटका हुआ मिला। मृतक की मां सायरा ने बहू शबाना और उसके भाइयों पर हत्या का आरोप लगाया है। सायरा ने बताया- कल शाम को किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। शबाना ने अपने भाइयों को बुला लिया। शबाना ने अपने भाइयों के साथ मिलकर वसीम के साथ मारपीट की। इसकी भी सूचना थाने में दी गई थी। मारपीट के बाद आज सुबह वसीम का शव पंखे से लटका मिला। मृतक की मां सायरा का आरोप है कि शबाना का किसी अन्य व्यक्ति से अफेयर था। इस कारण दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। वसीम और शबाना के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### संरक्षा संवाद संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के सभागार में आज मण्डल रेल प्रबन्धक ल गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) रजनीश गुप्ता एवं वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डॉ शिल्पी कन्नौजिया तथा शाखाधिकारियों की उपस्थिति में 'संरक्षा संवाद' संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'संरक्षा संवाद' संगोष्ठी के आरम्भ में मण्डल रेल प्रबन्धक ट्रेन संचालन के दौरान लखनऊ मण्डल के गोरखपुर परिक्षेत्र से जुड़े 'फ्रंटलाइन संरक्षा स्टाफ' स्टेशन अधीक्षक, यातायात निरीक्षक, लोको निरीक्षक, लोको पायलट, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पीवे, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/विद्युत, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/टीआरडी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/सिगनल एवं दूरसंचार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/समाडि तथा मेंन्टेनेंस कर्मचारियों के साथ उनकी दैनिक कामकाज में आने वाली दिक्कतों, जैसे ट्रैक एवं सिग्नल अनुरक्षण, पावर ब्लॉक व ट्रेन संचलन से संबंधित मुद्दे तथा संरक्षा नियमावली के उपयोग आदि पर चर्चा की गयी। मण्डल रेल प्रबन्धक ने उपस्थित शाखाधिकारियों एवं सुपरवाइजरों से संवाद स्थापित करते हुए उनसे कार्य की स्थिति में तथा ट्रेन संचालन में समग्र संरक्षा में सुधार के लिए सुझावों पर सार्थक विमर्श किया।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ का अधिवेशन आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ का प्रान्तीय द्विवार्षिक अधिवेशन, चुनाव 24 मई 2025 दिन शनिवार, समय 11.30 बजे से जवाहर भवन के सामने निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग सप्रू मार्ग के सभागार में प्रारम्भ होगा। निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ गृहण अपरान्ह 2.30 बजे सम्पन्न होगा। चुनाव अधिकारी हरिशरण मिश्रा अध्यक्ष राज्य कर्मचारी एसोसिएशन, सतीश कुमार पाण्डेय अध्यक्ष राज्य कर्मचारी महासंघ एवं जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ होंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। विशेष अतिथी धनन्जय शुक्ला, अपर आयुक्त राज्य कर को भी आमंत्रित किया गया है।

### सुन्नी कॉलेज में अवैध फीस वसूली की शिकायत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुन्नी इण्टर कालेज, नक्खास, लखनऊ जो एक सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान है, जहां पर अधिकतर गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। इस कॉलेज में सरकार द्वारा कक्षा एक से कक्षा आठ तक पूर्ण रूप से फीस माफ है परन्तु कालेज प्रबन्धन एवं प्रशासन अवैध रूप से फीस के नाम पर गरीब परिवारों के बच्चों से धन उगाही कर एवं अन्य अवैध कार्यों से अपनी निजी तिजोरियां भर रहा है। जिसमें कालेज के प्रधानाचार्य भी संलिप्त हैं। जिसके सम्बन्ध राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के कन्वेनर मोहम्मद आफाक ने जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ से शिकायत की है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में उपलब्ध नहीं थे जिसकी वजह से शिकायत उनके कार्यालय में सौंप दी।

### राज्य सूचना आयुक्त गिरिजेश चौधरी का निधन, हुई शोकसभा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य सूचना आयुक्त गिरिजेश चौधरी का निधन 22मई की रात्रि में हो गया है। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश सूचना आयोग परिवार अत्यन्त ही शोक संतृप्त है। प्रात:काल 11 बजे आयोग परिसर में दिवंगत आत्मा के परिवार एवं उनसे जुडेघ् स्नेहिल जन को दु:ख की इस घड़ी में उन्हें सहन करने की ईश्वर से, शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

#### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महिलाओं के लिए किए जा रहे यूपी सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा

# डबल इंजन सरकार में महिलाएं बनीं सशक्त, समृद्ध व सामर्थ्यवान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप आधी आबादी को पूरा अधिकार देने की दिशा मे डबल इंजन सरकार पूरी गम्भीरता व संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। महिलाओं को हर दृष्टि से सशक्त व सबल बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध व संकल्पबद्ध है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण रहेगी। डबल इन्जन सरकार में महिलाएं बनीं सशक्त, समृद्ध व सामर्थ्यवान बन रही हैं। देश व प्रदेश विकास की नयी ऊंचाइयों को छू रहा है, इसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वित्तीय सहायता,कौशल विकास व प्रशिक्षण देकर महिलाओं के हुनर को निखारा जा रहा है। विकसित भारत के निर्माण का आधार विकसित ग्राम है, गांवों का विकास आधी आबादी की भागीदारी के बगैर अधूरा है। महिलाओं के शैक्षिक, सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश मे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों व क्रियाकलापों के माध्यम से आजीविका संवर्धन के क्षेत्र मे लम्बी छलांग लगाई है, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन मे ग्राम्य विकास विभाग ने उनके क्रियाकलापों को गति देने व उन्हें प्रोत्साहित करने मे भी उल्लेखनीय कार्य किये हैं।

### विद्युत सखियों ने वित्तीय वर्ष 24-25 में 1045 करोड़ का बिल कलेक्शन किया

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विद्युत सखी कार्यक्रम में नई व बड़ी उपलब्धियां हासिल की गयी हैं। इस कार्यक्रम से जुड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाओं (विद्युत सखियों) ने वित्तीय वर्ष 24-25 में 1045 करोड़ रुपए का विद्युत बिल कलेक्शन किया है। वित्तीय वर्ष 25-26 में अब तक 169 करोड का कलेक्शन किया गया है। वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष 2021-22 में 87 करोड़ रुपए 2022-23 में 262 करोड़ रुपए और वित्तीय वर्ष 2023 24 में 466 करोड़ रुपए विद्युत बिल कलेक्शन हुआ। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 24-25 में विद्युत कनेक्शन 1045 करोड़ रुपए पहुंच गयाप्योजना के प्रारंभ वर्ष 2020 से विद्युत सखियों ने विद्युत बिल वितरण कंपनियों डिस्काम के लिए 2000 करोड़ रुपए का राजस्व कलेक्शन करने में सफलता पाई है और 26.56 करोड रूपये का कमीशन अर्जित किया है। वित्तीय वर्ष 2024 25 में विद्युत सखी कार्यक्रम में एक कई उल्लेखनीय पडाव हासिल किये है। इसमें 438 विद्युत सखियों ने लखपति दीदी बनने में सफलता पाई है। इसके अलावा 2024-25 में विद्युत सखियों को लगभग 13.4 करोड रुपए कमीशन के रूप में प्राप्त हुए हैं।

### सीबीआई कार्यालय में घुसे युवक ने दारोगा को किया घायल

**लखनऊ।** हजरतगंज कोतवाली स्थित सीबीआई कार्यालय में घुसकर शुक्रवार एक युवक ने तीर मारकर दारोगा को घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि दारोगा वीरेंद्र के सीने में तीर लगा है। सीबीआई और पुलिस अन्य अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हालचाल लिया है। आरोपी के बारे में बताया जा रहा है कि वह पहले रेलवे कर्मचारी था। सन 1993 में एक रेलवे भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई ने उस समय एक मुकदमा दर्ज किया था। उसमें उस कर्मचारी की भी भूमिका पायी गई थी। इसके बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया था।

# सफाईकर्मियों को स्मार्ट बनाने व उनके लिए यूनिफार्म की उपलब्धता पर जोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ को सुंदर स्वच्छ सिटी बनाने को महापौर ने की बैठक**

**लखनऊ।** लखनऊ में नगर निगम स्मार्ट सिटी सभागार में महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। लखनऊ को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए महापौर ने सफाईकर्मियों को स्मार्ट बनाने और उनके लिए यूनिफार्म की उपलब्धता पर जोर दिया।

बैठक में नगर आयुक्त एवं अधिकारियों ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था के वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। महापौर ने कहा कि नगर निगम के समस्त जोनल अधिकारी को वार्डों के अनुसार सफाई कार्यों का नियमित रजिस्टर बनाना है। रजिस्टर की समय समय पर जांच होगी। वर्षा ऋतु को देखते हुए नाला-नालियों की समय से पहले ही स्वच्छता की जाये। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की अव्यवस्था न दिखायी दे। सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य है, स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ लखनऊ। हर नागरिक का सहयोग हमारा संबल है। शहरवासी ही हम तक शिकायतें पहुंचाते हैं, जिससे हम अपने कार्य का मूल्यांकन कर पाते हैं। जिस दिन शिकायतें आना बंद हो जायेगी। उस दिन तक नगर निगम को पीछे मुड़ कर नहीं देखना है।

### यूपी मदरसा बोर्ड के रिजल्ट जारी, 68 हजार स्टूडेंट्स ने दी थी परीक्षा

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड के रिजल्ट शुक्रवार को जारी हो गए। इस बार 68423 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। पासिंग पर्सेंट 87.66 आया है। मौलवी-मुंशी में 85.07 और आलिम में 94.62: छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। मौलवी (सेकेंडरी अरबी), मुंशी (सेकेंडरी फारसी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी अरबी, फारसी) की परीक्षाएं 22 फरवरी को समाप्त हुई थीं। 17 से 22 फरवरी के बीच हुई परीक्षा के लिए 88082 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। अल्पसंख्यक कैबिनेट मिनिस्टर ओम प्रकाश राजभर दोपहर 12.30 बजे ऑनलाइन रिजल्ट घोषित कर दिया गया। पूरे प्रदेश में मौलवी, मुंशी और आलिम की परीक्षा देने वाले छात्र अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

# पशुपालकों को बीमारी के बारे में किया जाए जागरूक

समृद्धि न्यूज

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मैस्टाइटिस नियंत्रण के संबंध में हुई बैठक**

**लखनऊ ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में मैस्टाइटिस के नियंत्रण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने दुधारू पशुओं में मैस्टाइटिस रोग के प्रभावी नियंत्रण हेतु सघन अभियान चलाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि व्यापक प्रचार-प्रसार की कार्ययोजना तैयार कर बीमारी से रोकथाम के लिए निर्धारित एसओपी की जानकारी पशुपालकों तक पहुँचाई जाये। पशु आहार के मानक निर्धारण व गुणवत्ता आदि के संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा नीति निर्धारित की जाये। उन्होंने पशुपालकों को जागरूक करने पर बल देते हुए कहा कि मैस्टाइटिस के लक्षण दिखने पर पशुपालकों द्वारा तत्काल पशु चिकित्सक से संपर्क किया जाए।

साथ ही, संक्रमित पशु को अन्य पशुओं से अलग रखने की सलाह दी जाए, ताकि बीमारी का प्रसार रोका जा सके। उन्होंने प्रदेश में 04 विश्वविद्यालयों को मेस्टाइटिस, बांझपन, नस्ल सुधार एवं अन्य संक्रामक बीमारियों एवं परजीवी नियंत्रण हेतु विशेष कार्यक्रम संचालित करने एवं पशुपालन विभाग से समन्वय करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। इससे पूर्व, प्रमुख सचिव पशुधन श्री के0 रवींद्र नायक ने प्रदेश में मेस्टाइटिस रोग के संबंध में जानकारी दी कि विभाग द्वारा संचालित मोबाइल वेटनरी यूनिट्स एवं विभागीय पशु चिकित्सालयों द्वारा पशुपालकों को दी जाने वाली पशु चिकित्सकीय सुविधा के अनुसार मेस्टाइटिस रोग के केस लगभग 10 प्रतिशत हैं। विभाग द्वारा सबक्लिनिकल व क्लीनिकल मैस्टाइटिस रोग की जांच व निदान हेतु समय-समय पर सी0एम0टी0 किट एवं अन्य आवश्यक औषधियों से उपचार किया जाता है। बैठक में पशुपालन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, विषय विशेषज्ञ सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) आदि उपस्थित थे।

### शक्ति भवन में निर्विरोध चुने गए महामंत्री व पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत

**लखनऊ ।** शक्ति भवन में आज निर्विरोध चुने गये पदाधिकारियों का विशेषकर महामंत्री पद पर निर्विरोध चुने गये आशीष तिवारी का भव्य स्वागत किया गया। उनको यहां के वरिष्ठ अधिकारियों ने माला पहना कर स्वागत किया। आशीष ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के न्यायोचित निस्तारण के लिये हर सम्भव प्रयास किया जायेगा एवं कार्मिक हित व विभाग हित में संघ द्वारा लगातार प्रयास किये जाएगें। इस कर्मचारी संघ में शक्ति भवन मुख्यालय पर कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसके सदस्य है। विद्युत क्षेत्र में इस संगठन की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। उ0प्र0 पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों के मुख्यालय ''शक्ति भवन'' के इस एक मात्र संगठन में पहली बार इतने पदों पर निर्विरोध चयन हुआ है।

# 'ओ' लेवल व 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की समय सीमा को बढ़ाया गया

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को 'ओ' लेवल एवं 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु योजना की समय-सीमा बढ़ा दी है। प्रशिक्षणदायी संस्थाएं 2 जून तक एवं इच्छुक अभ्यर्थी 14 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन पोर्टल पर किए जा सकते हैं। योजना केवल नीलिट राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से संचालित की जाएगी। सभी दिशा-निर्देश और आवेदन प्रारूप पोर्टल पर उपलब्ध हैं। डॉ. वंदना वर्मा निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने बताया कि संस्थाएं अपने आवेदन की हार्डकॉपी और आवश्यक अभिलेख 2 जून की सायं 5 बजे तक तथा अभ्यर्थी 14 जुलाई की सायं 5 बजे तक संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराएं।

### नर्सिंग छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में ई-रिक्शा चालक समेत चार गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ में बीते सोमवार को नर्सिंग छात्रा के साथ ई-रिक्शा में छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में ई-रिक्शा चालक और उसके तीन साथी शामिल है। डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित ने शुक्रवार को बताया कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो और छात्रा की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज आरोपितों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने फैजुल्लागंज निवासी ई-रिक्शा चालक सत्यम सिंह उसके साथी अनुज गुप्ता उर्फ आकाश, रंजीत चौहान और अनिल सिन्हा को गिरफ्तार किया है। चालक सत्यम सिंह पहले भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# ग्वालियर में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करे राज्य सरकार : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उच्च न्यायालय से शुक्रवार को ग्वालियर में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कराने का अनुरोध किया।

बसपा प्रमुख ने साथ ही आरोप लगाया कि जातिवादी सोच से ग्रसित कुछ अधिवक्ताओं द्वारा मूर्ति स्थापना का विरोध किया जा रहा है। बसपा प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को ÷एक्स÷ पर पोस्ट में कहा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर पीठ में अधिवक्ताओं की मांग व उन्हीं के आर्थिक सहयोग से परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाने की अनुमति उच्च न्यायालय ने दी थी तथा अदालत के निर्देश में ही स्थान का चयन किया एवं चबूतरा बनाया गया व मूर्ति भी बनकर तैयार हुई। उन्होंने अपने सिलसिलेवार पोस्ट में आरोप लगाया किन्तु कुछ जातिवादी सोच से ग्रसित अधिवक्ताओं द्वारा मूर्ति स्थापना का विरोध किया जा रहा है। मायावती ने कहा सोशल मीडिया पर भड़काऊ वक्तव्यों के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं की गई।

# रेरा ने पंजीकृत परियोजनाओं के प्रचार व प्रसार के लिए जारी कीं नियम व शर्तें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भू-सम्पदा सेक्टर में उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण तथा व्यवसायिक पद्धतियों और संव्यवहारों में एकरूपता और मानकीकरण के दृष्टिगत सरकार द्वारा भू-सम्पदा विनियमन एवं विकास अधिनियम, 2016 बनाया गया है।

भू-सम्पदा अधिनियम के प्रभावी होने के उपरांत संप्रवर्तक विकासकर्ता भू-सम्पदा परियोजना को रेरा में पंजीकृत कराये बिना विज्ञापित, विपणित, बुक, विक्रय या विक्रय करने की प्रास्थापना अथवा क्रय के लिए व्यक्तियों को आमंत्रित नहीं कर सकता है। अध्यक्ष भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण रेरा संजय आर भूसरेडडी ने बताया कि किसी भी उत्पाद के विक्रय में विज्ञापन प्रचार-प्रसार की अहम भूमिका होती है। उपभोक्ता तक प्रमाणिक तथा वास्तविक उत्पाद पहुँचाने के लिए सत्य एवं सटीक विज्ञापन किया जाना आवश्यक है। भू-सम्पदा विनियमन एवं विकास अधिनियम-2016 की धारा-25 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उपभोक्ताओं के हितों की संरक्षा के दृष्टिगत भू-सम्पदा परियोजनाओं के पंजीयन के उपरान्त तत्संबंधी विज्ञापन को प्रमाणिक बनाने हेतु परियोजना के प्रचार-प्रसार में नियम व शर्तें निर्धारित की गयी है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक प्रचार सामग्री जैसे कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया, आवेदन पत्र, आवंटन पत्र, ब्रोशर, बीबीए आदि में पंजीकरण प्रमाणपत्र (फॉर्म सी) में दिया गया क्यूआर कोड.रेरा, पंजीकरण संख्या, वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्.नच.तमतं.पद तथा परियोजना कलेक्शन बैंक अकाउंट नम्बर सहित परियोजना के पंजीयन हेतु निर्गत फॉर्म-सी प्रमाण-पत्र को प्रधान कार्यालय, साइट कार्यालय और ग्राहक संबंध प्रबन्धक कार्यालय पर अधिमानतः ।3 आकार के फ्रेटो फ्रेम में प्रदर्शित किया जायेगा। भवनों के नियोजन, परिकल्पना एवं निर्माण पद्यतियों गतिविधियों के संबंध में अद्यतन एनबीसी एवं भवन निर्माण सामग्रियों की विशिष्टियों एवं गुणवत्ता नियंत्रण के संबंध में अद्यतन आईएस कोड के प्राविधानों का अनुपालन किया जायेगा। विद्युत सुरक्षा मल्टी प्वाइन्ट कनेक्टिविटी के संबंध विद्युत नियामक आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**प्रगति**

#### यूपी में योगी सरकार की नीतियों से फार्मा उद्योग को मिली नई उड़ान

# निवेशमित्र सिंगल विंडो पोर्टल, फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए वरदान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू किया गया निवेशमित्र सिंगल विंडो पोर्टल, फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस पेपरलेस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फार्मा इंडस्ट्री में अब तक 1,71,404 लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिससे प्रदेश में फार्मा उद्योग को अभूतपूर्व गति मिली है।

साथ ही उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण नीति 2023 के लागू होने और केंद्रीय औषधि मानक संगठन के समन्वयन से प्रदेश के फार्मा उद्योग में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में वृद्धि हुई है। सीएम योगी की इस पहल ने यूपी के फार्मा उद्योग में न केवल निवेश को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोजगार सृजन को भी नया आयाम दिया है।

उत्तर प्रदेश में फार्मास्युटिकल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में निवेश मित्र सिंगल विंडो पोर्टल और उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 को लागू किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में फार्मा क्षेत्र में न केवल निवेश को प्रोत्साहन मिला है साथ ही विनिर्माण और रोजगार सृजन में भी वृद्धि मिली है। सिंगल विंडो पोर्टल के जरिए पेपरलेस आनलाइन माध्यम से फार्मा उद्योग में पिछले तीन वर्षों में लगभग 2,845 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिसमें विनिर्माण, रक्त केंद्रों और औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का योगदान शामिल है। जिसके तहत वर्ष 2022-23 से 2024-25 के बीच विनिर्माण क्षेत्र में 167 इकाइयों की स्थापना के साथ लगभग 3,340 रोजगार सृजित हुए। रक्त केंद्रों में 195 इकाइयों के साथ औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों की 32,475 इकाइयों की स्थापना के साथ क्रमशः 1,365 और 64,995 रोजगार सृजित हुए। सीएम योगी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से बनाई गई उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 के लागू होने से प्रदेश में फार्मा उद्योग को और बल मिला।

### योगी सरकार ने दृष्टिबाधित शिक्षा को दी नई दिशा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दिव्यांग सशक्तीकरण को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य न केवल मानवीय संवेदनाओं को प्रकट कर रहे हैं, बल्कि यह भी दर्शा रहे हैं कि राज्य सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के भाव को वास्तविकता में कैसे परिवर्तित कर रही है। दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार ने ब्रेल प्रेस के संचालन में उल्लेखनीय कार्य किया, जो आज दिव्यांगजनों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता की नींव बन रहे हैं।वर्तमान में दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के अंतर्गत कुल 5 ब्रेल प्रेस संचालित किए जा रहे हैं। ब्रेल प्रेस के माध्यम से प्रदेश के दृष्टिबाधित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न विषयों की पाठ्यपुस्तकों को ब्रेल लिपि में प्रकाशित कराया जा रहा है। यह व्यवस्था न केवल दिव्यांग छात्रों को समान शिक्षा का अवसर दे रही है, बल्कि उनके आत्मबल को भी सुदृढ़ कर रही है। विशेष रूप से लखनऊ स्थित राजकीय ब्रेल प्रेस की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। यहां से उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाई स्कूल तक की सभी विषयों की पुस्तकें ब्रेल लिपि में उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे राज्य के सैकड़ों दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को समय पर और सही सामग्री मिल रही है। यह सुनिश्चित करता है कि उन्हें मुख्यधारा की प्रतियोगी शिक्षा में कोई कमी न झेलनी पड़े। इस उल्लेखनीय कार्य के लिए भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2019 में लखनऊ ब्रेल प्रेस को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया था।

# खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा, कार्रवाई शून्य

## काली सड़क के किनारे करीब 14 बीघा का है खलिहान, लोगों की शिकायत पर राजस्व विभाग ने जारी की नोटिस

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर धोबियाहार बाजार में खलिहान की जमीन पर अवैध तरीके से दो दर्जन से अधिक लोगों ने कब्जा कर रखा है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर राजस्व विभाग ने नोटिस जारी कर जांच की। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लिहाजा एक बार फिर ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की है।

आरोप है कि रामपुर धोबियाहार बाजार में काली सड़क के किनारे करीब 14 बीघा का खलिहान है। जिसमें पहले किसान अपनी पकी फसलों की मड़ाई करते थे। लेकिन अब धीरे धीरे मड़ाई का कार्य बंद हो गया है। इसी खलिहान में गन्ना क्रय केंद्र लगाया जाता है। खलिहान के किनारे करीब दो दर्जन से अधिक लोगों ने पक्की व कच्ची दुकान बना कर कब्जा कर लिया है। दूसरे व्यक्ति को दो हजार रुपए प्रति माह से दुकान किराए पर देकर व्यवसाय कर रहे हैं।ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बीते दिनों में उप जिलाधिकारी नानपारा से की गई थी। शिकायत के बाद कब्जेदारो को लेखपाल ने नोटिस जारी किया था।



करीब दो महीने बीत जाने के बाद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। लिहाजा निरंकार वर्मा ने पुनः सीएम पोर्टल पर ऑनलाइन एवं डीएम को शिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि जिसपर राजस्व टीम ने झूठी रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को गुमराह कर दिया। जिससे स्थानीय लोगों में विभाग के प्रति भी काफी आक्रोश है। गांव निवासी हिमांशु वर्मा ने उपजिलाधिकारी नानपारा लालधर यादव से भी शिकायत की है।

उपजिलाधिकारी नानपारा लालधर यादव ने बताया कि जांच करवाते हैं। गुरुवार की देर शाम लेखपाल शुभम यादव व अरुण जांच के लिए पहुंचे उनके द्वारा कब्जेदारो को खलिहान खाली करने की हिदायत दी है। हिमांशु वर्मा ने शुक्रवार को जिलाधिकारी मोनिका रानी से भी शिकायत की। इस मामले को लेकर उप जिलाधिकारी नानपारा लालधर यादव ने बताया कि हल्का लेखपाल को भेजे थे। रिपोर्ट बनाकर कार्यवाही की जाएगी।

## रिसिया में आबादी के बीच डाला जा रहा है कचरा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रिसिया नगर पंचायत के वार्ड गायत्री नगर व मोहम्मद नगर में स्थित गौशाला के पास सफाई कर्मचारी आवासीय क्षेत्र में कूड़े का ढेर लगा रहे हैं। जिससे स्थिति यह है की इस कूड़े के ढेर से कई समस्याएं पैदा हो रही है और मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है। पूरी सड़क पर गंदगी पड़ी रहती है। जबकि इस सड़क पर जिम्मेदार अधिकारी गौशाला का निरीक्षण करने भी जाते हैं लेकिन उनकी नजर इस ओर नहीं जा रही है।

**बढ़ा बीमारी फैलने का खतरा जल निकासी की बनी समस्या**

**बरसात मे होती है मुसीबत :** बारिश के मौसम में पूरे वार्ड का पानी एक छोटे से तालाब में गिरता है और तालाब से जल निकासी न होने के अगल बगल के घरों मे पहुंच जाता है, जिसके साथ मे कूड़ा भी पहुंच जाता है जो गंदगी से लबालब रहता है, लेकिन जिम्मेदार को फोन करने पर सिर्फ दिलासा ही देते हैं।

**आबादी से लेकर गौशाला तक फैल सकती है बीमारी :** जिस तरह से आबादी और गौशाला के पास गंदगी फैली हुई है। उस हिसाब से तो बीमारी भी फैल रही है। लेकिन जिम्मेदार उसी रास्ते से होकर निकलते हैं लेकिन उस ओर उनका ध्यान ही नही जा रहा है और तो और नगर पंचायत में बैठे जिम्मेदार तो देखने तक नही आते हैं सिर्फ सफाई कर्मचारी कूड़े को लेकर आते हैं और ढेर लगाते चले जाते हैं।

**एक तो तालाब से गंदगी ऊपर से कूड़े के ढेर से गंदगी :** तालाब मे जमा पानी से लोगों के लिए मुसीबत पैदा कर सकती हैं एक ओर सरकार बीमारी से बचने के पानी जमा न होने की बात करके जागरूकता फैली रही है वही नगर पंचायत रिसिया आबादी के बीच तालाब मे पानी जमा कर और सड़क पर कूड़े का ढेर लगाकर बीमारी फैला रही है, लेकिन इस समस्या से बेखबर है।

## मझरा गांव में बाढ़ पर अंकुश लगाएगा नाला खुदाई

**बहराइच।** ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ पर अंकुश के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। उसी के तहत नदी से लगे क्षेत्र में नाला निर्माण व सफाई करवाया जा रहा है। जिससे पानी सीधे नदी में जा सके, बाढ़ की स्थिति न बने। मिहींपुरवा विकास खंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। इस क्षेत्र में घाघरा, गेरुआ व कौड़ियाला नदी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न करती है। इसको देखते हुए अभी से बाढ़ की तैयारी शुरू कर दी गई है। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझरा में मनरेगा के तहत नाला खुदाई व सफाई का कार्य शुरू हुआ है। खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि नाला निर्माण से बरसात के समय पानी गांव में न रुककर सीधे नदी में चली जाएगी। इससे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।500 मीटर नाले का निर्माण किया जा रहा है। नाला खुदाई कार्य का मनरेगा डीसी सतीष कुमार पांडेय ने गुरुवार को निरीक्षण किया। उन्होंने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार तिवारी के साथ कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बीडीओ विजय शर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# जबरन जमीन कब्जाने को लेकर बड़ागांव में विवाद

समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव में ज़मीन कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में तनाव ने हिंसक रूप ले लिया। घटना में छह लोग घायल हो गए। यह विवाद तब भड़का जब एक पक्ष के व्यक्ति ने बिना न्यायालय आदेश के जबरन कब्जे का प्रयास किया।

ग्राम श्यामपुरवा, बड़ागांव निवासी अमित पुत्र तेजनरायण और भगवानदास गिरि पुत्र जगदम्बिका के बीच काफी समय से एक भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। 20 मई 2025 को थाना प्रभारी द्वारा दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझाया गया था कि जब तक न्यायालय का कोई आदेश नहीं आता, तब तक यथास्थिति बनाए रखी जाए। इसके बावजूद 22 मई को अमित ने विवादित भूमि पर नादा डालकर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। इस प्रयास के चलते दोनों पक्षों के बीच जमकर कहासुनी और फिर मारपीट हुई, जिसमें छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके

**छह घायल, अमित समेत छह पर मुकदमा हुआ दर्ज**

पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा और तत्काल कार्रवाई शुरू की। भगवानदास गिरि की ओर से दी गई तहरीर पर अमित सहित छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों में कमलेश, विपिनचन्द्र, घनश्याम, आशुतोष, अवधेश और अमित शामिल हैं, जो सभी ग्राम श्यामपुरवा, बड़ागांव के निवासी हैं। थाना विशेश्वरगंज में मुकदमा संख्या 138/2025 धारा 115(2), 352/351(3)/191(1)/324(2)/125/333 बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया है। थाना प्रभारी ज्ञान सिंह ने बताया कि घटना में भगवानदास गिरि की ओर से तहरीर प्राप्त हुई, जिसके आधार पर अमित और अन्य पांच लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना जारी है और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### फर्जी सिम एक्टिवेट करने वाला जियो स्टोर कर्मचारी गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** 22 मई को साइबर क्राइम मुख्यालय लखनऊ से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना धानेपुर व जनपदीय साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा धानेपुर कस्बे के जियो स्टोर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान स्टोर के कर्मचारी विवेक कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 अदद फर्जी सिम प्राप्त किए गए। जांच में पाया गया कि अभियुक्त विवेक कुमार द्विवेदी ने फर्जी दस्तावेज और बिना जान-पहचान के लोगों के नाम पर सिम कार्ड एक्टिवेशन किया था। एक्टिवेशन के दौरान अल्टरनेट नंबर के रूप में फर्जी और अनजान व्यक्तियों के मोबाइल नंबर दर्ज किए गए थे, जो अपराध में शामिल होने वाले असली अपराधियों की पहचान छुपाने के लिए किया जा रहा था। अभियुक्त विवेक कुमार द्विवेदी के विरूद्ध थाना धानेपुर पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 318(4) एवं 336(4) के तहत विधिक कार्रवाई की गयी।

### पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष निर्मल श्रीवास्तव सहित छह पर केस

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली के मालवीय नगर निवासी मीरा श्रीवास्तव पत्नी अम्बरीष श्रीवास्तव ने तहरीर दिया कि गुरुवार को दोपहर करीब ढाई बजे उस के पति मोबाइल पर फोन आया कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव उर्फ निर्मल श्रीवास्तव ने राम कृपाल तिवारी निवासी राजा मोहल्ला बुलाया है। इस पर उस के पति अम्बरीष कुमार राजा मोहल्ला राम कृपाल तिवारी के घर के पास चले गए। वहीं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अपने छह साथियों के साथ पहुंच गए और रिपीटर बंदूक से फायर करने लगे। बंदूक नहीं चल पाई तो उस के बट से हमला कर मरणासन्न कर दिया। पहले से इन लोगो से पुरानी रंजिश चल रही है। जिस को लेकर हमला किया गया है। घायल अवस्था में इलाज के लिए अम्बरीष को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया। नगर प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपेश कुमार उर्फ निर्मल श्रीवास्तव उनके भाई राजेश उर्फ विमल श्रीवास्तव आयुष श्रीवास्तव दीपांशु श्रीवास्तव हिमांशु श्रीवास्तव राम कृपाल श्रीवास्तव के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया।

जल्द पूरा कराएं सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण

### मिहींपुरवा क्षेत्र में बन रहे 37 आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य अधूरा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद के विकास खंड मिहींपुरवा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों का डीसी मनरेगा ने निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केंद्रों का निर्माण पूरी कर उसे विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। विकास खंड मिहींपुरवा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण चल रहा है। खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि 37 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण चल रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता और जल्द निर्माण पूरा कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने डीसी मनरेगा को निरीक्षण के निर्देश दिए। गुरुवार देर शाम को उपायुक्त मनरेगा सतीष पांडेय ने चार स्थानों पर अर्द्ध निर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिया। डीसी मनरेगा ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा कर संबंधित को आंगनबाड़ी केंद्रों का हस्तांतरण करें, जिससे समय से बच्चों का दाखिला शुरू हो सके। गर्भवती महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके।

### राजकीय इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कैसरगंज के अंतर्गत ऐमा चक सौगहना स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन चल रहा है। 21 मई से 10 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति व बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह समर कैम्प नई शिक्षा नीति 2022 के तहत सरकार की एक पहल है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके। समर कैम्प का शुक्रवार को तीसरा दिन है। प्रतिदिन योगाभ्यास से इसकी शुरुआत होती है। आज बच्चों को मिट्टी के बर्तन बनाने और रंगोली बनाने के बारे में बताया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया इन गतिविधियों का निर्देशन डा फसीउर्रहमान प्रवक्ता उर्दू और डॉ तबरेज अहमद प्रवक्ता जीव विज्ञान द्वारा किया गया। इससे पूर्व के दिनों में रस्साकशी, खो खो, फुटबाल आदि गतिविधियाँ करायी गईं। सचिन मौर्या और चेतराम ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य विजेन्दर कुमार ने समर कैम्प के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को इस में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# मनमाने दामों में यूरिया बेच रहे हैं दुकानदार

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** शासन-प्रशासन की सख्ती के बावजूद जनपद में खुलेआम किसानों का शोषण हो रहा है और गोंडा की महत्वपूर्ण नगदी फसल मानी जाने वाली गन्ने में टॉप ड्रेसिंग के दौरान अपना अहम भूमिका निभा रही यूरिया खाद गायब है या तो उपलब्ध भी है तो दुकानदार मनमाने रेट में बेचकर किसानों का शोषण कर रहे हैं।

तहसील सदर अंतर्गत जिगना बाजार में खाद विक्रेता अन्नी के यहां



यूरिया की खरीदारी करने के लिए पहुंचे किसान ने जब यूरिया की मांग की तो उन्होंने कहा 350 रुपए दे दीजिए और जैसे ही इतना अधिक दाम बताने की किसान द्वारा टिप्पणी की जाने लगी तो दो टूक शब्दों में अन्नी ने कहा कि मेरे पास यूरिया नहीं है। जबकि दूसरी तरफ कृषि विभाग के जिम्मेदार तथा जिलाधिकारी किसानों की सुविधा के लिए दिन-ब-दिन बैठक करके संबंधित के लिए निर्देश जारी करके किसानों को मिलने वाली हर एक सुविधाओं पर फोकस करते हुए आवश्यक निर्देश देती रहती हैं। लेकिन इन सारे निर्देशों का दुकानदारों पर न तो कोई प्रभाव पड़ता है और न ही इन पर कार्रवाई होती है। वही इस संबंध में जब जिला कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार से बात की गई तो उन्हें बताया कि ऐसी कोई सूचना नहीं थी मेरे पास, तत्काल जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## ऊर्जा मंत्री आज करेंगे बेलसर व धानेपुर के नवनिर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी अपने एक दिवसीय दौरे पर 24 मई शनिवार को गोण्डा जनपद पहुंचेंगे।इस दौरान वहां पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे और जनसभा को संबोधित कर केंद्र और राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की लोगों को जानकारी देंगे। नगर विकास मंत्री जी शनिवार को पूर्वान्ह 11.30 बजे गोण्डा जिले की नगर पंचायत बेलसर के नवनिर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे और नगर पंचायत के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 12.00 बजे तरबगंज की जन सहयोग केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में गोण्डा जनपद की सभी नगरीय निकायों के विकास परक योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मंत्री जी शाम 4.00 बजे गोण्डा जिले की नगर पंचायत धानेपुर के नवनिर्मित कार्यालय भवन का भी लोकार्पण करेंगे तथा नगर पंचायत की विभिन्न विकासपरक योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे तथा वहां पर आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

# यात्रा को सुगम बनाने के लिए कई ट्रेनों के ठहराव की उठाई मांग

समृद्धि न्यूज

**मनकापुर/गोंडा।** शुक्रवार को रेलवे स्टेशन मनकापुर की विभिन्न समस्याओं को लेकर मानस मंगल दल सेवा समिति के संस्थापक आर के नारद ने क्षेत्रीय रेल परामर्श दात्री पंकज कुमार श्रीवास्तव के मनकापुर आगमन पर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में रेलवे स्टेशन पर देश के कोने-कोने से आने वाले तीर्थयात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए वैशाली एक्सप्रेस, जम्मू तवी एक्सप्रेस, एलटीटी एक्सप्रेस ट्रेनों सहित सभी गाड़ियों का ठहराव मनकापुर स्टेशन पर करने की बात रखी गई।

यात्रियों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था स्वचालित, ओवर ब्रिज ग्राम वासियों को इस पार से उसे पार जाने के लिए ओवर ब्रिज लिफ्ट की व्यवस्था, स्टेशन पर की रूम की व्यवस्था, मनकापुर स्टेशन का वृहद सुंदरीकरण खराब पड़े पोल लाइट पानी की टोटियां दुरुस्त करने, सभी प्लेटफार्म पर छाजन बढ़ाने,



इंडिया मार्का नल लगाने, प्लेटफार्म नंबर दो तीन के मध्य बड़ा विश्रमालय, प्रतीक्षालय का निर्माण, वर्षों से बंद पड़े खान- पान कैंटीन को खुलवाने, स्टेशन को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सभी प्लेटफॉर्मों के अंतिम छोर से दूर कूड़ा घर का निर्माण, यात्रियों को ठंडा पानी मुहैया कराने के लिए सभी प्लेटफार्म पर वाटर कूलर की व्यवस्था, रेलवे के मुख्य सीसी मार्ग को दुरुस्त कराने तथा अन्य समस्याओं को बताया गया।

क्षेत्रीय रेल परामर्श रात्रि ने कहा कि मनकापुर की समस्याओं को संज्ञान लिया जाएगा और इसे ऊपर तक पहुंचाया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अमित कुमार वर्मा, महेंद्र यादव, दानिश, राजदीप, अमरदीप, राज, दुर्गा पंडित, शिवकुमार, राम गणेश, राम धीरज वर्मा आदि शामिल रहे।

## महिला आयोग की सदस्य उठाएंगी शिवकुमारी की शादी का पूरा खर्च

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के धन्नी पुरवा गांव में मृतक शिवदीन के परिवार से मुलाकात की, उन्होंने मृतक की बहन शिवकुमारी की शादी का पूरा खर्च उठाने का निर्णय लिया। शादी पांच जू न को गोंडा में होगी और शादी कराने की जिम्मेदारी यूपी राज्य महिला आयोग ने ली है। बीते चौबीस अप्रैल की रात को बदमाशों ने चोरी के दौरान शिव दीन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके चलते उसके बहन शिवकुमारी की शादी पांच मई को होने वाली टल गई थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराया। दोनों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम था। चार अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इनमें से दो मुठभेड़ में घायल हुए थे। मृतक शिवदीन की मां ने रोते हुए महिला आयोग की सदस्य से जेल में बंद आरोपियों के लिए कठोर सजा की मांग की है। ऋतु शाही ने बताया कि ये आरोपी गोंडा में आतंक का पर्याय बन चुके थे।

# बॉलीवुड अभिनेता रजा मुराद ने की मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** विधानसभा तरबगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत,माधवपुर गजाधर पुरवा में बुधवार को एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना जहां हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता रज़ा मुराद गांव के एक पारिवारिक तिलक समारोह में शिरकत करने पहुंचे, सुशील तिवारी के पारिवारिक सदस्य विवेक ओझा के तिलक उत्सव कार्यक्रम में बीते कई दिनों से रज़ा मुराद के आगमन की खबर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चर्चा का विषय बनी हुई थी और आम जनमानस में उन्हें देखने की बड़ी उत्सुकता रहीं जैसे ही अभिनेता कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे गजाधर पुरवा गांव में हजारों की संख्या में उनके फैंस उमड़ पड़े,और कार्यक्रम स्थल पर ही फोटो खिंचवाने की होड़ लग गई।

कोतवाली देहात पुलिस उनकी सुरक्षा में तैनात रही, गोपनीय विभाग की पैनी नजर रहीं अभिनेता की लोकप्रियता और भीड़भाड़ की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन



एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किए थे।गोपनीय विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा का चाक-चौबंद इंतजाम किया गया। उन्होंने कहा कि सुशील तिवारी मेरे छोटे भाई जैसे हैं। मुराद ने कहा कि मैं एक कलाकार हूं और कला को समाज से जोड़ने में विश्वास रखता हूं। जब मेरे छोटे भाई समान सुशील तिवारी ने इस आयोजन में आने का निमंत्रण दिया,तो मैंने तुरंत हामी भर दी, वे न केवल एक सजग समाजसेवी हैं, बल्कि उन्होंने जन-जागरूकता के लिए कई लघु फिल्में शॉर्ट फिल्म्स भी बनाई हैं।

## एसपी ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**बहराइच।** जिले के एक स्कूल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में 10वीं व 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर प्रेरित किया गया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में एआईएमएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। जिसके पश्चात् एसपी ने शांति, बौद्धिकता एवं करुणा के प्रतीक भगवान बुद्ध की तस्वीर फ्रेम के रूप में भेंट स्वरूप प्रदान की। तत्पश्चात् जनपद स्तर पर 10वीं व 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरित किया व विद्यार्थियों को आगे भी अनुशासन, परिश्रम व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्रशासन इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारी/कर्मचारी व विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# चांदनी की मौत का जल्द खुलासा करेगी पुलिस

समृद्धि न्यूज

**इटियाथोक/गोंडा।** गोंडा जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही चांदनी एक दिन पहले लापता हुई चांदनी का शव शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के पास एक तालाब में तैरता हुआ मिला। रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

इटियाथोक पुलिस ने बताया कि चांदनी 18 वर्षीय हरैया झूमन गांव की



रहने वाली थी और पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी। वह गुरुवार सुबह चार ब जे अचानक घर से निकल गई थी। जब वह काफी देर तक नहीं लौटी तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन सफलता नहीं मिली। तब परिवार वालों ने जाकर इटियाथोक पुलिस को सूचना दी। अगले दिन शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे चांदनी का शव रेलवे स्टेशन से सटे मदरसे के पीछे स्थित तालाब में तैरता मिला। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना ग्राम प्रधान के पुत्र जावेद खान और शालू खान को सूचना दी, जिन्होंने मौके पर पुलिस को बुलाया।

### फॉरेंसिक टीम ने संकलित किए साक्ष्य

पुलिस ने चांदनी के शव को तालाब से निकलवा कर फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया। प्रारंभिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।इटियाथोक थाना प्रभारी निरीक्ष क शेषमणि पांडेय ने बताया कि चांदनी की मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही की जा सकेगी। मृतका के पिता शकील अहमद ने बताया कि उनकी बेटी चांदनी का मानसिक इलाज चल रहा था। वह पांच बहनों में सबसे छोटी थी और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। उसके चार भाई भी हैं। वही गांव के लोगों में भी चांदनी की मौत को लेकर शो क और चिंता का माहौल है। हर कोई यही जानना चाहता है कि यह मौत एक दुर्घटना थी या इसके पीछे कोई और सच्चाई छिपी है। ग्राम प्रधान के पुत्र शालू खान ने कहा कि चांदनी बानो जब लापता हुई थी, तभी से पूरे गांव के लोग उसे ढूंढने में जुटे थे। अब उसका शव मिलना हम सभी के लिए चौंकाने वाला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में घटना से सम्बंधित सच्चाई सामने आ जाएगी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा चांदनी की मौत का रहस्य

वही स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस तालाब में चांदनी बानो का शव मिला, वह सार्वजनिक स्थल है और अक्सर वहां बच्चे, महिलाएं और राहगीर आते-जाते हैं। ऐसे में शव का वहां पाया जाना कई सवाल खड़े करता है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और चांदनी बानो की मौत को हल्के में नहीं लिया जाएगा। फिलहाल परिजन पूरी तरह टूट चुके हैं और चांदनी बानो की मृत्यु को लेकर गहरे सदमे में हैं। गांव में भी मातम पसरा हुआ है। उनका कहना है कि पुलिस द्वारा की जा रही जांच से ही अब इस घटना के पीछे का सच सामने आ सकेगा।

# स्थानांतरित नगर मजिस्ट्रेट को दी भावभीनी विदाई



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जिले से स्थानान्तरित नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को भावभीनी विदाई दी गयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा सहित जिला स्तरीय

**टीम भावना के साथ कार्य करने का अनुभव अविस्मरणीय : प्रभाकर**

अधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व कलेक्ट्रेट सहायकों सहायकों द्वारा नगर मजिस्ट्रेट को उपहार, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर विदाई दी गई। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम, सीआरओ, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारीगण व अन्य अधिकारियों ने व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुशासी और सकारात्मक सोच रखने वाली अधिकारी के तौर पर प्रभाकर को याद किया जायेगा। श्रीमती प्रभाकर की एक खूबी यह भी थी कि सरकारी कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के अन्य कामों को भी पूरी संजीदगी के साथ अन्जाम देती थीं। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के मार्ग निर्देशन में एक टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए उन्होंने सभी सहयोगी अधिकारियों की सराहना की।विदाई समारोह का संचालन संदीप मिश्रा ने किया।

## अलग-अलग हादसों में युवक की मौत, एक घायल

**बहराइच।** जिले के मटेरा और बौंडी इलाके में सड़क हादसे हो गए। हादसों में श्रावस्ती निवासी युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। श्रावस्ती जिले के भिनगा कोतवाली के पयारघाट निवासी 30 वर्षीय हीरालाल क्षेत्र में आए थे। इसके बाद वह बाइक से वापस अपने गांव के लिए रवाना हुए। मटेरा इलाके के लक्ष्मणपुर गांव के पास पहुंचने पर मवेशी सामने आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में बाइक सवार टकरा कर घायल हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को नानपारा सीएचसी भेजवाया। यहां इलाज के दौरान मौत हो गई। बौंडी इलाके के खैरा बाजार निवासी 25 वर्षीय उमेश यादव गुरुवार रात ड्यूटी के लिए जा रहे थे। लखनऊ बहराइच मार्ग पर कीर्तनपुर के पास कुत्ते से बचने के लिए वह बाइक से गिरकर घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**टिप्पणी**

**अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा**

# ऑपरेशन सिंदूर रोककर देश की बहनों के साथ हुआ धोखा

**पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर कसा तंज, मुद्दों से ध्यान बटाती है भाजपा**



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** संविधान सम्मान और जनहित हुंकार यात्रा के तहत शुक्रवार को बहराइच शहर के एक निजी होटल पहुंचे पूर्व मंत्री व अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उनके निशाने पर केंद्र की मोदी सरकार रही।

उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण आज पूरे देश में महंगाई चरम पर हैं भाजपा सरकार में सरकारी नौकरियां खत्म सी हो गई हैं फलस्वरूप बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ी है।ऑपरेशन सिंदूर पर विवादित टिप्पणी से बचते हुए बोले, लेकिन तंज कसा। कहा कि आपरेशन सिंदूर को 24 घंटे के अंदर बंद करके देश की बहनों के साथ धोखा किया। उनके सिंदूर के साथ धोखा किया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नेहा सिंह राठौर पर सच कहने के लिए जगह-जगह एफआईआर दर्ज कराई जा रही है जो गलत है संविधान में सबको बोलने का अधिकार है। लेकिन भाजपा सरकार सच को दबाने की कोशिश कर रही है। अपना जनता पार्टी के मुखिया श्री मौर्य ने कहा कि संविधान नहीं बदल सके तो संविधान की अनदेखी कर रहे हैं। जाति और धर्म के आधार पर कार्रवाई हो रही है। जाति के आधार पर अनूसूचितजाति और अनूसचित जनजाति के हक छीन रहे हैं। धर्म के आधार मुस्लिम वर्ग के साथ अन्याय किया जा रहा है। इससे सभी को सावधान रहने की जरूरत है। देश के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा साजिश करती है। महंगाई और बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई प्रयास नहीं हो रहा है। नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही है। इससे सभी को सावधान रहने की जरूरत है। इसके लिए ही हम यह यात्रा लेकर निकले हैं। बहराइच शहर के आंबेडकर पार्क पहुंच कर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने शुक्रवार को जिले के टिकोरा, गजाधरपुर, कुंडासर कैसरगंज, जरवल कस्बा, जरवल रोड आदि स्थानों पर नुक्कड़ सभा कर लोगों को भाजपा की नीतियों से सावधान किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेंद्र प्रसाद,पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट संजीव मौर्य समेत आदि मौजूद रहें।

# 37 दिव्यांगजनों को 63 कृत्रिम अंग सहायक उपकरण किए गए वितरित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना अंतर्गत जनपद के दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम रतापुर स्थित सामुदायिक केन्द्र के परिसर में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक, सदर अदिति सिंह व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में विधायक सदर द्वारा दिव्यांगजनों के लिए सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला गया एवं दिव्यांगजनों को सरकार की समस्त योजनाओं से अवगत कराया गया। इसके पश्चात विधायक, सदर, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी चिन्हित पात्र 37 दिव्यांगजनों को कुल 63 उपकरण जिसमें ट्राई साइकिल 28, बैसाखी 26, व्हीलचेयर 5, स्मार्टकेन 4 वितरित किये गये, इसके अतिरिक्त 07 नवीन दिव्यंग्यानों का विभिन्न योजनाओं हेतु चिन्हांकन किया गया।

उपकरण प्राप्त लाभार्थियों द्वारा प्राप्त उपकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। उपकरण प्राप्त लाभार्थियों द्वारा सदर विधायक व जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। निःशुक्ल कृत्रिम उपकरण वितरण कार्यक्रम का संचालन एसएस पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी व लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

## मामूली बात पर बुजुर्ग को पीटकर किया लहूलुहान

**ऊंचाहार, रायबरेली।** मामूली बात पर मनबढ़ गांजा तस्कर ने बुजुर्ग को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसे परिजनों द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घायल ने आरोपित पर गांजा तस्करी करने का आरोप लगाया है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पूरे ओरीलाल मजरे खरौली निवासी बुजुर्ग नागेंद्र द्विवेदी का कहना है कि शुक्रवार की दोपहर वो गंगौली गांव स्थित इंटर कालेज स्थित खेतों की ओर गया हुआ था। आरोप है कि इसी बीच पूरे भटनिया मजरे कंदरावा निवासी एक गांजा तस्कर से उसकी मुलाकात हो गई और गांजा बेचने को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। इतने में मनबढ़ गांजा तस्कर ने उसे मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। घायल बुजुर्ग ने बताया कि आरोपित गांजा तस्करी का कार्य करता है। जो ससुराल में गांजा की खेप रखकर फुटकर बिक्री करता है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि तहरीर मामले की जांच कराई जा रही है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाई की।

## डीएम ने राणा बेनी माधव बख्श सिंह ऑडिटोरियम के निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ राणा बेनी माधव बख्श सिंह ऑडिटोरियम के निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना लगभग 21 करोड़ की है, परियोजना को पूर्ण करने की समय सीमा 31 जुलाई 2025 है, समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है फिनसिंग का कार्य शेष है जो कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य को मानक के अनुरूप समयबद्ध पूर्ण कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, यूपीपीसीएल के एई संदीप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्था प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्विफ्ट और स्कॉर्पियो में भिड़ंत, 11 घायल व पांच गंभीर

▸ **गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था परिवार**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे परिवार की स्कॉर्पियो व एक कार में जोरदार टक्कर हो गई। घटना में दोनों वाहनों पर सवार कुल 11 लोग घायल हो गए। यह देख अफरातफरी मच गई। आनन फानन सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां पांच की हालत नाजुक होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, पूरे कुर्मिन मजरे पुरबारा निवासी सुजीत कुमार शुक्रवार की सुबह अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ स्कॉर्पियो से चौबेपुर मजरे इटौरा बुजुर्ग गांव में गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

कबीर चौराहे के पास उनकी स्कॉर्पियो व लखनऊ से प्रयागराज की ओर जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार में सामने से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना में स्कॉर्पियो सवार सुजीत कुमार, उनकी मां पार्वती देवी, दादी रजनी देवी, ताऊ सुरेश कुमार, दादी तारावती, मौसेरी बहन अमिता निवासी पूरे पंडित पारी थाना जगतपुर व बुआ राजकुमारी निवासी पंडित का पुरवा थाना लालगंज अझारा जिला प्रतापगढ़ एवं कार सवार अमित श्रीवास्तव निवासी बिजनौर लखनऊ, राम कीरत यादव निवासी गोपालपुर देवगांव जिला आजमगढ़, पुनीत कुमार शुक्ला निवासी पकरपुर जिला बहराइच, प्रांशु पांडेय निवासी प्रयागराज घायल हो गए। वाहनों के टक्कर की तेज आवाज सुन आस पास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को वाहन से बाहर निकाला।

मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि घायल पुनीत कुमार शुक्ल, अमित श्रीवास्तव, प्रांशु पांडेय, रामकीरत यादव व रजनी देवी की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाल का कहना है कि घायलों का इलाज चल रहा है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को राजमार्ग से बाहर हटवाकर यातायात व्यवस्था बहाल कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पेंशनर भवन का किया लोकार्पण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित पेंशनर भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह भवन जनपद के पेंशनरों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी, जहां वे अपने सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशनरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस भवन के निर्माण से उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर पेंशनर भवन के निर्माण और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा




कि पिछले वर्ष पेंशनर दिवस के अवसर पर जनपद में पेंशन भवन बनाने की मांग की गई थी, इस पेंशनर भवन का निर्माण 17.57 लाख रुपए से कराया गया है, जिला प्रशासन के सहयोग से सीएसआर फण्ड से फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था कराई गई है। यह भवन आज पेंशनरों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों ने अपने सेवा कार्य के दौरान जनपद के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ,पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव, अपर जिला अधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल, पेंशनर एसोसिएशन से बीएन यादव, रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, बीएस सक्सेना, दयाराम यादव,आरबी वर्मा सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### रोड बनाने वाली मशीन का प्रेशर खराब, लगा भारी भरकम जाम

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बा अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की दोपहर 3:00 के आसपास उस समय जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब सड़क बनाने वाली एक मशीन राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिवगढ़ रोड को जाने वाली बाईपास के निकट खराब हो गई। जब मशीन के चालक से अधिक जानकारी प्राप्त की गई तो उसने बताया कि इस मशीन का उपयोग रोड बनाने में पत्थरों को बराबर करने में किया जाता है। मशीन का प्रेशर अचानक खराब हो गया है। जिससे मशीन के चारों पहिए जाम हो गए हैं और मशीन अपनी यथा स्थान से भी हिल नहीं सकती। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया की मशीन का आकार एवं वजन अत्यधिक होने के कारण इसे क्रेन से भी किनारे नहीं कराया जा सकता। मशीन के उक्त स्थान पर खराब होने से लखनऊ से रायबरेली जाने वाले वाहनों की एक लंबी कतार जाम के रूप में कई किलोमीटर तक लंबी लग गई। जिसके बाद उक्त स्थान पर भयंकर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। तत्पश्चात सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने मौके पर लगे भारी भरकम जाम को हटाया गया और आवागमन की स्थिति बहाल हो पाई। परंतु मशीन अपने यथा स्थान पर खराब ही खड़ी रही।

### पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में पुन: हुआ विवाद, मारपीट में एक युवक व युवती घायल

**बछरावां,रायबरेली।** पुराने विवाद के चलते पारिवारिक रंजिश में मिट्टी उठाने पर मौका पाकर हमला कर दिया गया। जिसमें एक युवक व युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम नीम टीकर में रामकुमार गुप्ता व राजकुमार गुप्ता दोनों भाइयों के बीच कुछ दिन पूर्व जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल भी हुए थे। मामला बछरावां पुलिस के पास आया पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के विरुद्ध कार्यवाही भी की गई थी। कुछ दिन तक तो मामला शांत रहा, परंतु शुक्रवार दोपहर रामकुमार की पुत्री मुस्कान एवं पुत्र मनोज कुमार के द्वारा बारिश होने के चलते, टपक रही छत पर मिट्टी डालने के लिए घर के बाहर लगे हुये ढेर से मिट्टी उठा रहे थे। इसी बात से आक्रोशित होकर राजकुमार गुप्ता की पत्नी मंजू देवी एवं उनके पुत्र अमन गुप्ता द्वारा दोनों पर हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। बताया जाता है, कि हमले में घायल मुस्कान गुप्ता का रायबरेली से गंभीर पेट रोग से पीड़ित थी। पिटाई के बाद उसकी हालत और गंभीर हो गई है। घायलों को परिजनों द्वारा तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मुस्कान को प्राथमिक उपचार के बाद जिला कर दिया गया है। तथा सूचना पुलिस को दी गई है। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्यागी ने बताया है, कि दोनों पक्षों से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### महाविद्यालय की अनूठी पहल, एक बेटी को विद्यादान

**डलमऊ, रायबरेली।** बेटियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने मैं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं डलमऊ कस्बे के महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय द्वारा पढ़े बेटियां बढ़े बेटियां अभियान के तहत एक अनूठी पहल का शुभारंभ किया गया है विद्यालय द्वारा एक बेटी को विद्यादान अभियान के तहत बीए एवं बीएससी में प्रवेश हेतु निर्धन, माता-पिता विहीन एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को महाविद्यालय के प्रयास एवं संस्था व व्यक्तियों के सहयोग से निशुल्क शिक्षा प्रदान करने की योजना बनाई गई है महाविद्यालय के प्रबंधक निरंजन सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत दान करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं की मदद से 50 छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी इस योजना में दानदाताओं को इनकम टैक्स में छूट भी मिल सकेगी विद्यादान योजना में आर्थिक सहयोग करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया जाएगा तथा विद्यादान योजना के तहत दान की रसीद पर आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाली छात्र का नाम प्रदर्शित किया जाएगा उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पढ़े बेटियां बड़े बेटियां अभियान के तहत महाविद्यालय द्वारा एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है जिससे समाज की निर्धन, माता-पिता विहीन एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 50 छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी प्रबंधक निरंजन सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा समय-समय पर बेटियों को उनके मुकाम तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते है जिससे बेटियां सफलता के शिखर पर पहुंच सकें और समाज के लिए नजीर बन सके

### मुकदमे से नाराज अधिवक्ताओं ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार

**उतरौला (बलरामपुर)।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अध्यक्ष सहित अन्य लोगों पर दर्ज मुकदमे को आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पूर्ण रूप से न्यायिक कार्य में सहयोग नहीं किया गया।अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य न करने से वादकारियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। गुरुवार को अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता सहित अन्य अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज होने की जानकारी होने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया और संघ की एक आपात बैठक दीवानी संघ भवन में हुई जिसमें दर्ज फर्जी मुकदमे को लेकर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब दर्ज फर्जी मुकदमे को स्पंज नहीं किया जाता है तब तक कोई भी न्यायिक कार्य अधिवक्ता सहयोग कर पाने में असमर्थ है। बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में शुक्रवार को सिविल न्यायालय व तहसील न्यायालयों पर अधिवक्ताओं ने कोई कार्य न करके विरोध दर्ज कराया। न्यायालय पर कोई भी कार्य न होने से वादकारियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

## ग्रामीणों ने लगाया आरोप, वर्षों से नहीं खुला सार्वजनिक शौचालय का ताला

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जहां एक ओर स्वच्छ भारत अभियान के तहत केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों मे बीमारियों से लोग बचे तथा गांव स्वच्छ और साफ दिखाई पड़े इसके लिए बाहर शौच के लिए लोग न जाए घर-घर शौचालय बनवाने का कार्य किया गया साथ ही गांव में भी सार्वजनिक शौचालय का निर्माण लाखों की कीमत में किया गया। जिन जिम्मेदारों के सहारे यह जिम्मेदारी रहती है जब वहीं जिम्मेदार अपने कार्य से मुंह मोड़ने लगेंगे तो जनता के टैक्स के पैसे से बना सार्वजनिक शौचालय महज शो पीस बनकर रह जाता है। अमावा विकासखंड क्षेत्र के पहरावां गांव के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हमारे




यहां जब से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण हुआ है तबसे यह शौचालय खुला ही नहीं है इसमें ताला लगा रहता है कुछ ग्रामीणों ने बताया कि 3 वर्षो से नहीं खुला कुछ ग्रामीणों ने बताया कि 5 वर्षो से शौचालय का ताला नहीं खुला जबकि इस पर कर्मचारी भी तैनात है ।ग्राम प्रधान से कई बार कहा गया लेकिन ग्राम प्रधान भी सुनने को तैयार नहीं है हम लोगों ने कई जगह इसकी शिकायत की लेकिन अभी तक इस शौचालय का ताला नहीं खुला जिससे गांव के ग्रामीणों को छोटे बच्चों को साथ-साथ बुजुर्गो को काफी दिक्कत और परेशानियों का सामना करना पड़ता है

> क्या कहते हैं अमावा खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह
> आपके द्वारा जानकारी मिली है उसको दिखवा कर जांच कराई जाएगी।

जबकि शौचालय के बगल में ही आंगनवाड़ी केंद्र बना हुआ है और यहां के बच्चे जो छोटे-छोटे हैं उनके लिए भी शौचालय नहीं खोला जाता है। ग्रामीण संतोष कुमार, रतिपाल, हौसला प्रसाद, रामदुलारी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस शौचालय का ताला पिछले 5 वर्षो से नहीं खुला है और यह महज शो पीस बनकर रह गया है जबकि इस पर कर्मचारी भी तैनाती है प्रधान से भी कहा जाता है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है जबकि यह जनता के लिए बनाया गया है और इसे खुलना चाहिए।

## पुल बन जाने के बाद भी लगातार ट्रकों का आवागमन जारी प्रशासन ने लगाई रोक



**महराजगंज रायबरेली।** पिछले 1 महीने से बांदा बहराइच मार्ग का पुल बछरावां में टूट गया था जिसकी वजह से महराजगंज होते हुए हजारों वाहन रोज आकर महराजगंज में जाम की समस्या को और भी ज्यादा सक्रिय कर देते थे । वही तीन दिन पूर्व पुल बन जाने के बाद भी बड़े-बड़े ट्रैकों का आवागमन महराजगंज से होते हुए हो रहा है जिस पर आज प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए महराजगंज हरचंदपुर मोड़ के पास नो एंट्री लगाकर सारे ट्रैकों को रोक दिया और कहा कि एक भी ट्रक अब आगे नहीं जाएगा। वही ट्रक ड्राइवरों बताया कि अब हम लोग महराजगंज तक आ गए हैं इसलिए दिक्कत है क्योंकि हरचंदपुर और बछरावां में ही हम लोगों को रोक देना चाहिए जिससे कि हम आगे ना बढ़ सके वही आज ट्रैकों के रोकने की वजह से महराजगंज में जाम की समस्या नहीं दिखाई पड़ी और साथ ही लगातार एक्सीडेंट होने का जो उपाय बना हुआ था उससे काफी हद तक लोगों को निजात मिली।

### शौच को रही महिला को सांप ने डंसा, डॉ. सीपी सिंह ने बचाया

**उतरौला (बलरामपुर)।** शौच जा रही महिला को डंसा सांप ने, घबराए परिजनों ने आनन फानन मे एस एस सी उतरौला पहुंचाया, अधीक्षक सीपी सिंह के कुशल नेतृत्व में एंटी वेनम से स्वस्थ हुई महिला। विकास खण्ड उतरौला अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या में मंगलवार रात 10 बजे शौच जा रही नंदनी पत्नी तुलसीराम उम्र लगभग ( 40) को किसी जहरीले सांप ने काट लिया, कुछ समय बाद सर में दर्द, चक्कर जैसी स्थिति आते ही परिजनों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला पहुंचाया जहां डॉक्टर सीपी सिंह के कुशल टीम ने तत्काल ट्रीटमेंटल साइड देना शुरू कर दिया, कुछ देर बाद महिला सामान्य स्थिति में आ गई, रात भर जागने के लिए बोल कर मरीज को छोड़ दिया गया, अब वह पूरी तरह स्वस्थ है।

## हाजी असरार अहमद खान पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

▸ **बच्चों द्वारा रचित पुस्तक का हुआ विमोचन**

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शिक्षा क्षेत्र रेहराबाजार के नौडीहवा स्थित हाजी असरार अहमद खान पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा भाषण प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

उत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि शिव कुमार सक्सेना पूर्व प्रधानाचार्य हाजी इस्माइल इंटर कालेज सादुल्लानगर के स्वागत से की गई। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रतिभा देख उपस्थित अभिभावक एवं अतिथि भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम की सबसे खास बात रही विद्यालय के बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से लिखी गई पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक



में बच्चों द्वारा लिखी गयी कहानियां, कविताएं और प्रेरणादायक लेख व अन्य कलाकृतियां शामिल हैं। यह प्रयास विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्यातिथि शिवकुमार सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा, हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उनके भीतर छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना भी है। इस पुस्तक के माध्यम से बच्चों की कल्पनाशक्ति और लेखन क्षमता को आगे लाने का प्रयास किया गया है। अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रबंधक हाजी असरार अहमद ने बताया कि यह स्कूल बनाने का उद्देश्य कि यह क्षेत्र बहुत पिछड़ा है। यहां के लोग इस आएएस, पीसीएस, डॉक्टर, इंजीनियर बने और तरक्की करें यह मेरा सपना था । प्रधानाचार्य ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि जब से एग्जाम खत्म हुआ हैं तभी से बच्चों को बता दिया था।कि सभी लोग एनुअल सैलिब्रेशन में जुट जाये।जो बहुत भव्य होगा। और पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। जिसमें स्कूल टॉपर आयान जफर क्लास 8, हादिया जफर खान क्लास 2 टॉपर, खान लाइबा बेस्ट अटेंडेंस अवार्ड क्लास 8, उत्कर्ष श्रीवास्तव टॉपर 7 क्लास, सुरेंद्र शर्मा 6, गणेश शर्मा 5, पूजा 4, अनुराग चौहान 3 ,अफरा नाज़ 1,जुवारिया जफ़र खान UKG, सृष्टि कसौधन LKG,आइशा खातून Nursary इन सभी बच्चों को प्रशिस्त्र पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश वर्मा, कांति पांडेय ऐश्वर्या पांडेय, दीप्ति सिंह, अर्पिता पांडेय, अशोक राव, इरफानुल्लाह खुशबू यादव सहित सभी बच्चे, अभिभावक व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बकरीद से पहले हाट बाजारों में बकरों की धूम

**उतरौला (बलरामपुर)।** बकराईद का त्यौहार ज्यों- ज्यों करीब आ रहा है त्यों- त्यों बकरों की खरीद फरोख्त तेज हो गई है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाजारों में बकरों की खेप उतरने लगा है। बकरा व्यवसायी सुलतानपुर, बहराइच, श्रावस्ती, गोरखपुर, समेत अन्य स्थानों से डीसीएम, टैम्पू के माध्यम से लादकर इन हाट बाजारों में बिक्री के लिए उतार रहे हैं। उतरौला क्षेत्र के महदेइया बाजार, पेहर बाजार, गोवर्धन पुर, पकड़ी बाजार व बरदही बाजार के हाट बाजारों में भारी संख्या बकरों की खेप उतारा जा रहा है। गुरूवार को पेहर बाजार में बकरों की बिक्री अधिक देखी गई महंगाई के चलते एक एक बकरे की कीमत दस हजार से लेकर चालीस हजार तक रही, आकर्षक और सुन्दर दिखने के कारण बाजारों में सबसे अधिक मांग बर्रेय्या प्रजाति के बकरों की रही,हाट बाजारों में बकरों की खरीदारी के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

## सुहेलदेव वन्य जीव अभ्यारण शीघ्र ही बनेगा सुहेलदेव टाइगर रिजर्व: केंद्रीय राज्यमंत्री

▸ **केंद्रीय राज्यमंत्री ने जल जीवन मिशन एवं विद्युत विभाग की बैठक जनप्रतिनिधिगण के साथ नियमित रूप से कराए जाने के दिए निर्देश**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

केंद्रीय राज्यमंत्री वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन व विदेश राज्यमंत्री कीर्ति बर्धन सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में बाल विकास एवं पोषण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, एनआरएलएम, उद्योग विभाग आदि द्वारा लगाए गए कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल का अवलोकन किया गया, इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवी सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की पैकेजिंग की ट्रेनिंग कराए जाने एवं ब्रांडिंग किए जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम पवन अग्रवाल, विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, अध्यक्ष नगर पालिका बलरामपुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, अध्यक्ष नगर पालिका उतरौला, अध्यक्ष नगर पंचायत गैसड़ी,







पचपेड़वा, समस्त ब्लॉक प्रमुख उपस्थित रहें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाभी, लखपति दीदी को चेक, कलाकारों को वाद्य यंत्र, बेहतर उत्पादन करने वाले कृषकों को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। बैठक में राज्य मंत्री द्वारा पिछले दिशा की बैठक में जन प्रतिनिधिगण द्वारा उठाए गए जनहित कार्यो के संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री ने दिशा की बैठक के सदस्य/जनप्रतिनिधिगण के जनहित के लिए उठाए गए कार्यो को विस्तार पूर्वक सुना एवं संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में राज्यमंत्री ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि जनपद में नए विद्युत घर की स्थापना एवं जर्जर तारों को बदले जाने का मास्टर प्लान बनाया जाए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन के कार्य में तेजी लाए जाने एवं क्षतिग्रस्त मार्गो को नया किए जाने के निर्देश दिए। केंद्रीय राज्यमंत्री ने जल जीवन मिशन एवं विद्युत विभाग की नियमित बैठक माननीय जनप्रतिनिधिगण के साथ कराए जाने के निर्देश दिए। माननीय राज्य मंत्री जी ने कहा कि सुहेलदेव वन्य जीव अभ्यारण शीघ्र ही सुहेलदेव टाइगर रिजर्व बनेगा। इसके लिए सभी प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही हैं।उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी माननीय जनप्रतिनिधिगण के साथ समन्वय एवं सामंजस्य बनाकर कार्य करें एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाएं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, परियोजना निदेशक ग्राम विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पाक के नापाक चेहरे होंगे बेनकाब


भारत पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत पूरे एक्शन में है। पाकिस्तान की हर झूठाई को बेनकाब कर उसे अतंरराष्ट्रीय पटल पर लाने के लिए कमर कस लिया है। इसके लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाने के बाद 33 देशों में अपना प्रतिनिधिमंडल भेजा है, जो पाकिस्तान को बेनक़ाब करेगा। दरअसल यह प्रतिनिधिमंडल दुनिया के उन 33 देश को बताया कि कैसे पाकिस्तान अपनी धरती से आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है, या यों कहें कि पाक सरकार के समर्थन से पाकिस्तान से पैदा होने वाले आतंकी आज भारत सहित पूरी दुनिया के लिए चिंता का कारण बने हुए हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर चलाया और देश के दुश्मनों को ठोस जवाब भी दिया और अब भारत इन देशों में अपने प्रतिनिधि मंडल भेजकर पाकिस्तान की करगुजारियों से पूरी दुनिया को अवगत कराएगा। इसके लिए भारत से कुल 7 प्रतिनिधि मंडल 33 देशों में गया हुआ है जो पाकिस्तान के नापाक चेहरे को बेनकाब करेगा। भारत ने कूटनीति कुशलता का परिचय देते हुए 33 देश को चुना है, जो हर दृष्टि से सक्षम राष्ट्र हैं। यह प्रतिनिधिमंडल जिन देशों में गया है, उनमें सऊदी अरब, कुवैत,बहरीन, अल्जीरिया, ब्रिटेन, फ्रांस,, जर्मनी, इटली, डेनमार्क, यूरोपीय यूनियन, अमेरिका, पनामा, गयाना,ब्राज़ील, कोलंबिया, स्पेन, ग्रीस, स्लोवानिया लवीत्या, रूस इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, सिंगापुर, यूएई, दक्षिण कोरिया, रिपब्लिक ऑफ कोंबो, सियरा, लियोन, इजिप्ट, कतर, इथियोपिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इस तरह यह प्रतिनिधि मंडल (ऑस्ट्रेलिया को छोड़कर) हर उस महाद्वीप के किसी न किसी देश में जाएगा, जहां लोग रहते हैं। भारत ने उन देशों को तरजीह दी है जो वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई व अस्थाई सदस्य हैं। इनमें ब्रिटेन,अमेरिका,रूस,फ्रांस,(स्थाई) और अल्जीरिया, डेनमार्क, ग्रीस, गुयाना, पनामा, दक्षिण कोरिया, सियरा, लिओन, स्लोवेनिया (अस्थाई)सदस्य हैं। इन देशों का चयन भारत ने इस लिए किया है कि यूएनएससी वैश्विक सुरक्षा और आतंकवाद से संबंधित मुद्दों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में भारत का उद्देश्य इन देशों को पाकिस्तान के आतंकवादियों के समर्थन के खिलाफ अपने सबूत और दृष्टिकोण से अवगत कराना है। खासकर जब पाकिस्तान अपने 17 महीनों तक यूएनएससी का अस्थाई सदस्य रहेगा और वहां भारत विरोधी दावे पेश कर सकता है। इसी के साथ भारत ने उन देशों को चुना है जो क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर प्रभाव रखते हैं। मतलब सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया और दक्षिण अफ्रीका। ये देश खाड़ी सहयोग परिषद आसियान और अफ्रीकी संघ जैसे संगठनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# भारत का अतिथि देवो भवः बनाम अमेरिका का अतिथि अपमान भवः



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर यह पूरी दुनियाँ जानती है कि भारतीय संस्कृति में अतिथि को देवता का स्थान दिया गया है, इसीलिए ही भारत की नम्रता एक सिंबाल है अतिथि देवो भवः जो हमने भारत में जी-20 की मेज़बानी में खूब दिखाई, जिससे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आए करीब 200 देश के सैकड़ो मेहमानों जिसमें राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री व प्रतिनिधि तक मेहमान नवाजी से खुश हो गए थे, और हो भी क्यों ना! क्योंकि अतिथि देवो भवः का गुण हमारे राष्ट्रपति पीएम से लेकर अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के हृदय में समाया हुआ है। मेरा मानना है कि निजी स्तरपर शायद इस अतिथि देवो भवः के गुण में हो सकता है कमी आ गई हो परंतु मैं दावे के साथ कर सकता हूं कि भारतीय शासकीय स्तरपर, विदेशी लीडर्स अफसर, मंत्री प्रतिनिधि जब ऑफीशियली भारत आते हैं तो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से लेकर मंत्रियों तक व उच्चस्तर के अधिकारियों से लेकर छोटे अधिकारियों तक भी इस प्रोटोकॉल का पालन करते है, व उस अतिथि को खूब मान सम्मान और उसकी सेवा की जाती है। हालांकि जस्टिस बीआर गवई 14 मई को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बनने के बाद 18 मई को पहली बार महाराष्ट्र गए थे। हालांकि, मुंबई में उन्हें स्टेट चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी या मुंबई पुलिस कमिश्नर में से कोई भी रिसीव करने नहीं आए थे, जिसपर सीज़ेआई गवई ने नाराजगी जाहिर की थी। इस घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार को काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। बाद में राज्य के कैबिनेट मंत्री और भाजपा के प्रदेश ने कहा कि उन्होंने प्रोटोकॉल में चूक के लिए राज्य सरकार की ओर से सीज़े आई गवई से फोन पर माफी मांगी है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि गुरुवार दिनांक 22 मई 2025 को देर शाम साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा व अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में ऑफिशियल मीटिंग के समय तनातनी तीखी नोक झोक की किलिप्स सोशल इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल मीडिया पर जोरदार ढंग से वायरल हो रही है। ठीक वैसा ही व्यवहार व्हाइट हाउस में बीते दिनों फरवरी 2025 को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी ऑफिशियल बातचीत तीखी बहस के रूप में परिवर्तित हो गई थी, इसके पूर्व 2017 में भी व्हाइट हाउस में ट्रंप व मर्केल के बीच मुलाकात के दौरान कैमरे के सामने ट्रंप नें हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। मेरा मानना है कि यह अतिथि का अपमान है क्योंकि किसी को भी हम अपने शासकीय या निजी स्थान पर ऑफीशियली आमंत्रित करते हैं, न्योता देते हैं तो उसका मान सम्मान करना न केवल हमारा मानवीय धर्म है बल्कि प्रोटोकॉल भी है। चूँकि भारत का अतिथि देवो भवः बनाम अमेरिका का अतिथि अपमान भावः तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की क़े बाद अब दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफ़ोसा से ट्रंप की ऑन कैमरा नोक झोक क्या अपमान नहीं? इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व के डिजिटल युग में भारतीय संस्कार संस्कृति व अतिथि देवो भवः जैसी अनेकों परंपराओं का संज्ञान लेकर अनुसरण करना आज समय की मांग है।



**रामाफोसा व ट्रंप के बीच ऑन कैमरा तथा कथित तनातनी व अपमान की करें तो, बुधवार को डॉनल्ड ट्रंप के बुलावे पर दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा अमेरिका दौरे पर पहुंचे थे, ये दौरा मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर था, लेकिन मीटिंग के दौरान एक पत्रकार ने दक्षिण अफ्रीका में कथित श्वेत नरसंहार को लेकर मुद्दा उठा दिया, दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने इस सवाल का जवाब देने की कोशिश की, लेकिन ट्रंप ने इसके बाद जो किया उसने सभी को चौंका दिया, उन्होंने ओवल ऑफिस की लाइटें बंद करवा दी, ट्रंप दक्षिणी अफ्रीकी राष्ट्रपति को दक्षिण अफ्रीका में अश्वेत लोगों के खिलाफ हुए कथित आंदोलन के वीडियोज दिखाने लगे, डोनल्ड ट्रंप ने पहले से ही सारे वीडियोज को एडिट करवा के रखा था, यानें सिरिल रामफोसा को अपमानित करने की उनकी मंशा साफ-साफ दिख रही थी। ट्रंप यहीं नहीं रुके, वापस जब लाइटें ऑन हुईं तो ट्रंप कई अखबारों के आर्टिकल लेकर बैठे थे, जिसमें अश्वेत लोगों की मौत की खबरें थीं, ट्रंप एक एक कर के सारे आर्टिकल दिखाने लगे। बीते 10-15 मिनट से एक के बाद एक, आरोपों के बाण झेल रहे दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चेहरा पूरी तरह से उतर चुका था, उन्हें देखकर कोई भी कह सकता है कि वो यहां आने के अपने फैसले पर पछता रहे थे, लेकिन ट्रंप रुकने का नाम ही नहीं ले रहे थे, वो सवाल पर सवाल दागते जा रहे थे, आखिरकार दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने बड़ी ही विनम्रता के साथ उन्हें पूरा मामला समझाया और इन आरोपों का जवाब भी दिया।**

साथियों बात अगर दिनांक 22 मई 2025 को देर शाम व्हाइट हाउस में रामाफोसा व ट्रंप के बीच ऑन कैमरा तथा कथित तनातनी व अपमान की करें तो, बुधवार को डॉनल्ड ट्रंप के बुलावे पर दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा अमेरिका दौरे पर पहुंचे थे, ये दौरा मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर था, लेकिन मीटिंग के दौरान एक पत्रकार ने दक्षिण अफ्रीका में कथित श्वेत नरसंहार को लेकर मुद्दा उठा दिया, दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने इस सवाल का जवाब देने की कोशिश की, लेकिन ट्रंप ने इसके बाद जो किया उसने सभी को चौंका दिया, उन्होंने ओवल ऑफिस की लाइटें बंद करवा दी, ट्रंप दक्षिणी अफ्रीकी राष्ट्रपति को दक्षिण अफ्रीका में अश्वेत लोगों के खिलाफ हुए कथित आंदोलन के वीडियोज दिखाने लगे, डोनल्ड ट्रंप ने पहले से ही सारे वीडियोज को एडिट करवा के रखा था, यानें सिरिल रामफोसा को अपमानित करने की उनकी मंशा साफ-साफ दिख रही थी। ट्रंप यहीं नहीं रुके, वापस जब लाइटें ऑन हुईं तो ट्रंप कई अखबारों के आर्टिकल लेकर बैठे थे, जिसमें अश्वेत लोगों की मौत की खबरें थीं, ट्रंप एक एक कर के सारे आर्टिकल दिखाने लगे। बीते 10-15 मिनट से एक के बाद एक, आरोपों के बाण झेल रहे दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चेहरा पूरी तरह से उतर चुका था, उन्हें देखकर कोई भी कह सकता है कि वो यहां आने के अपने फैसले पर पछता रहे थे, लेकिन ट्रंप रुकने का नाम ही नहीं ले रहे थे, वो सवाल पर सवाल दागते जा रहे थे, आखिरकार दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने बड़ी ही विनम्रता के साथ उन्हें पूरा मामला समझाया और इन आरोपों का जवाब भी दिया। ये पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने घर बुलाकर किसी अंतरराष्ट्रीय नेता को बेइज्जत किया है, इससे पहले फरवरी के महीने में भी व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रंप ने अपने मेहमान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को पूरी दुनियाँ के सामने बेइज्जत किया था। तीन साल से रूस से जंग लड़ रहे जेलेंस्की अमेरिकी राष्ट्रपति से मदद मांगने आए थे, लेकिन यहां उन्हें फटकार लगा दी गई, तब राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वांस दोनों एक साथ जेलेंस्की पर टूट पड़े थे। ट्रंप ने दावा किया की द. अफ्रीका में श्वेत किसानों का कत्ल हो रहा है, इसमें कोई दो राय नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका में रेसिज्म यानी रंगभेद का पुराना इतिहास रहा है, लेकिन श्वेत किसानों के नरसंहार का जो दावा ट्रंप कर रहे हैं, दक्षिण अफ्रीका के सरकारी आंकड़े कहते हैं कि वहां औसतन हर साल 27000 मर्डर रिकॉर्ड किए जाते हैं, जिनमें से श्वेत किसानों की हत्या के सिर्फ 1 पेर्सेंट मामले हैं, एक और आंकड़ा बताता है कि अक्टूबर से दिसंबर 2024 के बीच वहां 6,953 हत्याएं दर्ज की गईं, जिनमें से श्वेत किसान की हत्या का सिर्फ 1 मामला है। मानवाधिकार संस्थाएं, जैसे एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच ने भी माना कि किसानों की हत्या तो हो रही है लेकिन इसमें नस्लीय हिंसा का कोई एंगल नहीं है, ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर ट्रंप ने ये मुद्दा उठाया क्यों? इस मुद्दे के बहाने अपने मेहमान को ओवल ऑफिस में मीडिया के सामने बेइज्जत किया क्यों, अमेरिका की राजनीति में भी श्वेत-अश्वेत का मामला काफी लंबे वक्त से चला आ रहा है, ऐसे में ये नैरेटिव ट्रंप के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है, ऐसे में माना जा रहा है कि ट्रंप ने अपने राजनीतिक हित के लिए सिरिल रमाफोसा को बेइज्जत किया, लेकिन यहां डॉनल्ड ट्रंप ने जो किया उसकी उम्मीद भी किसी ने नहीं की, डॉनल्ड ट्रंप अपने मेहमान से ऐसे ऐसे सवाल पूछने लगे जिससे वो असहज हो गए। ऐसा लग रहा था जैसे ट्रंप दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का वेलकम करने नहीं बल्कि बेइज्जत करने की तैयारी के साथ आए हों। हमारे मन में अतिथि के लिए कभी भी हीन भावना नहीं आनी चाहिए और हमें कभी उसका निरादर नहीं करना चाहिए। जो व्यक्ति कभी भी अपने अतिथि का सत्कार नहीं करता भगवान भी उसके घर नहीं आते है। यदि आप अतिथि का सम्मान नहीं करते तो आपकी पढ़ाई व्यर्थ है। अतिथि पूजनीय है और उनका आगमन जीवन में खुशियाँ भर जाता है।

साथियों बात अगर हम भारत के अतिथि देवो भव- संस्कारों की करें तो, अगर हमारे घर कोई मेहमान आता है तो हम उनसे चाय-नाश्ता पूछते हैं, मेहमानों के आते ही बच्चों को गरमा-गरम समोसा, रसगुल्ले और कोल्ड ड्रिंक लाने के लिए भेजते हैं, ये हमारी संस्कृति है। जहां मेहमान को भगवान माना जाता है, अतिथि देवो भवः के संस्कार हैं, हमारे यहां तो बिनबुलाए मेहमान को भी बहुत इज्जत दी जाती है, लेकिन आज हम आपको दुनिया के सबसे शक्तिशाली मुल्क के सबसे शक्तिशाली पद पर बैठे शख्स की मेहमाननवाजी दिखाते हैं, डॉनल्ड ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपित सिरिल रामफोसा को अपने घर यानी व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया, व्हाइट हाउस की परंपरा के मुताबिक ओवल ऑफिस में दोनों के बीच द्वीपक्षीय वार्ता हुई, वहां दुनियाँ भर के अधिक बहुत पत्रकार जमा हुए। साथियों बात अगर हम रामाफोसा व ट्रंप की मीटिंग में रिपोर्टरों के प्रश्नों क़े दोनों नेताओं के उत्तर की करें तो एक रिपोर्टर ने अमेरिकी राष्ट्रपति से कतर से मिले 400 मिलियन डॉलर के विमान को स्वीकार करने पर सवाल किया। रिपोर्टर ने इतना महंगे उपहार स्वीकार करने में नैतिकता आड़े आने की बात कही तो ट्रंप गुस्सा हो गए।

उन्होंने रिपोर्टर को बेशर्म कहते हुए इस तरह के सवाल न करने को कहा। इस पर रामफोसा ने हंसते हुए कहा कि मेरे पास तो ट्रंप को देने के लिए महंगा विमान नहीं है। ट्रंप ने इस पर कहा कि अगर आपका देश यूएस एयर फोर्स को एक विमान देता तो मैं इसे जरूर स्वीकार कर लेता। रामफोसा ने ट्रंप के आरोपों का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि आप सच्चाई नहीं जानते हैं। रामाफोसा ने शांति से कहा, ये सही है कि साउथ अफ्रीका में अपराध है लेकिन इसके ज्यादातर शिकार अश्वेत हैं। इस पर ट्रंप ने उनको बीच में टोकते हुए कहा कि टारगेट किलिंग का शिकार किसान अश्वेत नहीं हैं। इससे माहौल में भारी तनाव पैदा हो गया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत का अतिथि देवो भवः बनाम अमेरिका का अतिथि अपमान भवः यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बाद अब दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफ़ोसा से ट्रंप की ऑन कैमरा नोक झोक क्या अपमान नहीं? वैश्विक डिजिटल युग में भारतीय संस्कृति संस्कारों व अतिथि देवो भवः जैसे अनेकों परंपराओं संस्कारों का संज्ञान लेकर अनुसरण करना समय की मांग।

विचार

# नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी सफलता

21 मई का दिन छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ छेड़े गए अभियान में काफी खास बन गया है। सुरक्षा बलों ने एक सुनियोजित अभियान चलाकर 27 नक्सलियों को मार गिराया है। मरने वालों में ईनामी नक्सली सीपीआईएम महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू का नाम भी शामिल है। बसवराजू का नाम कई बड़ी हिंसक घटनाओं से जुड़ा रहा है। 2010 में दंतेवाड़ा 76 सीआरपीएफ जवानों की मौत, 2013 का झीरम घाटी हमला, जिसमें कांग्रेस की पहली पंक्ति के तमाम नेता मारे गए थे, 2019 का गढ़ चिरौली हमला जिसमें 15 क्यूआरटी जवान मारे गए थे, ऐसी कई और घटनाओं की योजना बसवराजू ने ही बनाई थी, ऐसा दावा है। कई छद्म नामों से भूमिगत रहते हुए नक्सल कार्रवाइयों को अंजाम देने वाले बसवराजू ने बीटेक की पढ़ाई की थी, लेकिन कॉलेज में रहते हुए ही उग्र वामपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर नंबाला केशव राव ने अपनी राह अलग बना ली। बसवराजू को मारना सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता बताई जा रही है, क्योंकि इसके बाद नक्सल संगठन कमजोर पड़ेगा यह दावा सरकार और पुलिस प्रशासन का है। बुधवार को नक्सल आंदोलन के खिलाफ इस बड़ी सफलता पर भाजपा की राज्य और केंद्र सरकार दोनों अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। इसे डबल इंजन सरकार की बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश किया जा रहा है। वैसे भी अमित शाह ने 2019 में ही नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा था। अब सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने की योजना बना रही है। छत्तीसगढ़ में मिली हालिया सफलता पर अमित शाह ने ट्वीट किया कि, नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में ऐसा पहली बार है कि हमारे बलों ने एक महासचिव स्तर के नेता को मारा है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं। अमित शाह ने यह भी बताया कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा भी काफी गदगद है। कांग्रेस ने भी इस सफल अभियान के लिए खुशी जाहिर की है, मगर इस कामयाबी पर अपना हिस्से का दावा भी ठोंक दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं इस बड़ी सफलता के लिए सभी जवानों को बधाई देता हूं.. जब हम सरकार में थे तब 600 गांवों को नक्सल मुक्त बनाया गया था। हमने लोगों में विश्वास पैदा किया और उन्हें भूमि अधिकार दिए, उनके कर्ज माफकिए और यहां तक कि उन्हें उनकी जमीनें भी वापस दिलाई। अभी जो ऑपरेशन चल रहे हैं, वे बचे हुए इलाकों में हैं। जाहिर है इतनी बड़ी सफलता पर श्रेय लेने की होड़ तो रहेगी ही, क्योंकि अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के चंगुल में रहा। भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकारें दोनों राज्यों में रहीं, दोनों दलों की सरकारों ने अपने-अपने शासनकाल में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चलाए और दोनों पर ही नक्सलियों के खात्मे की आड़ में मासूमों को निशाने पर लेने के आरोप भी लगे। अब भाजपा का पलड़ा केंद्र सरकार के सहयोग की वजह से अधिक भारी हो गया है, क्योंकि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पूरे समन्वय से काम कर रही हैं। ऐसे में यह तथ्य अपने आप उभरता है कि नक्सलवाद जैसी गंभीर समस्या को हल करने में राजनैतिक स्वार्थ आड़े आ जाते हैं। बहरहाल, ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट के बाद अब दावा किया जा रहा है कि तिरुपति से पशुपति तक फैला लाल गलियारा अब बंद होने की कगार पर है। माओवाद की कमर टूट चुकी है। माओवादी अब वार्ता करना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें हथियार रखने पर मजबूर कर चुकी है, लिहाजा वे बेबस हैं। बसवराजू के बाद माओवादियों के पास अब कोई बड़ा नेतृत्व नहीं बचा जो युद्ध की रणनीतियां बनाएं और बड़े अभियानों को लागू करवाए। ऐसे तमाम दावों से तस्वीर यही बन रही है कि नक्सलवाद अब खत्म होने को ही है और केन्द्रीय गृहमंत्री का जो दावा है कि मार्च 26 तक यह काम पूरा जाएगा, वह भी सही साबित होगा।

इन दावों को करने का यही वक्त भी है, लेकिन इन्हीं के साथ कुछ सवाल भी उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि नक्सलियों के बड़े नामों को खत्म करने के बाद भी क्या उन कारणों को खत्म किया जा सका है, जिनसे नक्सल आंदोलन शुरु हुआ था। पाठक जानते हैं कि 60 के दशक के अंतिम बरसों में प.बंगाल में नक्सलबाड़ी गांव से इस आंदोलन की शुरुआत हुई थी क्योंकि पूंजीवाद से निकला शोषण और अन्याय गरीब किसानों और मजदूरों की जिंदगी को अपनी चपेट में ले चुका था। अपने हक के लिए उठाई गई आवाज हिंसक कार्रवाइयों में लिप्त हुई और धीरे-धीरे नक्सलवाद का दायरा इतना बढ़ गया कि भारत का एक बड़ा हिस्सा इसकी गिरफ्त में आया। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने इसे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था। उन्होंने भी ऑपरेशन ग्रीन हंट के तहत सभी नक्सल प्रभावित राज्यों की एकीकृत लड़ाई नक्सलवाद के खिलाफ शुरु की थी। वर्ना 2007-08 के पहले बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे सारे राज्य अपने-अपने अभियान नक्सलवाद के खिलाफ चलाते थे। इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ में घुसना शुरु कर दिया था, तभी से माओवादी बैकफुट पर जा रहे थे। लेकिन बीच-बीच में कुछ बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर उन्होंने अपना आतंक बनाए रखने की कोशिश की। इसलिए अभी यह कहना शायद जल्दबाजी होगी कि माओवाद की कमर टूट गई है। क्योंकि जब तक समाज में अन्याय और शोषण के कारण बने रहेंगे, तब तक नक्सलवाद को भी सिर उठाने का बहाना मिलता रहेगा। नक्सलवादियों ने छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र ऐसे तमाम राज्यों में घने जंगलों में अपने ठिकाने बनाए हैं और इन जंगलों के नीचे अकूत प्राकृतिक संपदा है। इस संपदा पर उद्योगपतियों की गिद्धदृष्टि बनी हुई है, जबकि इन जंगलों में रहने वाले लोग तरह-तरह से शोषित और प्रताड़ित हो रहे हैं। क्या भाजपा सरकार इस बड़ी सफलता के मौके पर यह बात भी दम से कह सकती है कि आदिवासियों के हुकूक और प्राकृतिक संपदा पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में नक्सलियों के पास से बड़ी संख्या में अत्याधुनिक हथियार, कई महीनों का राशन और कई अन्य संसाधन भी बरामद हुए हैं। इतना सब उनके पास घने जंगल के भीतर कैसे पहुंचा, क्या सरकार के पास इसका जवाब है। इतनी बड़ी कामयाबी को भुनाने के मौके भाजपा के पास बने रहेंगे, पहले उसकी कोशिश यही होनी चाहिए कि नक्सलवाद पनपने के कारण खत्म करे।

साहित्य

## सड़क का महत्व गांव वाले जानते हैं..!




**संजय एम तराणेकर**

सड़क का महत्व तो गांव वाले ही जानते हैं,
रोज़ कच्चे रास्ते को पार करना वे ठानते है।
सुबह की पहली किरण जब घर पे पड़ती है,
जब आँखें खुद-ब-खुद डर से खुल जाती हैं।
रास्ते का मतलब सिर्फ दूरी तय करना नहीं,
हर दिन एक इम्तिहान है सहनशीलता वहीं।

सड़क का महत्व तो गांव वाले ही जानते हैं,
रोज़ कच्चे रास्ते को पार करना वे ठानते है।
कुछ गांव आज भी जहां पक्की सड़क नहीं,
जो रास्ता स्कूल, अस्पताल या बाजार कहीं।
मिट्टी, धूल और गड्ढों का लंबा थकाऊ सफर,
बारिश में कीचड़ से लथपथ हो ढाता कहर।

सड़क का महत्व तो गांव वाले ही जानते हैं,
रोज़ कच्चे रास्ते को पार करना वे ठानते है।
गर्मियों में तपती हुई रेत से भरा वहीं रास्ता,
जीवन में अवरोध बन हालत करता खस्ता।
सड़क की कमी गांव के बुजुर्गों पर हैं असर,
ये रास्ता दिनचर्या में अभिशाप रहा हैं पसर।



# राशिफल

**मेष:-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभ:-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुन:-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क:-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंह:-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्या:-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुला:-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिक:-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**धनु:-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकर:-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

**कुंभ:-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन:-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

# अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा का स्मरण जरूरी है

*रमेश शर्मा*

अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा क्रांतिकारियों के आदर्श थे। सुप्रसिद्ध सरदार भगत सिंह भी उन्हें अपना गुरु और प्रेरणास्रोत मानते थे। उन्नीस वर्ष की आयु में जब करतार को फांसी पर चढ़ाया गया तब उन्होंने कहा था कि मुझे गर्व है कि मैं अपने पूर्वजों की परंपरा के अनुरूप मातृभूमि के लिए प्राण दे रहा हूं। ऐसे अमर बलिदानी क्रांतिकारी करतार सिंह का जन्म 24 मई, 1896 को लुधियाना जिले के ग्राम सराभा में हुआ था। इनके पिता मंगल सिंह गांव के एक संपन्न और प्रतिष्ठित किसान थे। माता साहिब कौर धार्मिक विचारों की महिला थीं और गुरुद्वारे से जुड़ी थीं। करतार सिंह अभी केवल पांच वर्ष के थे कि उनके माता-पिता का देहान्त हो गया। उनका पालन पोषण उनके दादाजी ने किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा खालसा स्कूल लुधियाना में हुई। उनके चाचा ओडिशा में रहते थे। आगे की पढ़ाई के लिए चाचा के पास गए। चाचा ने उन्हे पढ़ने के लिए सैन फ्रांसिस्को भेज दिया। तब उनकी आयु केवल चौदह वर्ष थी।

उन्होंने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के प्रवेश लिया। कैलिफोर्निया में वातावरण अलग था। वहां अंग्रेज और अन्य गोरे यूरोपियंस लोग भारतीयों सहित सभी काले रंग के नागरिकों को हेय दृष्टि से देखते थे। भारतीयों को दास कहा जाता था। चलते-फिरते अपमान हो जाना सामान्य बात थी। इस भाव के प्रति भारतीय छात्रों में रोष था। लेकिन खुलकर विरोध न हो पा रहा था। इस वातावरण ने करतार सिंह के विचारों की दिशा बदल दी। वे पढ़कर उच्च पद पाने की बजाय भारतीयों की प्रतिष्ठा और आत्म सम्मान रक्षा के उपायों पर विचार करने लगे। सैन फ्रांसिस्को में उन्हें समान विचार के अन्य छात्र भी मिले। इन सब छात्रों का एक समूह बन गया। भारतीय छात्र अकसर अपनी समस्याओं पर चर्चा करते और एक दूसरे से अपने दुख साझा करते थे। कनाडा और अमेरिका के प्रशांत तटों पर बसने वाले भारतीय आप्रवासियों का एक समूह बन गया जिसने अंग्रेजों से भारत की मुक्ति का संकल्प लिया। इन सभी भारतीयों का मनोभाव करो या मरो की सीमा तक दृढ़ हो गया।

करतार सिंह अपनी कार्यशैली से बहुत शीघ्र इस राष्ट्रप्रेमी समूह के अग्रणी सदस्य बन गए। यहीं इस जाग्रति अभियान के साथ सशस्त्र क्रांति की तैयारियां भी आरंभ हुईं। अपनी सक्रियता के साथ उनका संपर्क लाला हरदयाल से हो गया। करतार सिंह उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़े। लाला हरदयाल गदर पार्टी के संस्थापकों में से एक थे। 1913 में उन्होंने सोहन सिंह भकना, पंडित कांशी राम, हरनाम सिंह टुंडीलाट आदि के साथ मिलकर 1913 में गदर पार्टी की स्थापना की थी।

गदर पार्टी सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से अंग्रेजों से भारत की मुक्ति का अभियान चला रही थी। इस संगठन का मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में ही था। लालाजी के माध्यम से करतार सिंह इससे जुड़ गए। पोर्टलैंड में हुए गदर पार्टी के सम्मेलन में भी करतार सिंह शामिल हुए। वहां 'युगान्तर आश्रम' की स्थापना में करतार सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण थी। क्रांति के लिए साप्ताहिक समाचार पत्र गदर का प्रकाशन आरंभ हुआ। करतार सिंह ने अपने घर से पढ़ाई के लिए आए 200 पौंड इस समाचार पत्र प्रकाशन के लिए लाला जी को दे दिए। इस पत्र में अन्य सामग्री के साथ भारत में हुई 1857 की क्रांति की भी प्रेरक सामग्री होती थी। इससे नौजवानों में नई ऊर्जा का संचार होता। उन्हीं दिनों प्रथम विश्व युद्ध आरंभ हो गया। तब करतार सिंह भारत आ गए। जनवरी 1914 में समाचार पत्र गदर का गुरुमुखी संस्करण आरंभ हुआ। लाला हर दयाल इसके संपादक और करतार सिंह उप संपादक बने। आगे चलकर गदर का उर्दू संस्करण भी आरंभ हुआ। इस संस्करण का संपादक करतार सिंह को बनाया गया। अपने इस जन जागरण अभियान के साथ युवाओं की सशस्त्र संघर्ष तेज करने की भी योजना बनी। इसके लिए बंगाल गए और रासबिहारी बोस तथा शचीन्द्रनाथ सान्याल सहित अन्य क्रान्तिकारियों से भी भेंट की। 21 फरवरी, 1915 को पूरे देश में एक साथ क्रान्ति करने की योजना बनी। करतार सिंह को पंजाब में क्रांति का दायित्व मिला।

उन्होंने कई धार्मिक स्थानों की यात्रा करके युवकों को जोड़ा। इसके साथ फिरोजपुर रावलपिंडी, और लाहौर की सैन्य छावनियों सेना के सिपाहियों से भी सम्पर्क करके क्रांति से जोड़ने की योजना बनी। रेल तथा डाक व्यवस्था को भंग करने की भी योजना बनाई। पंजाब में क्रांति की इन गतिविधियों का केन्द्र लाहौर बना। वहां लाहौर छावनी के शस्त्रागार का चौकीदार भी क्रांति से जुड़ गया। योजना पूर्वक 100 रिवाल्वर एवं अन्य सामग्री जुटा ली गई। धन और शस्त्र जुटाने का अभियान चल ही रहा था कि कृपाल सिंह नामक एक पुलिस कर्मचारी ने विश्वासघात कर दिया। उसने ब्रिटिश अधिकारियों को सूचित कर दिया। शस्त्रागार से शस्त्र गायब होने से अंग्रेज अधिकारियों में खलबली मच गई थी। इस सूचना से पुलिस और सेना ने धरपकड़ आरंभ कर दी।

करतार सिंह अपने कुछ साथियों के साथ लाहौर से निकल गए, लेकिन सरगोधा में गिरफ्तार कर लिए गए। पूरे पंजाब में धरपकड़ आरंभ हुई और कुल 60 युवा क्रांतिकारी बंदी बना लिए गए। इतिहास में इन गिरफ्तारियों का पहले लाहौर षड्यन्त्र केस के रूप में उल्लेख है।

करतार सिंह ने अपने साथियों को बचाने के लिए सारी जिम्मेदारी स्वयं पर ले ली। न्यायाधीश ने उन्हें अपना बयान बदलने और माफी मांगने को कहा ताकि सजा कम दी जा सके लेकिन करतार सिंह ने जो कहा उससे न्यायधीश ने फांसी की सजा सुना दी। उन्होने कहा था मुझे दुख है कि मैं क्रांति को सफल न बना सका एक बार उन्होंने जेल से भागने का भी प्रयास किया लेकिन सफल न हो सके। अंततः 16 नवम्बर, 1915 को करतार सिंह सराबा और उनके छह साथियों विष्णु गणेश पिंगले, हरनाम सिंह, बख्शीश सिंह, जगतसिंह, सुरेन सिंह एवं सुरेन्द्र सिंह को लाहौर के केन्द्रीय कारागार में फांसी दे दी गई।

*(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# आहट पाते ही चोरों ने पत्नी की राड मारकर की हत्या, पति गंभीर, मासूम को भी आईं चोटें

▸ एसपी व डीआईजी ने मौका मुआवना कर घटना को शीघ्र खुलासा करने का किया दावा

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



चोरी करने के उद्देश्य से घर में घुसे बदमाशों ने सो रहे दंपत्ति व मासूम बच्ची पर जानलेवा हमला कर दिया। पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पति कानपुर रीजेंसी अस्पताल में आईसीओ में भर्ती हैं। जबकि तीन वर्षीय मासूम पुत्री को सिर पर मामूली चोटें आई हैं। मौके पर पहुंचे डीआईजी बांदा राजेश एस, पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा व फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वायड टीम ने जांच-पड़ताल की। पुलिस ने मौके से आला कत्ल को बरामद किया है। कोतवाली के चिल्ली गांव निवासी अनिल राजपूत अपनी पत्नी 26 वर्षीय गीता व तीन वर्षीय शानवी के साथ रात में कमरे में सो रहे थे। तभी मकान में चोरी करने के उद्देश्य से बदमाश घर में घुस गए। आहट सुनने पर दंपति जाग गए। दंपति के जागने पर बदमाशों ने पास पड़ी ट्रैक्टर की लोहे की तापलिंग से हमला कर दिया। जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। अनिल राजपूत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉ. अखिलेश सिंह ने बताया कि युवक के सिर पर गंभीर चोटें थी। माथे की हड्डी भी टूटी थी। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। उरई से कानपुर रीजेंसी अस्पताल में रेफर किया गया है। घायल के चाचा अधिवक्ता सुरेश राजपूत ने बताया कि भतीजे की हालत गंभीर है। वह कानपुर रीजेंसी अस्पताल में आईसीओ में भर्ती हैं। जबकि तीन वर्षीय बच्ची को सिर पर मामूली चोट आई हैं। इस संबंध में एसपी डॉ दीक्षा शर्मा ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कराई जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। घटना के खुलासे के लिए चार टीमें गठित की गई है। अभी तहरीर नहीं मिली है।

## घायल आशाबहू की इलाज के दौरान मृत्यु

**राठ(हमीरपुर)।** तीन दिन पहले मार्ग दुर्घटना में घायल हुई आशा बहू की ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। मझगवां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मझगवां थाने के गुगरवारा गांव निवासी इंद्रभान सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी 53 वर्षीय शीला आशा बहू है। मंगलवार की सुबह वह बाइक से पत्नी को लेकर नौरंगा सीएचसी में मीटिंग में जा रहा था। तभी कोठा गोहानी गांव के पास पत्नी बाइक से उछल कर सड़क पर गिरकर घायल हो गई थी। जिन्हें नौरंगा सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया था। बताया कि झांसी से ग्वालियर रेफर कर दिया था। गुरुवार की शाम करीब चार ग्वालियर में इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई। मृतका के पति ने बताया कि उसके पास 13 बीघा जमीन है। खेती कर परिवार का भरण-पोषण करता है। मृतका अपने पीछे एक पुत्र रविन्द्र छोड़ गई है।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी तिरंगा यात्रा, 100 मीटर का तिरंगा बना आकर्षण का केंद्र

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा कुरारा में ऑपरेशन सिंदूर के शौर्य के सफलता पूर्वक पूरा होने पर तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा द्वारा किया गया। ब्लाक कार्यालय के सामने से यात्रा प्रारंभ होकर बस स्टैंड तक गाजे बाजे के साथ निकली। तथा वापस ब्लाक के पास समापन हो गया। देश की सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के शौर्य पूर्वक सफल रहने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। ब्लाक मुख्यालय से तिरंगा यात्रा प्रारम्भ होकर कस्बे के मुख्य बस स्टैंड तक गई। इस दौरान बैंड-बाजे व डीजे की धुन पर युवक थिरकते हुए चल रहे थे। तथा भारत माता के नारे लगा रहे थे। देश भक्ति के गीत बज रहे थे तिरंगा यात्रा में सौ मीटर का तिरंगा लेकर युवा चल रहे थे। मनकी स्टैंड से होकर लालमन पुलिया से होते हुए बेरी तिराहा से मेन बस स्टैंड से होकर वापस ब्लाक मुख्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर पंचायत की चेयरमैन आशारानी कबीर, ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, बृजकिशोर गुप्ता, रवि गुप्ता, रामविलास श्रीवास, अवधेश गुप्ता, व्यापार मंडल के अश्विनी द्विवेदी, राजेश फौजी, पंकज सिंह सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### यमुना नदी में बड़ाह हदसा, दो सगे भाइयों सहित तीन डूबे, एक की मौत



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना सजेती क्षेत्र में बह रही यमुना नदी में दो सगे भाइयों सहित तीन लोग डूब गये, जबकि एक को गमीणों ने बचा लिया बताया जाता है कि महुआपूर्व गांव निवासी शोबरन के दो पुत्र आशीष (10) व प्रमोद (7) सबेरे आठ बजे के करीब गांव के ही रामकेश यमुना नदी में नहाने गये थे, नहाते समय आशीष व प्रमोद गहरे पानी में चले गये ये देख रामकेश उन्हें बचाने का प्रयास किया तो वह भी गहरे पानी में चला गया। बाद में ग्रामीणों ने दो को बचा लिया, आशीष को निकाल कर परिजन जिला अस्पताल हमीरपुर ले गये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### डीएम ने पीएचसी, कृष्णा नगर व कांशीराम अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, मिली कमियां ही कमियां

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को प्रात: 9:10 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया, निरीक्षण दौरान केवल स्टाफ नर्स श्रीमती लार्सा सिंह उपस्थित पाई गईं, जबकि केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. निशा गांधी अनुपस्थित थीं। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी को तमाम अनियमितताएं मिलीं। केंद्र प्रभारी की डॉ. निशा गांधीअनुपस्थित थीं, जबकि ओपीडी रजिस्टर में उनके हस्ताक्षर के बिना ही रोगियों के नाम दर्ज थे। जो कि एक गंभीर अनियमितता है। डीएम ने दिया विभागीय कार्यवाही का आदेश, डॉ. निशा गांधी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अनुपस्थित कर्मचारियों का आज का वेतन रोकने के भी निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने डॉ निशा डॉक्टर के विरुद्ध शासकीय अभिलेखों में गलत प्रविष्टि के संबंध में कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद उन्होंने कांशी राम अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां 64 कर्मचारी एवं डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए अनुपस्थित कर्मचारियों एवं डाक्टरों का आज का वेतन रोकने की निर्देश दिए तथा स्पष्ट कहा कि सभी डॉक्टर शासन के दिशा-निर्देशों का समय से अनुपालन सुनिश्चित करें और नियमित रूप से ओपीडी में उपस्थित रहकर नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### पुलिस की निष्क्रियता से चोरी व लूट की घटनाएं थमने का नहीं ले रही है नाम

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे में चोरी लूट की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। आठ दिन पहले एक युवक की फिरौती न देने पर बंदूक की बटों से मारपीट कर आंख फोड़ दी थी। दो दिन पहले एक युवक के रुपए छीनकर दोनों कान काट दिए थे। अब गुरुवार को बदमाशों ने एक महिला की हत्या कर दी है। घटनाओं में रोकथाम न होने पर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक सप्ताह पहले कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी विनोद कुमार के पुत्र गौरव को आठ बजे जलालपुर रोड चुंकी चौकी के पास से तीन युवक चार पहिया कार लेकर आए और जबरन कार में डालकर ले गए थे। जहां धनौरी से आगे बंधा रोड पर गौरव से फिरौती की मांग की। मना करने पर उक्त युवकों ने तमंचों की बटों से बेहरमी से मारपटा और आंख फोड़ दी थी। अभी तक पुलिस ने एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। बीते सोमवार को कोतवाली के सैदपुर गांव में चरणदास पुत्र घासीराम अनुरागी को गांव के संदीप और पुक्कन खेत में सुनसान जगह पर ले गए थे। उक्त युवकों ने चाकू दिखाकर उसकी जेब में पड़े दो हजार रुपये छीन लिए और मारपीट कर चाकू से दोनों कान काट दिए थे। पुलिस ने मामला दर्ज तो कर लिया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की निष्क्रियता से गुरुवार को एक बड़ी घटना हो गई। जहां चोरी के उद्देश्य से घर में घुसे बदमाशों ने दंपति पर हमला कर दिया। महिला की मौत हो गई। पति कानपुर में जिंदगी मौत से जूझ रहा है।

### प्लास्टिक की पन्नी से छप्पर बनाकर रह रहे वृद्ध दंपति की सुध लेने वाला कोई नहीं



**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के शिवनी गांव में झोपडी बनाकर रहने वाले वृद्ध दंपति को गरीब के लिए दिए जाने वाली आवास की सुविधा नहीं मिल सकी है झोपड़ी बनाकर जीवन काट रहे हैं। क्षेत्र के शिवनी गांव में राजाराम श्रीवास व इसकी पत्नी घर न होने के कारण झोपड़ी में प्लास्टिक पालीथीन डालकर गुजर-बसर कर रहे हैं। राजाराम ने बताया कि एक पुत्र व एक पुत्री है। पुत्री की शादी हो गई है। तथा पुत्र बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करता है। पत्नी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। जिसकी देखभाल करनी होती है। पैंतीस वर्ष पूर्व इंदिरा आवास मिला था। जो कि जर्जर हालत में है। तथा कोई कच्चा घर भी नहीं है। इस लिए झोपडी में ही दोनो लोग रह कर गुजारा करते हैं। इसके पास आमदनी का कोई साधन नहीं है। मजदूरी भी करने में असमर्थ है। इसकी गरीबी के हाल को देखते हुए सरकारी आवास की सुविधा भी अभी तक नहीं मिल पाई है। वृद्धा पेंशन से तथा सरकारी राशन से गुजारा होता है। कभी कोई मदद कर देता है। गांव के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचनी चाहिए। जिससे गरीब को एक छत मिल सके। लेकिन अधिकारियों की नजर ऐसे लोगो पर नहीं जाती है। इनसे अधिक गरीब भी कोई होगा। लेकिन ग्राम प्रधान सचिव भी इनको एक आवास नहीं दिला सके है। उसने बताया कि पुत्र कभी आ जाता है। लेकिन वह कोई मदद नहीं करता है।

### अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में संगीतकार को उप मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**महोबा।** जिले की सांस्कृतिक विरासत को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में जिले के मूर्धन्य संगीतकार अमर सिंह को विशेष सम्मान से नवाजा। बतादे कि अमर सिंह न केवल कलार्पण संस्था के क्षेत्रीय संगीत विधा संयोजक हैं, बल्कि नेहरू बालिका संगीत महाविद्यालय के प्रबंधक के रूप में युवा पीढ़ी को संगीत की शिक्षा दे रहे हैं, को उनके दीर्घकालीन सांस्कृतिक योगदान के लिए स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम की शोभा पंडित जगप्रसाद तिवारी और उनके साथी कलाकारों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाई। कार्यक्रम का आयोजन तीन प्रतिष्ठित संस्थाओं कलार्पण भारत, बेसिक एजुकेशन मूवमेंट ऑफ इंडिया और ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। समारोह में डॉ. धनंजय सिंह, डॉ. शिवप्रताप सिंह सहित कई गणमान्य हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अमर सिंह जैसे कलाकार हमारी सांस्कृतिक धरोहर के वास्तविक संरक्षक हैं वहीं अमर सिंह ने इस सम्मान को पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के कलाकारों की सामूहिक उपलब्धि बताया।

# आंधी-तूफान से फार्म हाउस नष्ट, डेढ हजार से अधिक मुर्गी के बच्चे मरे, मिलेगा मुआवजा

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बीती रात आये आंधी तूफान से मौदहा पढोरी रोड में अरतरा मौजे पर स्थित एक मुर्गी फार्म हाउस पूरी तरह से ध्वस्त हो गया जिसकी चपेट में आकर डेढ़ हजार से अधिक मुर्गी के बच्चे मर गए। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से मुआवजे की गुहार लगाई है। नगर से जुड़े अरतरा मौजा स्थित एक मुर्गी फार्म हाउस में आंधी तूफान का कहर दिखाई दिया जिसमें 2000 से अधिक मुर्गी के बच्चे पले हुए थे जो ढह गया और 17 सौ से अधिक मुर्गी के बच्चों की मौत हो गयी पीडित ने करीब साढे तीन लाख रुपये का नुकसान होने का अंदेशा बताकर एसडीएम से मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित मौदहा कस्बा निवासी विनय कुमार पुत्र केदार प्रजापति ने बताया कि वह अपने खेत में मुर्गी फार्म खोलकर अपने बच्चों का भरण पोषण करता था। बीती रात करीब एक बजे आये आंधी तूफान से उसका फार्म नष्ट हो गया इस आपदा में अब दो हजार बच्चों में से मात्र 2 सौ 50 मुर्गी के बच्चे ही बच पाये हैं बताया कि करीब 3 लाख 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है पीडित ने एसडीएम से आर्थिक सहायता करने की गुहार लगाई है। दैवीय आपदा एक्सपर्ट प्रियेश रंजन मालवीय का कहना है कि शासन से केवल दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता कुक्कुट नुकसान के लिये नियमानुसार मिल पायेगी।

## आधी रात को आए तूफान से गिरी दीवार में दबकर दो घायल, सदर अस्पताल रिफर



**मौदहा, सिसोलर।** थाना क्षेत्र के किसवाही गांव में बीती रात आये आंधी तूफान से कमरे की एक पक्की दीवाल भरभराकर गिर गई। जिस कारण कमरे में सो रहे दोनो भाई दीवाल से दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से पीएचसी सुमेरपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार किसवाही गांव निवासी राममिलन सिंह चंदेल व नरेंद्र सिंह चंदेल अपने घर में सो रहे थे। तभी आधी रात में आए तेज आंधी तूफान से उनके कमरे की पक्की दीवाल उनके ऊपर जा गिरी और दोनों भाई दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस पर परिजनों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से पीएचसी सुमेरपुर में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया है।

## विजय तिरंगा यात्रा निकाली गयी

**मौदहा(हमीरपुर)।** भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चलाये गए आपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर देश भर में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुक्रवार विजय तिरंगा यात्रा मौदहा विकास खण्ड परिसर से प्रारम्भ होकर तहसील गेट से मुख्यबाजार होते हुए शहीद स्मारक में पहुंच कर शहीदों को माल्यापण कर तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में बीजेपी जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, शिवाकांत, जगदीश व्यास, लालाराम निषाद, विपिन पाण्डेय, आनन्द त्रिपाठी, हिना परवीन, उमा दीक्षित, प्रमोद वर्मा, आकाश त्रिपाठी, नीरज अनुरागी, तेजप्रताप सिंह, रामदेव सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, राजेन्द्र सोनी सहित आधा सैकड़ा मौजूद रहे।

# जांच में कार्यकर्त्री बर्खास्त, लिपिक निलंबित, सुपरवाइजर व डीपीओ के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्ट

▸ भ्रष्टाचार का अखाड़ा बना डीपीओ दफ्तर, ज्यादातर केंद्र खोले जाते है केंदों में, कुपोषित बच्चों की संख्या बढ़ रही है लगातार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आंगनवाडी भर्ती में जांच के दौरान पायी गयी भारी अनियमितताओं में आगनवाडी कार्यकत्री को बर्खास्त करने व लिपिक को निलंबन व सुपरवाइजर एवं डीपीओ के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्ट करने के आदेश डीएम ने दिये है।

जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की भर्ती में जमकर धन उगाही की थी जिसकी शिकायत जिलाधिकारी घनश्याम मीना से की गयी थी, डीएम ने मामले की जांच के लिये एडीएम न्यायिक व डीसी मनरेगा को दी थी जिसमे करीब तीन सप्ताह तक चली जांच में आंगनवाडी कार्यकर्त्री अर्चना पाल को दोषी पाये जाने पर बर्खास्त करने के आदेश कर दिये है।

पवन कुमार को निलंबित सुपरवाईजर कामिनी पाल, प्रीतिभीलवाडे व डीपीओ शैलेंद्र सिंह को विशेष प्रतिकूल प्रविष्ट करने के आदेश दिये गये है। बताया जाता है कि बाल विकास पुष्टाहार विभाग इन दिनों भ्रष्टाचार का अखाडा बन चुका है, पुष्टाहार कभी भी गर्भवती माताओ को नहीं वितरित किया जाता है। यही नहीं जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या लगातार बढती जा रही है। शासन को फर्जी रिपोर्ट भेजी जा रही है। ज्यादातर केंद्र बंद रहते है मगर कागजों में सभी केंद्र खुले रहते है। यदि सभी मामलों की जांच करा ली जाये तो चौकाने वाले तथ्य सामने आयेंगे।

# विधायक सरोज कुरील की अगुवाई में घाटमपुर में भी निकाली गई तिरंगा यात्रा

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विधायक सरोज कुरील द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से ज़िला पंचायत अध्यक्ष कानपुर नगर स्वप्निल वरुण एवं भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष उपेंद्र पासवान एवं जिला महामंत्री वेदव्रत सचान, जिला मंत्री समरजीत सिंह, अनिरुद्ध शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष रिंकू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बबलू पासवान, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा संदीप बाजपेई, जिला महामंत्री किसान मोर्चा श्रीकृष्णा मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री कमलेश त्रिवेदी, उमेश द्विवेदी, सुरेश त्रिवेदी एवं घाटमपुर नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र के हजारों ग्रामीण तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। भूतपूर्व सैनिक महासभा के हजारों भूतपूर्व सैनिक तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सैनिकों का उत्साह वर्धन करने के लिए एवं पड़ोसी देश पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा द्वारा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को स्पष्ट संकेत दिया गया कि अगर दोबारा हमारे देश में उनके द्वारा प्रायोजित कोई आतंकी हमला किया गया तो आतंकवादियों सहित पूरे देश को नेस्तोनाबूत कर दिया जाएगा। तिरंगा यात्रा आयोजन घाटमपुर स्थित गांधी विद्यापीठ इंटर कॉलेज में महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया तथा समापन नगर पालिका परिषद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा में माल्यार्पण कर किया गया।

# पांच साल से आयुष विंग अस्पताल में कटिया डालकर की जा रही विद्युत चोरी

▸ पांच एसी-पंखे चलाकर की जा रही है बिजली चोरी, विभाग के जेई का पूरा हाथ

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में आयुष विंग अस्पताल में पांच साल से विजली चोरी की जा रही है, कोई कनेक्शन न होने के बाद भी विद्युत पोल से कटिया डालकर पांच एसी व पंखे चलाये जा रहे है, विद्युत विभाग के एक जेई की शह पर विजली चोरी की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक जिले में चालिस फीसदी लाइन लास जा रहा है कई सरकारी दफ्तरो में विजली का कनेक्शन नही है मगर धडल्ले से एसी व पंखे रातदिन चल रहे है। मजे की बात तो यह है कि अभी छह माह पहले बिजली विभाग ने सीएमओ दफ्तर में बिजली चोरी पकड़ने के बाद उसमें कनेक्शन कर पेनाल्टी वसूली थी मगर आयुष विंग अस्पताल जिला चिकित्सालय के बगले में जो रोड के किनारे है। मगर अभी तक किसी भी अधिकारी की नजर नहीं गयी है अस्पताल के बगल से खालेपुरा मोहाल में जाने वाले खड़ंजा से लगे विद्युत पोल से अवैध कटिया डाली गयी। वहीं से अस्पताल की वाउन्ड्री से होते हुये केविल आयुष विंग मे कनेक्शन कर लिया गया है। आज तककिसी ने यह विचार नहीं किया। जब अस्पताल में कनेक्शन नही है तो विजली कहा से जल रही है। लोगो को कहना है कि इस विजली चोरी में विभाग का कोई जेई शामिल है जिसकी शह पर विजली चोरी की जा रही है। हालांकि जिला अस्पताल के डाक्टरों ने इस मामले को लेकर कई मर्तवा टिप्पणी की है। मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता(एसई) जीसी यादव का कहना है कि इस मामले में जाचं करायी जायेगी और आयुष विंग से पिछला पूरा पैसा वसूल किया जायेगा।

## गजब: कनेक्शन कटवाने के पांच साल बाद भी बिल भेज दिया पैतालिस हजार, राज्य कर अधिकारी जायेंगे हाईकोर्ट

**हमीरपुर।** बिजली विभाग का हाल बेहाल है, राज्य कर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर ने पांच साल पहले यहां से तवादला होने के बाद अपने आवास का कनेक्शन कटवा कर पूरा बिजली बिल भुगतान कर दिया था मगर आज तक उनकी विल हर माह बढ़-चढ़ कर आ रहा है। इस मामले में अफसर ने यहा के स्थानीय अभियंताओं से कई मर्तवा शिकायते की है मगर कोई सुनने वाला नहीं है। जानकारी के मुताबिक राज्य कर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर प्रदीप सिंह का हमीरपुर से तबादला सितम्बर 2020 में कानपुर के लिये हो गया था ट्रांसफर के वाद एसी ने सारा विल भुगतान करने के वाद कनेक्शन काटने का आवेदन कर दिया था बिजलीकर्मी ने मीटर उखाड़ कर ले गये थे मगर उनका बिल आज भी हर माह जोड़कर भेज दिया जाता है, कनेक्शन कटने के बाद भी विभाग ने 45 हजार का बिल भेज दियाा है। इस मामले में एसडीओ एक्शियन से कई मर्तवा कहा गया है, मगर कोई सुनने वाला नहीं है। श्री सिंह का कहना है कि इस मामले में अफसरों से निवेदन करते-करते परेशान हो गये है वह सीधे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे।

# पुलिस कार्रवाई से नाराज नशे में धुत युवक ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा

▸ पुलिस बूथ में अपने ही शर्ट से आत्महत्या करने का किया प्रयास



**महोबा।** महोबा शहर में बीती शाम एक नशे में धुत ट्रैक्टर चालक ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। यातायात पुलिस की कार्रवाई से नाराज युवक ने पुलिस बूथ के अंदर फांसी लगाने की कोशिश की, जिसे समय रहते पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़कर बचा लिया। इस घटना के बाद परिसर में काफी देर तक अफरा तफरी मची रही। सामने आएं वीडियो में देख सकते है कि ट्रैफिक बूथ के अंदर एक युवक फांसी का फंदा लगा रहा है। इस दौरान बाहर से कुछ लोग उसे देख रहे होते है और उसे रोकने की कोशिश करते है। लेकिन वह नहीं मानता, इस दौरान एक शख्स दरवाजा खोलकर भीतर आता है और उसे नीचे उतारने की कोशिश करता है। इसके बाद भी युवक काफी हंगामा करता है। आखिरकार एक और शख्स आकर इसे रोकता है।

# जेल के बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए अपर जिला जज ने दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशो के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. विदुषी सिंह के आदेशानुसार शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तेन्द्र पाल द्वारा जिला उपकारागार का औचक निरीक्षण किया गया। बन्दियो से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में जेलर उपकारागार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिला उपकारागार में निरुद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, आदि समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करते हुये जेल के बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया तथा कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र बंदियों के विधिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु सदैव तत्पर हैं। कुछ बन्दियो के जमानत प्रार्थना पत्र उच्च न्यायालय मे प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये। जो बन्दी अत्यन्त गरीब है तथा अपना निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते उन्हे निःशुल्क लीगल एड डिफेंस काउन्सिल नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर द्वारा बताया गया कि उपकारागार मे कुल 310 बन्दी निरुद्ध है। तत्पश्चात पाकशाला तथा बैरकों का निरीक्षण किया तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। जेलर द्वारा बताया गया कि प्रातः काल बन्दियो को नास्ते मे चाय, गुड़, दलिया दिया गया था तथा सुबह के भोजन हेतु अरहर की दाल, रोटी एवं आलू पालक की सब्जी तैयार की गयी है। निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी रामनरेश यादव व असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा व योगेन्द्र सिंह, जेलर शिवमूरत सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम ने आरपीएस मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का फीता काटकर किया उद्घाटन

- 100 बेड का अस्पताल जनता की सेवा के लिये बनकर हुआ तैयार



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने विकास खंड देवा के बबुरीगांव स्थित आरपीएस मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

उन्होंने अस्पताल के चेयरपर्सन आर पी सिंह को बधाई देते हुए कहा कि इस अस्पताल के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं और उपकरण मरीजों को बेहतर इलाज प्रदान करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है और इस अस्पताल के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान होंगी।

अस्पताल के चेयरपर्सन आर पी सिंह ने बताया कि 100 बेड का यह अस्पताल जनता की सेवा के लिये बनकर हुआ तैयार हुआ है क्षेत्र वासियों को इलाज की समुचित सुविधाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर अस्पताल के वायस चेयरपर्सन शिवांश प्रताप सिंह, आईआईए मंडल अध्यक्ष अयोध्या प्रमित कुमार सिंह, आईआईए मंडल अध्यक्ष देवीपाटन अलकेश सोती, विजय सिंह सोलंकी, प्रिंस सिंह सहित मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी सहित सम्बंधित लोग उपस्थित रहे।

# बाल वैज्ञानिक पूजा को डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** परिषदीय विद्यालय से निकलकर बाल वैज्ञानिक बनी पूजा व शिक्षक राजीव श्रीवास्तव को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इन्सपायर अवार्ड मानक योजना 2021 के राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन 9 से 10 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया गया था। जिसमें अयोध्या मण्डल से बाराबंकी जनपद के विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय अगेहरा की कक्षा 8 की छात्रा पूजा को अपने नवाचारी मॉडल को प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। बाल वैज्ञानिक पूजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में पूरे भारतवर्ष से कुल 60 उत्कृष्ट बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जनपद से मेरा चयन हुआ। पूजा ने अपने मार्गदर्शक शिक्षक राजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नवाचारी थ्रेसर-भूसा पृथक्करण मशीन का मॉडल प्रस्तुत किया था। शिक्षक श्री राजीव श्रीवास्तव बताते है कि छात्रा पूजा के नवाचारी मॉडल में गेंहू की मड़ाई के समय थ्रेसर मशीन से निकलने वाले भूसे व भूसे के साथ वातावरण में प्रदूषण के रूप में फैलने वाली धूल को रोकना है। क्योंकि धूल व गन्दगी से उत्तर प्रदेश राज्य की एक बड़ी आबादी अस्थमा जैसी कई बीमारियों का शिकार भी होती हैं। वहीं पूजा की इस ऐतिहासिक सफलता पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने बधाई दी।

# बाराबंकी के समर कैंप में मिट्टी कला व रंगोली से सजी रचनात्मक प्रतिभाएं

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



- जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला समन्वयक ने किया निरीक्षण

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों एवं इच्छुक अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में आयोजित समर कैंप का आज तीसरा दिन रचनात्मकता, रंगों और सृजनशीलता से परिपूर्ण रहा।

जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी के निर्देशन में संचालित कैंप की गतिविधियों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। त्रिपाठी द्वारा आज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सफदरगंज में समर कैंप के विशेष सत्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने छात्रों की मिट्टी कला, रंगोली, हस्तकला, तथा रचनात्मक लेखन जैसी गतिविधियों की सराहना की और कहा, ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की संपूर्ण प्रतिभा को निखारने में सहायक होते हैं, जिससे वे आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर आगे बढ़ते हैं। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अखिलेन्द्र सिंह ने भ्रमणशील निगरानी के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों का दौरा किया और व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों को बालकेंद्रित शिक्षण की प्रेरणा दी तथा छात्रों से संवाद करते हुए उनके नवाचार कार्यों की सराहना की। इस रचनात्मक मंच में जमीलुर्रह्मान किदवई स्मारक बालिका इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज बदोसराय सहित अन्य अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों की भी सक्रिय सहभागिता रही। इन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मृत्तिका शिल्प (मिट्टी से मूर्ति एवं सजावटी वस्तु निर्माण) तथा रंगोली प्रतियोगिता में अद्वितीय कलात्मकता का प्रदर्शन किया। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने सामाजिक विषयों पर रंगोली, पर्यावरण संरक्षण पर मिट्टी कला, तथा मेरा स्कूल, मेरी शान विषय पर रचनात्मक पोस्टर व आलेख प्रस्तुत किए। कार्यक्रमों के अंतर्गत सहयोगात्मक शिक्षा, सांस्कृतिक बोध और सौंदर्य चेतना के भावों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। समग्र शिक्षा विभाग बाराबंकी द्वारा संचालित यह समर कैंप विद्यार्थियों को अवकाश काल में रचनात्मक, संवादात्मक तथा सहयोगात्मक वातावरण में सीखने का अनूठा अवसर दे रहा है।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे वृद्ध की मौत



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** एक दर्दनाक सड़क हादसे में 61 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई।वतिया गांव के रहने वाले ओमप्रकाश गुरुवार को शेखपुर चौराहे से सब्जी खरीदकर साइकिल से घर लौट रहे थे।जानकारी के अनुसार गुरुवार को फतेहपुर-बाबाकुटी मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हे टक्कर मार दी।हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया।टक्कर इतनी जोरदार थी कि ओमप्रकाश साइकिल समेत सड़क पर गिर पड़े।राहगीरो ने परिजनो को सूचना दी। परिजन घायल ओमप्रकाश को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे जिला अस्पताल भेजा गया।हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरो ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इसरौली चौकी इंचार्ज मृदुल मयंक पांडेय ने बताया कि पिकअप की तलाश की जा रही है। मृतक के परिजनों ने अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### खाटू श्याम दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं का ई-रिक्शा पलटा, सात लोग घायल

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा ई-रिक्शा पलट गया। हादसे मे सात लोग घायल हो गए। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के कसियापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास हादसा हुआ।जानकारी के अनुसार घायलो मे सीतापुर के मुस्तफाबाद गांव के रहने वाले राम कैलाश का 13 वर्षीय पुत्र अर्पित कुमार, 18 वर्षीय पुत्री अनामिका,40 वर्षीय पत्नी ज्ञान देवी और 45 वर्षीय राम कैलाश शामिल हैं। महमूदाबाद के निवासी उनके साले 35 वर्षीय सरवन,नवल गुप्ता और सरवन गुप्ता की 32 वर्षीय पत्नी रूबी भी घायल हुई है।राहगीरो ने अर्पित कुमार, अनामिका और राम कैलाश को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सको ने अर्पित और अनामिका की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।राम कैलाश को मामूली चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।ज्ञान देवी,नवल गुप्ता,सरवन गुप्ता और रूबी को मदाबाद केसरकारीअस्पताल में भर्ती कराया गया।ई रिक्शा सवार राम कैलाश ने बताया की वह सभी लोग फतेहपुर थाना क्षेत्र के सधई पुरवा गांव स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे।कसियापुर रेलवे क्रासिंग के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

### युवक का शव पेड़ से लटकता मिला

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सतरिख थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई। जगन्नाथ के 24 वर्षीय पुत्र करन निषाद का शव पेड़ से लटका मिला। घटना स्थल घर से लगभग 500 मीटर दूर अनिल संत के फॉर्म हाउस के पास स्थित जंगल में था।ग्रामीणों के अनुसार, करन कल शाम को शराब के नशे में घर से लड़कर निकला था। सुबह जब ग्रामीणों ने शव को देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतरवाया।

# अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा एवं महामंत्री सुनील कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम एमएसटी खान को 20 सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर विभिन्न समस्याओं का समाधान तत्काल कराए जाने की मांग की है।

उप जिलाधिकारी को उनके चैंबर में ज्ञापन सौपते हुए अधिवक्ताओं ने न्यायालय पर पत्रावलियों में बहस सुनने के उपरान्त पत्रावली पर आदेश समय से पारित किए जाने,

धारा 80 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 का नियमित आदेश पारित करने, कमी हो तो न्यायालय पर ही दुरूस्त करवाने, पत्रावली वापस या फिर अनावश्यक खारिज न करने, कैविएट की पत्रावलियों को वरीयता क्रम में तत्काल सुनवाई करने स्थगन आदेश के प्रार्थना पत्र का निस्तारण समयानुसार, धारा 24 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 पत्रावलियों में जो मिनजुमला नम्बर है, उसकी पूरी गाटा संख्या की पैमाइश की जाय। पत्रावली मिनजुमला के आधार पर निरस्त न की जावे। पूर्व में निरस्त पत्रावलियों में पुनः वाजदायर प्रार्थना पत्र लेकर पैमाइश करवाई जाय।

उप जिलाधिकारी न्यायालय की पत्रावलियों में सुनवाई के समय ही पीओ महोदय द्वारा फर्दकाम लिखकर अग्रिम तिथि व नियत कार्यवाही से अवगत,धारा 116 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की पत्रावलियों में यदि स्थगन प्रार्थना पत्र दिया गया है तो न्यायहित में स्थगन आदेश अवश्य ही दिया जाए। असंक्रमणीय से संक्रमणीय भूमि की पत्रावलियों को समयानुसार संक्रमणीय भूमिधर घोषित किया जाय।

पूर्व में न्यायालय पर लम्बित पत्रावलियों को तत्काल निस्तारण किया जावे। धारा 38 की पत्रावलियों का निस्तारण, धारा 38(6) उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 के तहत कार्यवाही पूर्व की भांति सुनिश्चित किया जावे।सभी न्यायालयों पर वाजदायर पत्रावलियों की सूची तारीख पेशी पर नियमित पटल पर चस्पा करवाने सहित अन्य समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की है।

# किसान संगठन के जिला अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष तिवारी ने सिरौली गौसपुर के उपजिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन शुक्रवार तहसीलदार शरद सिंह को सौंपा। उन्होंने पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर कोई कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई।ज्ञापन में दो प्रमुख मुद्दों को उठाया गया।

पहला मुद्दा तहसील सिरौली गौसपुर के ग्राम पंचायत इटौरा में गाटा संख्या 1135 का है। यह भूमि सियाराम (पिता सन्तू) के पट्टे की संक्रमणीय भूमि है। इस पर त्रिवेणीनगर इटौरा निवासी राम दयाल चौहान ने अवैध कब्जा कर रखा है। हल्का लेखपाल ने भी इस कब्जे को अवैध माना है। लेकिन लेखपाल के कहने पर भी कब्जा नहीं हटाया गया।दूसरा मुद्दा इसी गाटा संख्या 1135 में लगभग एक एकड़ सरकारी भूमि का है। इस पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। किसान नेता ने दोनों मामलों में कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अवैध कब्जे हटाने और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। उनके साथ दर्जनों किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### अमृत 2.0 के अंतर्गत डूडा समूह की महिलाएं करेंगी पौधरोपण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं अमृत 2.0 के संयुक्त तत्वाधान ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत डूडा द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्य करेंगी। अधिशाषी अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी डूडा संजय शुक्ला ने बताया कि पौधारोपण हेतु जेब्रा पार्क एवं मकदूमपुर, मोहरीपुर वाटर बॉडीज का चयन किया गया है। जिनमें कुल 650 पौधों को समूह द्वारा लगाया जाना है। पौधारोपण के उपरांत दो वर्ष पौधों की देखभाल भी समूह द्वारा की जाएगी। शहर मिशन प्रबंधक गरिमा सिंह ने बताया कि कल दिनांक 22 मई को अभियान के प्रथम चरण में समूह की महिलाओं को चयनित स्थल का भ्रमण कराया गया और उद्यान विभाग के इंस्पेक्टर अनिल शुक्ला द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षण देकर किस प्रकार पौधा लगाना है यह सिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को परियोजना अधिकारी द्वारा आवश्यक सामग्री की किट भी वितरित की गई।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में देखने को मिला जबरदस्त मुकाबला

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



दो दिवसीय फतेहपुर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रुप बी की टीमों में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। फाइनल मैच कामाक्क्षी इलेवन व शयान स्पोर्टिंग क्लब लखनऊ के बीच खेला गया। जिसमे शयान स्पोर्टिंग ने बिना विकेट गवाए आसान जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा किया।

फतेहपुर के साई पीजी कॉलेज के मैदान में दो दिवसीय टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। ग्रुप बी में पहला मैच बिसवा इलेवन व फतेहपुर इलेवन के बीच हुआ। जिसमे बिसवा की टीम ने बिना विकेट गवाए जीत हासिल कर ली। दूसरा मैच बहराइच इलेवन व कलीम इलेवन फतेहपुर के बीच खेला गया। जिसमे बहराइच की टीम ने 17 रनों से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला असलम क्रिकेट क्लब व कामाक्क्षी इलेवन के साथ हुआ। इस मैच में कामाक्क्षी ने एक विकेट खोकर आसानी से मैच को जीत लिया। चौथा मैच नानपारा वरियर्स व सलमान इलेवन से साथ खेला गया। इस मैच में नानपारा की टीम ने 38 रनों से जीता। पहला क्वाटर फाइनल मैच नानपारा व फतेहपुर के साथ हुआ। इस मैच में नानपारा की टीम ने 44 रनों से इस मैच को अपने कब्जे में ले लिया। दूसरा क्वाटर फाइनल कमाकक्षी व बिसवा के बीच खेला गया। जिसमे कामाक्क्षी की टीम ने बिसवा को 52 रनों से शिकस्त दी। सेमी फाइनल में नानपारा व कामाक्क्षी के साथ जबर्दस्त मुकाबला देखने को मिला। मैच को कामाक्क्षी की टीम ने चार विकेट खोकर अपनी जीत सुनिश्चित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच शयान स्पोर्टिंग व कमाकच्छी इलेवन के साथ खेला गया। जिसमे कामाक्क्षी की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 49 रनों का लक्ष्य रखा। रनों का पीछा करने उतरी शयान स्पोर्टिंग की टीम ने बिना विकेट गवाए दस विकेट से जीत दर्ज की। नगर पंचायत के चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने विजेता शयान स्पोटिंग क्लब के कप्तान मनीष को ट्राफी व एक लाख रूपये का पुरस्कार दिया। वही पराजित हुई कामाक्क्षी इलेवन के कप्तान राहुल को व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन ने ट्राफी व 50 हजार रूपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट में मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार कामाक्क्षी के राहुल को दिया गया। वही फाइनल में मैन आफ द मैच का पुरस्कार मो0आदी को मिला। समापन पर मीडिया प्रभारी फहीम सिद्दीकी, संयोजक नोमान शेख ने अतिथियों एवं खिलाड़ियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर विपिन सिंह राठौर, मनोज सिंह,फैसल खान, चंदन जायसवाल, जफरुल इस्लाम पप्पू, राकेश गुप्ता, गुफरान, रेहान, जियाउद्दीन, अदनान शेख, अकील,जमाल,मो हसीब आदि मौजूद रहे।

## बीडीओ के संरक्षण में भ्रष्टाचार, मनरेगा का खेल

# कागजों में समतलीकरण मेड़बन्दी दिखाकर प्रतिदिन लाखों हो रहे हजम

- दस प्रतिशत नजराने के लालच में फर्जी कार्यों की बनाई जा रही एमबी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** शासन द्वारा संचालित मनरेगा योजना कदौरा बीडीओ के लिए सिर्फजेब भरने के लिए है। कागजों में मनरेगा के कार्यों को दिखा कर कूट रचित तरीके से धनराशि का गबन बड़े स्तर पर हो रहा हैं। पोल खुलने पर रोजगार सेवकों और कार्य प्रभारी को नोटिस थमा कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि शिकायतों के बाद भी तकनीकी सहायक (टीए मनरेगा) दस प्रतिशत कथित कमीशन के लालच में मेड़बंधी समतलीकरण की एमबी बना रहे हैं। कदौरा विकास खंड के ग्राम पंचायत उकुरवा में गुलाब, देवसिंह, देवीदीन, प्रेम, रामदेवी और रामा के खेत में मेड़बन्दी समतलीकरण के नाम पर 275 श्रमिकों को तपती धूप में कार्य करते दिखाया जा रहा है। बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा होने के चलते गांव के लोगों का कहना है कि पता नहीं कहा काम हो रहा है और कौन मजदूरों के जॉब कार्ड लगे है। गांव के मजदूर ईट भट्ठा में मजदूरी करने गए हैं। जिन किसानों के नाम मनरेगा आईडी में दर्ज है। उनको मालूम नहीं है। ग्राम पंचायत अमीसा में मानसिंह और रज्जन के खेत में मेड़बन्दी समतलीकरण का कार्य कागजों में होता दिखाया जा रहा है साथ ही 90 श्रमिकों की हाजिरी रजिस्टर में भरी जा रही हैं। यहां पर भी मजदूरों को नहीं मालूम है कि मेड़बन्दी समतलीकरण कहा पर हो रहा है। फर्जीवाड़े के मामले लगातार सुर्खियों में आने के बाद अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। फर्जी श्रमिकों की संख्या लगातार कम हुई है,बावजूद इसके तकनीकी सहायक (टीए मनरेगा) दस प्रतिशत कथित कमीशन की लालच में फर्जी मेड़बंधी समतलीकरण की एमबी बनाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। शिकायतकर्ताओं ने डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह कुशवाह और नोडल अधिकारी अखिलेश तिवारी को अवगत कराकर डीएम राजेश कुमार पांडेय से शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# उपनिदेशक पंचायतीराज ने बड़ागांव का किया निरीक्षण

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



उपनिदेशक पंचायती राज अभय कुमार शाही ने शुक्रवार को पंचायत भवन बड़ागांव मसौली का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी मे छात्र छात्राओं से संवाद किया।

शुक्रवार को पंचायत भवन बड़ागांव पहुंचे उपनिदेशक पंचायती राज् अभय कुमार शाही ने सीएसी केंद्र का निरीक्षण किया जिसमे वर्तमान समय मे पंचायत सहायक सैय्यदा बानो की आई डी न बनी के कारण संचालन न होने पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र संचालित करने के निर्देश उन्होंने बताया कि सीएसी केंद्र से मिलने वाली परिवार रजिस्टर नकल कॉपी, आय जाति निवास एव खतौनी सहित समस्त प्रकार के आवेदन आनलाईन किये जाएंगे जिसकी फीस 30 रुपये है जिन्हे ओआरएस खाते मे जमा करना है। उपनिदेशक ने लाइब्रेरी मे पढ़ रहे बच्चो की पढ़ाई की जानकारी लेते हुए मन लगाकर पढ़ने का आशीर्वाद दिया तथा सरकारी नोकरी पाने वाले छात्र विकास से संवाद किया। इसके पश्चात वाटर कूलर, सामुदायिक मिलन केंद्र आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत कार्यालय का जायजा लेते हुए पंचायत भवन की वाल पेंटिंग की सराहना की। इसके पश्चात् उपनिदेशक अभय कुमार शाही ने ग्राम पंचायत मसौली के सीएसी केंद्र का जायजा लेते हुए पंचायत सहायक हंसराम से योजनाओं के बारे मे जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत अभय कुमार शुक्ला, डी पी एम शिवम अवस्थी, डी सी हर्षित मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, मुईन अंसारी, पंचायत सचिव जैसराम, संजीव कुमार सिंह, मोनिका वर्मा, विनोद कुमार राव आदि लोग मौजूद रहे।

# हत्यारोपी की कोतवाली में मेहमाननवाजी से भड़के परिजन, कलेक्ट्रेट परिसर में काटा हंगामा

- सीओ सदर ने मौके पर पहुंच पीड़ित परिजनों को दिया निष्पक्ष जांच का आश्वासन
- नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी में शिथिलता बरतने का पुलिस पर जड़ा आरोप

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को उस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में अच्छा खासा हंगामा खड़ा हो जब वहां पर ग्राम चक जगदेवपुर के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे जहां उन्होंने मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिया। इसके बाद वहां पर अन्य लोग भी जा पहुंचे। हालांकि नगर मजिस्ट्रेट आक्रोशित लोगों की बात सुनने के लिये पहुंचे लेकिन लोग संतुष्ट नहीं हुये तो उन्होंने सीओ सदर को मामले से अवगत कराया इसके बाद सीओ सदर पहुंची और उन्होंने पीड़ित लोगों की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि सोनू की हत्या में पुलिस जांच चल रही है एक नामजद आरोपी को हिरासत में लिया गया है जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। इस पर आक्रोशित लोगों का कहना था कि कई दिनों से पुलिस घटना में नामजद आरोपी की कोतवाली में मेहमान नवाजी करा रही है उसे तत्काल जेल भेजा जाये।

गौरतलब हो कि गत दिवस सदर कोतवाली क्षेत्र के चक जगदेवपुर निवासी सोनू पुत्र शिवनारायन दोहरे का सड़क किनारे झाड़ियों में शव मिलने के मामले में मृतक की पत्नी द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली थी साथ ही एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया था लेकिन उसे जेल न भेजने से मृतक युवक के परिजनों व रिश्तेदार शुक्रवार को डीएम कार्यालय जा पहुंचे जहां पर उन्होंने हंगामी नारेबाजी करते हुये कहा कि उरई कोतवाली पुलिस नामजद आरोपी को कोतवाली में कई दिनों से मेहमाननवाजी कराने का आरोप लगाते हुये कहा कि कोतवाली पुलिस घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास कर रही है। जब तक सभी नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार जेल भेजा जाये। उक्त जानकारी जैसे ही सीओ सदर अर्चना सिंह को पता चली तो मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को निष्पक्ष जांच के साथ आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर ग्रामीण वहां से गांव के लिये जाने को राजी हुये।

# माउंट लिट्रा जी स्कूल, इटावा में समर कैंप का भव्य समापन

- रचनात्मकता, रोमांच और अनुभवों से भरपूर रहा छह दिवसीय शिविर

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**





माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, इटावा में आयोजित छह दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह उत्साह और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के अलावा रचनात्मकता, आत्म-अनुशासन और व्यवहारिक कौशल का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की ऊर्जा, उमंग और नवाचार से भरा हुआ दिखाई दिया। शिविर के दौरान छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें शूटिंग, तीरंदाजी, पॉटरी आर्ट, फायरलैस कुकिंग, संगीत, नृत्य, संवाद कला और नेतृत्व कौशल प्रमुख रहीं। ये सभी गतिविधियाँ संबंधित विशेषज्ञों की निगरानी में कराई गईं, जिससे बच्चों को मार्गदर्शन और तकनीकी जानकारी प्राप्त हुई। समर कैंप के अंतिम दिन आयोजित एडवेंचर कैंप विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें ज़िप लाइनिंग, रैपलिंग, टायर वॉक, क्रॉसिंग ब्रिज और रेन डांस जैसी रोमांचक गतिविधियाँ कराई गईं, जिनमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। इन गतिविधियों ने आत्म-विश्वास, धैर्य और टीमवर्क की भावना को बढ़ावा दिया। समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री अतीवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ. विकास यादव, डायरेक्टर श्री सलिल यादव, प्रधानाचार्य श्री पंकज शर्मा एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री मनोज श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

उन्होंने छात्रों से संवाद किया, उनके अनुभव सुने और उन्हें प्रोत्साहित किया। चेयरमैन अतीवीर सिंह यादव ने कहा कि समर कैंप सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि यह बच्चों की सोच को विस्तृत करने, आत्म-निर्भरता को विकसित करने और उनके अंदर छिपे कौशल को सामने लाने का अवसर है। वाइस चेयरमैन डॉ. विकास यादव ने कहा कि इस तरह के शिविर बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान से बाहर लाकर व्यवहारिक अनुभवों से जोड़ते हैं। छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कक्षा 7 के शौर्य प्रताप सिंह ने कहा, एडवेंचर कैंप की ज़िप लाइनिंग ने मुझे डर पर जीत पाना सिखाया। कक्षा 5 की प्रतिष्ठा ने कहा, तीरंदाजी और अर्चरी हमें एकाग्रता, धैर्य, लक्ष्य पर फोकस और निरंतर अभ्यास का महत्त्व सिखाते हैं। कक्षा 6 की आराध्या गुप्ता ने कहा, डांस सेशन में मुझे आत्म-विश्वास के साथ स्टेज पर आने का हौसला मिला।

# एक माह से लापता किशोरी को युवक के साथ पुलिस ने पकड़ा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 17 वर्षीय बेटी बीती 26 अप्रैल की दोपहर 12 बजे जालौन जाने की बात कह कर घर से निकली थी। जब वह शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश की। कई दिनों तक तलाश करने के बाद भी उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि उनकी बेटी को शिवम निवासी भिटारा अपने साथ भगा ले गया है।

पुलिस मामले में युवक की तलाश कर रही थी। शुक्रवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी युवक बंगरा रोड पर छहपुला के पास कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

**गुरूकुल महाविद्यालय पुरासी,हलोर – रायबरेली**
सम्बद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ
**आवश्यकता है**

| | | |
|---|---|---|
| स्नातक | बी0एस0–सी0 | भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित |
| परास्नातक | एम0ए0 | हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं गृह विज्ञान |
| लाईब्रेरियन | | |
| प्राचार्य | | |

उपरोक्त विषयों के प्रवक्ताओं एवं प्राचार्य तथा लाईब्रेरियन पद हेतु योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेज हमारे लिखित पते पर डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। योग्यता विश्वविद्यालय के मानकानुसार तथा कार्यानुभव को वरीयता दी जायेगी।

पता : गुरूकुल महाविद्यालय पुरासी, हलोर, रायबरेली उ0प्र0 – 229103
सम्पर्क सूत्र : 7651832382, 9415922520
ईमेल : gklmahavidyalaya@gmail.com
प्रबन्धक/सचिव : श्री आर0 डी0 मिश्र (अधिवक्ता उच्च न्यायालय)

# ओमकार शाक्य बोले, बुद्ध के मार्ग से ही विश्व शांति संभव

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



शाक्य मुनि बुद्ध विहार बद्देपुर में शाक्य मुनि बुद्ध विहार धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव और सद्भावना मैत्री मेला धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने कहा कि भगवान बुद्ध के करुणा, मैत्री और विश्व शांति के सिद्धांतों को अपनाकर ही वैश्विक शांति संभव है।

उन्होंने कहा सम्राट अशोक के समय भारत विश्व गुरु और सोने की चिड़िया के रूप में जाना जाता था, लेकिन बुद्ध के विचारों से दूरी ने देश को गुलामी की ओर धकेला। हरीराम शाक्य ने कहा संघम शरणम् गच्छामि के सिद्धांत से दूरी के कारण हम कमजोर हुए, लेकिन अब देश पुनः अपने मूल स्वरूप में सशक्त हो रहा है। जितेंद्र कुमार जीतू शाक्य (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) ने बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व युद्ध के कगार पर है, ऐसे में बुद्ध के विचार और भी प्रासंगिक हो गए हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश बाबू शाक्य ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। धम्म देशना के बाद ओमकार शाक्य और जितेंद्र कुमार ने फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन अमित शाक्य और आदित्य विक्रम सिंह शाक्य ने किया। इस दौरान शिव प्रताप सिंह शाक्य (एडवोकेट), धर्मपाल शाक्य (प्रबंधक), अशोक कुमार शाक्य (संरक्षक), बलराम शाक्य, शंभू दयाल शाक्य (पूर्व प्रधान), संदीप यादव (जिला पंचायत सदस्य), डॉ. आरसी शाक्य, गौरव शाक्य (प्रधान), डॉ. बाबूराम शाक्य, रमेश चन्द्र शाक्य, गिरन्द सिंह शाक्य (प्रधान), रमेश शाक्य (प्रधान), कृष्ण मुरारी (प्रधानाध्यापक), राहुल प्रताप सिंह शाक्य, अतुल प्रताप सिंह शाक्य, निर्देश, गौतम, ब्रजभान सहित कई उपासक-उपासिकाएं मौजूद रहे।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला से गांव के दो लोगों ने बेवजह घर में घुसकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खांडेदेवर निवासिनी नीतू पत्नी किशन ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे गांव के ही दो लोग उसके दरवाजे पर आए और बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नारी शक्ति की प्रतीक थी राजमाता अहिल्याबाई होलकर : विधायक

**राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनायी**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



जेडी जनता इंटर कॉलेज में राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर महिला सशक्तिकरण को समर्पित भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए विधायक अर्चना पांडेय ने कहा, राजमाता अहिल्याबाई नारी शक्ति की प्रतीक थीं। उनकी शिक्षा, न्याय और आत्मनिर्भरता की सीख आज भी प्रासंगिक है। मालवा साम्राज्य की महारानी के रूप में कुशल शासिका, तीरंदाज और न्यायप्रिय शासक, स्त्री शिक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली प्रथम प्रेरणा, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ सहित कई मंदिरों का जीर्णोद्धार, घाट, कुएं, बावड़ियां, अन्नक्षेत्र और गुरुकुलों का निर्माण कराया। समाजसेविका व कालेज प्रबंधक इंदिरा दुबे ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभक्ति पर जोर दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने राजमाता के धार्मिक और सामाजिक योगदानों को याद किया। प्रधानाचार्य ज्ञानेश चंद्र दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामानंद वर्मा (भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक), दिलीप गुप्ता (भाजपा नगर अध्यक्ष), राजेंद्र प्रसाद, हितेंद्र अग्निहोत्री, अजीत, कमल यादव, राजेश दुबे, राममहेश पाल, डॉ. सुनील पाल, जितेंद्र कुशवाह, रविंद्र कुमार स्वर्णकार, प्रमोद कुमार, अरविंद शुक्ला, रोहित मिश्रा सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मियों को प्रेरित कर बनाया स्वच्छता प्रहरी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में सफाई कर्मियों और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह, मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक पलक शर्मा, और जिला कार्यक्रम प्रबन्धक ने इस अभियान के उद्देश्यों को साझा किया।सफाई कर्मियों को कचरे के स्रोत पर पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन) का महत्व समझाया गया।

बताया गया कि गीले और सूखे कचरे को अलग करने से निस्तारण आसान होता है, जबकि मिश्रित कचरा समय और संसाधनों की बर्बादी के साथ पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। पालिका द्वारा गीले और सूखे कचरे के लिए रिक्शा और टिपर की व्यवस्था की गई है, जिसे नागरिकों ने सराहा। मण्डल प्रबन्धक ने वार्डों में जाकर नागरिकों से फीडबैक लिया, जिसमें अधिकांश ने कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया को बेहतर बताया। बैठक में सफाई कर्मियों को सेफ्टी किट पहनने और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार के लिए निर्देश दिए गए। पालिकाध्यक्ष ने कहा आइए, हम सभी मिलकर छिबरामऊ को स्वच्छता का प्रतीक बनाएं। स्वच्छता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, और हम इसे छिबरामऊ में एक मिसाल बनाएंगे। इस दौरान सफाई प्रभारी अमरदीप, कम्प्यूटर आपरेटर प्रवेश कुमार, सुपरवाइजर आकाश, और सभी सफाई नायक उपस्थित रहे।

# सदर तहसील का डीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण कराएं**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व मौजूद अन्य

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सदर तहसील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी (न्यायिक), तहसीलदार, सभी नायब तहसीलदार के न्यायालयों का भ्रमण किया। न्यायालयों की मिसिलबन्द पंजिकाओं का सम्बन्धित पेशकार और पीठासीन अधिकारी की उपस्थित में अवलोकन कर पुराने वादों के निस्तारण के निर्देश दिये गये। नामांतरण से सम्बन्धित वादों को साक्ष्य के अभाव में निरस्त किये जाने पर नायब तहसीलदार व तहसीलदार को सख्त निर्देश दिये गये कि साक्ष्य के अभाव में या अदम पैरवी में वादों को निरस्त कर निस्तारण करने की परम्परा को तत्काल छोड़ा जाये। इसी तरह ग्राम समाज की भूमियो पर बेदखली का आदेश पारित किये जाने के बाद उसे पुर्नस्थापित करने एवं आरसी जारी करने के बाद आरसी वापस लेने पर तहसीलदार को सचेत किया और उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये गये कि ऐसे सभी प्रकरणों की वह स्वयं समीक्षा कर लें। नकल खतौनी वितरण कक्ष के बाहर कृषकों की जानकारी के लिये खतौनी का निर्धारित मूल्य लिखा हुआ नही था। जिस पर कठोर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्धारित मूल्य लिखे जाने के निर्देश दिए। राजस्व लिपिक पटल पर हैसियत, वारिसान, चरित्र प्रमाण पत्र व पैमाइश सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों में अनेक प्रकरण कई माह से लम्बित पाये गये जिनकी कोई समीक्षा न किये जाने पर तहसीलदार को निर्देशित किया कि वह इनकी समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण कराये।

निरीक्षण के दौरान संग्रह कार्यालय, भूलेख कक्ष, मतदाता पंजीकरण कक्ष, चकबन्दी अनुभाग का भी निरीक्षण किया गया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर नवनीता राय, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) रामकेश सिंह, तहसीलदार अभिनव सिंह, नायब तहसीलदार भरत कुमार मौर्य, राकेश कुशवाह सहित तहसील के अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी रहे।

## महिला पर मकान बिक्री का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पीड़िता ने परिवार की महिला पर मकान की बिक्री करने व बेसहारा हो जाने का हवाला देकर महिला द्वारा झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासिनी मुन्नी देवी पत्नी फूल सिंह ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके परिवार की ही महिला बिना उसकी मर्जी के मकान की बिक्री कर रही है। मना करने पर झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दे रही है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खबरें एक नजर में

## योग और मिट्टी कला में दिखाया उत्साह




**छिबरामऊ, कन्नौज।** हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में 21 मई से 10 जून तक खेल-खेल में सीखने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन हो रहा है। कैंप के तीसरे दिन योग शिक्षिका वेदिका ने 30 मिनट का योग सत्र आयोजित किया। इसके बाद स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह और अजय कुमार चौरसिया ने छात्र-छात्राओं को टीमों में बाँटकर रंगोली और मिट्टी कला विद्या के माध्यम से भगवान गणेश, शिवलिंग और घरेलू सामान बनाने की कला सिखाई। प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र और कैंप प्रभारी मेजर संदीप कुमार माधव ने अगले दिन के कार्यक्रम की जानकारी दी, जिसमें बच्चों को करियर गाइडेंस के तहत आजीविका के विभिन्न अवसरों के बारे में बताया जाएगा। इस अवसर पर श्रीनारायण गुप्ता, विवेक दीक्षित, शैलेंद्र कुमार शुक्ल, वीर प्रताप, रूपेश कुमार और एनसीसी कैडेट भी उपस्थित रहे। कैंप में कुल 114 बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय महिला महाविद्यालय में बीए, बीएससी एवं बीकाम प्रथम वर्ष सत्र 2025-26 के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ पवन चौहान ने बताया महाविद्यालय में प्रवेश फीस न्यूनतम है और छात्राओं को छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध है। विगत वर्षों में महाविद्यालय में छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्रवेश के लिए इच्छुक छात्राएं शीघ्र ही वांछित प्रमाण पत्रों सहित महाविद्यालय में सम्पर्क कर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

## अवैध शराब व यूरिया के साथ महिला गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शराब की रोकथाम के अभियान में कोतवाली पुलिस ने एक महिला को अवैध कच्ची शराब तथा यूरिया के साथ गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी विष्णुकान्त तिवारी ने बताया कि मुखबिर खास की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने नगर की काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 23 निवासी सोनम पत्नी गणेश गिहार को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 2 किलो यूरिया के साथ कॉलोनी स्थित पानी की टंकी के सामने से गिरफ्तार कर लिया है।

## अवैध शराब के साथ युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने गश्त करते समय मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध शराब सहित धर दबोचा। जिसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत हमराह सिपाहियों सहित गश्त करते समय कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक संजीव कटारा ने मुखबिर की सूचना पर इंदुइयागंज पुल के पास छापेमारी की और एक युवक को प्लास्टिक की कट्टी में अवैध शराब सहित हिरासत में ले लिया। इसके बाद कोतवाली ले आई। पुलिस हिरासत में युवक ने अपना नाम आसाराम पुत्र जगन्नाथ निवासी ग्राम इंदुइयागंज बताया है। कोतवाली पुलिस ने युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

## सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या किए जाने के बाद भारतीय सेना के द्वारा चलाए गए आपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा धूमधाम से नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपाईयों ने भारत माता जय व वंदेमातरम के जयकारे लगाए। शुक्रवार की शाम भाजपा जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी व नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल के नेतृत्व में नगर के श्री राम मंदिर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को नगर भ्रमण कराने के दौरान भाजपाईयों ने भारत माता जय, वंदेमातरम व भारतीय सेना की जीत पर जयकारे लगाए। कहा कि भारतीय सेना ने देश और दुनिया में भारतीय लोगों का मान बढ़ाया है। आतंकियों पर हमला कर सेना ने पाकिस्तान को करारा जबाव दिया है। इस दौरान मानव गुप्ता, राजा तिवारी, सौरभ सिंह, पीके गुप्ता, रामू गुप्ता, संतोष गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## पाकिस्तान से आई फेक कॉल में की रुपयों की डिमांड

**रामपुरा,जालौन।** जनपद जालौन में पाकिस्तान से आई फेक कॉल में रुपयों की डिमांड करते हुए मोबाइल फोन धारक से अपने पुत्र को बलात्कार के केस से बचा लेने की नसीहत दी गई। रामपुरा थाना अंतर्गत इरफान पुत्र मरुलहक के मोबाइल नंबर 621782520 पर सुबह लगभग 11.50 बजे के आसपास मोबाइल नंबर 92 31062 9762 से कॉल आया कि तुम्हारा बेटा तनवीर एक बलात्कार के केस में अभियुक्त है यदि उसे बचाना चाहते हो तो तत्काल 70 हजार रुपए का बंदोबस्त करलो, लेकिन प्रशासन द्वारा लगातार चलाए जा रहे।

# लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी निजात, बढ़ाई गई क्षमता

**क्षमता वृद्धि होने से क्षेत्रवासियों को समस्याओं से मिलेगी राहत**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में विद्युत उपभोगताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिये विद्युत विभाग प्रतिबद्ध हैं। वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 248 तथा वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 84 अतिभारित ट्रांसफार्मरो की क्षमतावृद्धि हो जाने से जनपदवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता विद्युत मगन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र बहादुरपुर, अकबरपुर सरायघाघ, पटटी कडेरा, इन्दरगढ, अनौगी, किशई जगदीशपुर, इन्दुईयांगज, अमोलर, सरायप्रयाग, प्रेमपुर, शेखपुर एवं छिबरामऊ द्वितीय की क्षमतावृद्धि करायी गयी है। क्षमता वृद्धि हो जाने से क्षेत्रवासियों को लो वोल्टेज आदि समस्याओं से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि 11 केवी ओवरलोड फीडरो के तार बदल दिये गये है और तिर्वा कस्बे में जो लाइन ओवरलोड है, इस समय लोड को दो भागो में बांटा जा रहा है। बताया कि 05 वी.सी.बी लगाई गई हैं, जिससे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रो की सुरक्षा बनी रहे और विद्युत सप्लाई अनवरत चलती रहे। बताया है कि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रो पर स्थापित पावर ट्रांसफार्मरो की सुरक्षा के कार्य कराये गये है जिससे पावर ट्रांसफार्मरो को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सकेगा। उन्होने बताया है कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों की सूचना मिलने पर शीघ्र बदलने का कार्य किया जा रहा है। माह अप्रैल 2025 में 184 एवं माह मई 2025 में 127 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। जिनको ससमय बदलवा दिया गया है।

## मां-बाप को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर में किसी बात को लेकर हुए विवाद के चलते तीन लोगों ने दंपति से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अफसरी निवासी मुस्लिम पुत्र लच्छू खान ने कोतवाली में दिए गए शिकायत पत्र में कहा है कि शुक्रवार की सुबह करीब 7.30 बजे उसके बेटे व बहू ने एक व्यक्ति के साथ मिलकर पीड़ित व उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# व्यापार सभा ने रुचि को दी श्रद्धांजलि

**अखिलेश यादव जल्द करेंगे पीड़ित परिवार से मुलाकात**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मृतक रुचि के परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव जल्द ही पीड़ित परिवार से मिलने कन्नौज आएंगे । इस पर प्रदीप जायसवाल ने प्रदेश सरकार से मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने और प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने रुचि के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया। जायसवाल ने सवाल उठाया कि प्रदर्शन से पहले बिजली काटने और लाठीचार्ज के पीछे का जिम्मेदार कौन है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर मुकदमा दर्ज कर सरकार की मनमानी को उजागर किया है। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव कन्नौज की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और जल्द ही पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे। सपा परिवार की हरसंभव मदद और न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर प्रदेश सचिव डॉ. अजय चौरसिया, कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता, प्रदेश सचिव राम ज्ञान गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रियतेश तोमर, हरदोई जिलाध्यक्ष सुधीर गुप्ता मिन्ना, औरैया जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, अरविंद गुप्ता, राजन गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, मनी गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, साहिल खान, अवनीश गुप्ता, गोविंद यादव, अमित गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मृतक रुचि के परिवार से मिलकर एआईएमए के नेताओं ने दी सांत्वना



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

मृतक रुचि गुप्ता के घर बुद्धू कूंचा पहुंचे ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लिमीन डेलिगेशन जिलाध्यक्ष इशरत खान ने उनके परिवार से मिलकर सांत्वना दी। साथ ही हर कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए उनके साथ खड़े होने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कृष्णा हॉस्पिटल के चिकित्सक की लापरवाही के चलते होनहार बिटिया रुचि गुप्ता की जान चली गई। ऐसे झोलाछाप चिकित्सक पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए और ऐसे झोलाछाप अस्पतालों पर भी पाबंदी लगाई जानी चाहिए, जिससे किसी और बिटिया या बेटे या किसी और को अपनी जान ना गंवानी पड़े। इस लड़ाई में मजलिस हर कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए मृतक रुचि के परिवार के साथ है और हत्यारे डॉक्टर्स को सजा दिलाने तक चुप नहीं बैठेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष यूथ अकबर खान, जिला प्रवक्ता वसीम ओवैसी, सोशल मीडिया प्रभारी याद अली, नगर अध्यक्ष आसिफ इकबाल सभासद, विधानसभा अध्यक्ष जीशान सिद्दीकी, नौशाद खान, शादाब जाफरी, आरिफ मंसूरी व अली खान मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा से मायके जा रही महिला के जेवरात व नगदी चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ई-रिक्शा पर बैठकर अपने मायके जा रही महिला का अन्य महिलाओं ने झोला में रखा पर्श चोरी कर लिया। जिसमें लाखों रुपये के जेवरात व हज़ारों रुपये की नगदी रखी हुई थी। पीड़िता ने ई रिक्शा चालक पर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम धीरपुर निवासिनी रूबी देवी पत्नी वीरेंद्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि वह बीते बुधवार को समय करीब 11.15 बजे वह तिर्वा अपने मायके जा रही थी। तभी गुरसहायगंज चौराहा से ई. रिक्शा में अन्य महिलाएं सवार हुई। जिन्होंने रास्ते में बैग में रखा उसका पर्स चोरी कर लिया। जब वह तिर्वा रोड स्थित टैक्सी स्टैंड पर जाकर उतरी तो उसने देखा कि बैग में उसका पर्स नहीं है। महिला ने बताया कि पर्स में करीब दो लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात व 20 हज़ार रुपये की नगदी रखी थी। जो चोरी हो गई। महिला ने ई-रिक्शा चालक पर घटना को अंजाम दिलाए जाने में सहयोग करने का आरोप लगाया है। कस्बा प्रभारी दीपक चौधरी ने बताया कि ई रिक्शा चालक से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

## किशोरी को ले भागा ट्रक चालक, पुलिस के चंगुल में फंसा

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।** लगभग एक वर्ष पूर्व ट्रक चालक किशोरी को अपने साथ भगा ले गया था। कोतवाली पुलिस ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास से आरोपी युवक को तमंचा व कारतूस के साथ पकड़कर न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पिता ने लगभग एक वर्ष पूर्व कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी को कोई युवक अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस तभी से युवक की तलाश कर रही थी। जिसमें पुलिस को जानकारी मिली कि एक ट्रक चालक किशोरी को अपने साथ ले गया है। शुक्रवार की सुबह पुलिस को जानकारी मिली कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास स्थित एक गुमटी पर आरोपी युवक चाय नाश्ता कर रहा है। उसे मंडी से कुछ सामान लेकर जाना है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर युवक ने भागने प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी युवक सलमान उर्फ अनीस निवासी ग्राम चमन नगरिया थाना अलीगंज जनपद एटा को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने युवक के पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता में किया सेना का सम्मान

**संगोष्ठी कर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को किया सलाम**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता।

सेना के अदम्य साहस और बहादुरी के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए भाजपा नेताओं ने धूमधाम से संगोष्ठि कर तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान वंदे मातरम, भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारतीय सेना, जिंदाबाद आदि के नारे लगाकर सेना के शौर्य को सम्मान दिया। शुक्रवार को ब्लॉक तालग्राम के ग्राम तेराजाकेट कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके बाद तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री बिना सिंह चौहान ने कार्यक्रम की शुरुआत में ही गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने अदम्य शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन किया। सम्पूर्ण विश्व को यह दिखा दिया कि भारतीय सेना अजेय है। हम सभी को अपनी सेना पर गर्व है। वही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह उर्फ पुच्ची ठाकुर ने कहा कि भारत ने आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है। जिन माताओं ने अपना बेटा खोया, जिन बहनों का सुहाग उजड़ा और जिन बच्चों ने अपने पिता को खोया उन सभी के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। आज देश के वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस मौके पर अरूण कुमार, संजय दुबे, अनूप दुबे, प्रबल प्रताप सिंह, शिव कुमार, संतोष शाक्य, ज्योति त्रिपाठी, सावित्री, अंकित श्रीवास्तव, कल्पेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## युवक को मारपीट कर दी धमकी, की कार्रवाई की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पॉलिथीन के लिए हुए विवाद को लेकर दो लोगों ने युवक से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला पावर हाउस निवासी हसन पुत्र बबलू ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शुक्रवार की सुबह करीब 10.30 बजे जी.टी रोड स्थित मनकामेश्वर मंदिर के पास दो लोगों ने पॉलिथीन को लेकर उससे गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जाच शुरू कर दी है।

## सूचना

मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या 2642 47402 में भूलवश मेरा नाम गुलाम मुस्तफा और जन्मतिथि 01/07/1983 दर्ज हो गई थी। जबकि समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम मो0 मुस्तफा व जन्म तिथि 01/01/1965 दर्ज है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दोनों ही नाम मेरे है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये।

# रंजिशन घर के बाहर सो रहे अधेड़ को मारी गोली, सैफई रेफर

- भाई ने तीन परिवारीजनों पर घटना को अंजाम देने का लगाया आरोप

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घर से दो सौ मीटर दूरी पर बने दूसरे मकान पर भेड़ों के पास सो रहे 50 वर्षीय वृद्ध को बीती रात्रि जान से मारने के नियत से गोली मार दी गयी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

घायल को सीएचसी ले जाया गया। जहां से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में भी डाक्टरों ने हाथ खड़े कर दिये और सैफई के लिए रेफर कर दिया। घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम दाऊदपुर पूर्वी निवासी 50 वर्षीय सत्यवीर पुत्र कामता प्रसाद अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित दूसरे मकान में भेड़ों के पास सो रहे थे। रात्रि में उनको गोली मार दी गयी। जिस पर उन्होंने पड़ोस में रह रही बुआ रामबेटी पत्नी स्वर्गीय अनोखे लाल को आवाज दी। जिस पर रामबेटी मौके पर पहुंची। जिनसे सत्यपाल ने कहा कि मेरे घर सूचना दे दो कि मेरे गोली मार दी गयी है। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में दौड़कर मौके पर पहुंचे।

सूचना डायल 112 को दी गयी। मौके पर पहुंची डायल 112 ने कोतवाली प्रभारी को घटना की सूचना दी। डायल 108 से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लाया गया। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां से डॉक्टर ने हालत को गंभीर देखते हुए सैफई के लिए रेफर कर दिया। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं तथा घटना की जांच गहनता के साथ की जा रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्यवाही की जायेगी।


परिजनों से पूछताछ करते कोतवाल


अस्पताल में भर्ती घायल

### रंजिश के चलते भाई सत्यवीर के मारी गोली

बातचीत करने पर घायल के भाई मुनीम ने बताया कि जुलाई 2024 के मेरी पुत्री को गांव का ही जयवीर पुत्र रमेश बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसका मुकदमा मैंने थाना मोहम्मदाबाद में जयवीर, गौरव, दीपेश, हरिशंकर व भारत के खिलाफ नामदर्ज पंजीकृत कराया था। जिसमें मेरी पुत्री को बरामद कर जयवीर को जेल भेज दिया गया था। मुनीम का कहना है कि बीती रात्रि गौरव पुत्र ज्योराखन, हरिशंकर पुत्र मुंशी लाल, दीपेश पुत्र रमेश उर्फ पप्पू ने रंजिश के चलते भाई सत्यवीर के गोली मारी है। मुनीम ने अभी घटना की तहरीर नहीं दी है।

### घटना पर बोले सीओ

क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि ग्रामीण व प्रधान राजू पाल तथा परिजनों से बातचीत करने पर निष्कर्ष निकलता है कि सत्यवीर चार भाई है। जिसमें से रामसनेही व ज्योराखन की पहले ही मृत्यु हो चुकी है तथा सत्यवीर की शादी नहीं हुई थी और वह अपने भाई मुनीम के साथ रहता था तथा सत्यवीर के पास लगभग सौ भेड़ें हैं। गौरव को सत्यवीर का मुनीम के साथ रहना अच्छा नहीं लगता था। जमीन का हिस्सा मुनीम को न मिल जाए इसके संबंध में घटना को अंजाम दिया गया।

## दो पक्षो में मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव बराकेशव निवासी अरविंद कुमार का पड़ोसी सुनील कुमार से रास्ते के निकास को लेकर विवाद चल रहा है। शुक्रवार सुबह अरविंद कुमार अपने घर के सामने मिट्टी डाल रहे थे, तभी सुनील कुमार ने मौके पर आकर मिट्टी डालने पर आपत्ति की। जिस पर दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने लगा। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में एक पक्ष से अरविंद कुमार, पिता शिवराज सिंह व भाई जयपाल, बृजपाल,. पूजा पुत्री बृजपाल, अंशिका पुत्री अरविंद व दूसरे पक्ष से सुनील कुमार व उनका भाई सुशेन कुमार घायल हो गया। थाना पुलिस को एक पक्ष से अरविंद कुमार व दूसरे पक्ष से सुनील कुमार ने एक दूसरे के खिलाफ जवाबी तहरीरें दी। पुलिस ने घायलों को मेडीकल के लिए भेज दिया।

# लाखों रुपए की लागत से निर्मित पलिया मार्ग हुआ धड़ाम

- मुहल्ले के लोगों का आवागमन हुआ दुश्वार, देखा जा रहा गुस्सा
- घटिया निर्माण की जांच कराकर जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद के अंतर्गत नगर के मोहल्ला पलिया जहां कोई 3 महीने पूर्व लाखों रुपए की कीमत से नगर पंचायत शमसाबाद द्वारा मार्ग का निर्माण कराया गया था। मुहल्ले के लोगों के अनुसार बनने के कुछ समय बाद ही घटिया निर्माण की पोल खुलने लगी। बीते दिन उक्त मार्ग का एक बड़ा हिस्सा अचानक ढह गया और आने जाने वाले लोगों के लिए यह मार्ग मुश्किलों का सबब बन गया। मोहल्ले के भंवर पाल और धर्मेंद्र बताते हैं कि 3 महीने पूर्व नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद द्वारा उक्त मार्ग का निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य होने के दूसरे महीने में ही युक्त मार्ग जवाब दे गया। जगह-जगह गढ्ढों ने घटिया निर्माण की पोल उस वक्त खोल दी, जब इस मार्ग का एक बड़ा हिस्सा अचानक ढह गया। मुहल्ले के लोगों ने जब जानकारी की, तो पता चला घटिया निर्माण के चलते मार्ग धराशाई हुआ है। फिलहाल मोहल्ले के लोगों ने आवागमन संबंधी समस्याओं को लेकर प्रशासनिक स्तर पर उक्त मार्ग की जांच कराकर जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग की।


क्षतिग्रस्त पलिया मार्ग

# महिला पोस्टमास्टर ने फांसी लगाकर जान देने का किया प्रयास

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कंधरापुर निवासी राजेश की 22 वर्षीय पुत्री रानी जो की मृतक आश्रित में अपने पिता की जगह कंधरापुर पोस्ट आफिस में पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार दोपहर 11:00 बजे कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाने का प्रयास किया, लेकिन युवती की लंबाई ज्यादा होने के कारण पर नीचे पड़े लकड़ी के तख्त पैर छू रहे थे। जिसके कारण उसकी जान बच गई। परिजन तुरंत ग्राम प्रधान पति विजेन्द्र सिंह के साथ सरकारी अस्पताल कमालगंज लेकर आए। जहां पर हालात गंभीर होने पर लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया। वहां से हायर सेंटर रेफ किया गया, लेकिन परिजनों द्वारा फर्रुखाबाद के ही एक प्राइवेट हॉस्पिटल में युवती को भर्ती करवाया गया। जहां पर युवती का इलाज जारी है। युवती की हालत में सुधार है। रानी के पिता की मौत विगत कुछ वर्षों पूर्व हो गई थी। उनकी जगह पर मृतक आश्रित के रूप में रानी को नौकरी मिल गई थी एवं ग्राम कंधरापुर में ही पोस्ट ऑफिस में पोस्ट मास्टर के पद पर नौकरी कर रही है।

रानी अपनी तीन बहनों में सबसे बड़ी है। रानी की मां ने बताया की रानी कुछ दिनों से परेशान थी, लेकिन उसने परेशानी का कारण किसी को नहीं बताया।

# झोलाछाप के इलाज से महिला की मौत, मुकदमा दर्ज

- पुलिस ने डॉक्टर को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से महिला की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज की कोतवाली छिबरामऊ के ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी दीपक उर्फ संजय की पत्नी डोली 25 वर्ष को पैरालाइसिस हो गया था। जिस पर पति दीपक ने बीती शाम करीब 6 बजे डोली को याकूतगंज में झोलाछाप अंजेश को दिखाया। जिस पर झोलाछाप ने महिला के एक इंजेक्शन लगाया तथा कुछ दवायें दीं। इलाज के कुछ ही घंटों बाद महिला की हालत बिगड़ गयी। महिला को देख झोलाछाप ने हाथ खड़े कर दिये और बाहर ले जाने की सलाह दी। जिस पर परिजन आनन-फानन में रात्रि करीब 1:53 बजे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर झोलाछाप के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मृतका की शादी 21 नवंबर 2021 को दीपक उर्फ संजय के साथ हुई थी। मृतका के एक दो साल की बेटी साक्षी व एक बेटा 8 महीने का है। उसका मायका कायमगंज के पितौरा में है।


पीएम हाउस में मौजूद मृतका के परिजन


बुद्धि शुद्धि यज्ञ करते अधिवक्ता, स्टाम्ब बेंडर व बैनामा लेखक

## रेवेन्यू बार एसोसिएशन ने किया बुद्धि शुद्धि महायज्ञ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** रेवेन्यू बार एसोसिएशन द्वारा प्रदेश सरकार के निबंधन मित्र कानून के खिलाफ अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में बुद्धि शुद्धि महायज्ञ का आयोजन किया। इस यज्ञ में वकीलों के अलावा स्टांप वेंडरों, बैनामा लेखकों ने भी आहुतियां देकर प्रदेश सरकार से इस कानून को वापस लेने की मांग की। इस दौरान अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव, महासचिव अवनीश कुमार गंगवार, नाजिर खां, इंद्रेश गंगवार, ओम यादव, जुनैद खान, बलवीर यादव, शिव मंगल बाथम, सुनील गंगवार, नीरज पांडे, रीना भारद्वाज, सुभाष कृष्ण सक्सेना, अनोखे लाल शाक्य आदि ने आहुतियां दीं।

# जिला मुख्यालय से आई बचाव राहत टीम भी नहीं खोज पाई गंगा में डूबे सत्यम को

- परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी का दौर जारी है। अधिकांश लोगों को गर्मी से राहत पाने के लिए गंगा में घुसकर डुबकी लगाते हुए देखा जा रहा है। डुबकी लगाने वालों में ज्यादातर किशोर हैं। वर्तमान में गंगा का जलस्तर कम है। तलहटी क्षेत्र के अधिकांश लोग गंगा में घुसकर ही आवागमन करते हैं।

बड़ी तादाद में तरबूज, खरबूजा की खेती भी गंगा की तलहटी में होती है। बताते हैं थाना क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी छोटे लाल पुत्र गोरेलाल उम्र 12 वर्ष, जबर सिंह पुत्र नेत्रपाल उम्र 14 वर्ष, रामू पुत्र मुलिक राम उम्र 11 वर्ष, सत्यम पुत्र रक्षपाल उम्र 11 वर्ष तथा मोदी पुत्र राजीव उम्र 14 वर्ष सभी किशोर शाम के समय तरबूज खाने के लिए गंगा पार जा रहे थे। गंगा पार करते समय अचानक सभी किशोर डूबने लगे। चीख पुकार सुन कृषि कार्य कर रहे किसानों ने गंगा में छलांग लगा दी। अंधेरा होने के बावजूद चार किशोरों को सकुशल निकाल लिया गया, लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण सत्यम को नहीं खोजा जा सका। इस घटना के बाद सत्यम के परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार की सुबह फर्रुखाबाद से आई राहत बचाव टीम ने गोताखोरों के साथ सत्यम की खोज की। खोज का अभियान शाम तक चलता रहा, लेकिन सत्यम को नहीं खोजा जा सका। सत्यम के परिजनों को गंगा मैया की आराधना करने के साथ कुशलता की कामनाएं करते हुए देखा गया। वहीं दूसरी ओर बचाव राहत टीम तथा गोताखोर सत्यम की खोज में जुटे हुये थे। थानाध्यक्ष तरुण सिंह भदौरिया ने बताया सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस बल को भेजा गया। उन्होंने बताया देर रात्रि तक गंगा में डूबे किशोर की खोज की गई। शुक्रवार को फर्रुखाबाद से आई बचाव राहत टीम ने गोताखोरों के साथ खोज की, मगर सफलता नहीं मिली। उन्होंने बताया डूबे किशोर की तलाश जारी है।


किशोर सत्यम की खोज करती टीम व गोताखोर

# अनियंत्रित टेंपो पलटने से मासूम बच्ची की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अनियंत्रित टेंपो पलटने से मासूम बच्ची की मौत हो गयी, जबकि कई सवारियां घायल हो गयीं। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जनपद एटा के थाना अलीगंज के मोहल्ला सुदर्शन निवासी रोहित अपनी पत्नी खुशबू व दो बेटियों के साथ अपनी ससुराल सतारा थाना उसैत जनपद बदायु गया था। वहां उसकी बड़ी बेटी कार्तिका 14 माह को बुखार आ गया, तो वह उसे लेकर अपनी साली आकांक्षा के साथ टेम्पो से कटरा दवाई लेने जा रही थी। टेम्पो में और भी सवारियां बैठी थीं। जैसे ही टेम्पो गांव से निकला, वैसे ही टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे टेम्पो में बैठी सभी सवारियां दब गईं। जिससे चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग उधर दौड़े और सवारियों को बाहर निकाला। सीएचसी पर घायल रोहित ने बताया कि अन्य सवारियों के छुटपुट चोटें आईं, लेकिन उनकी पुत्री कार्तिका गंभीर घायल हो गई। जिसे सीएचसी लाये। जहाँ डॉक्टर विपिन कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन उसका शव घर ले गए।

# पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरुक


कादरीगेट थाने में मौजूद छात्राएं व पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ने स्कूल की बालिकाओं को बुलाकर जागरुक किया। साथ ही उन्हें सुरक्षा से संबंधित कई हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने थाना कादरीगेट में कई स्कूलों की छात्राओं को थाने पर बुलाया। पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत जागरुक किया। साथ कहा कि सरकार द्वारा कई हेल्पलाइन नंबर शुरु किये गये हैं। यदि आपको कोई परेशान करता है, तो इसकी सूचना तुरंत इन नंबरों पर दें। मौके पर पहुंचकर पुलिस आप लोगों की मदद करेगी। इसलिए बेझिझक होकर आप लोग इन हेल्पलाइन नंबरों का इस्तेमाल कर सकती हैं। महिला कांस्टेबल कीर्ति राजपूत के द्वारा सभी छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर1090, 1930 याद कराए गए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी ऐश्वर्या उपाध्याय, थाना अध्यक्ष अमोद कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर चंद्रिका प्रसाद व सभी चौकी इंचार्ज आदि लोग मौजूद रहे।

## दबंगों ने गेहूं के ढेर में लगायी आग, लाखों का नुकसान, पीड़ित पहुंचा न्यायालय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद में परिवारी दबंगों ने खेत में पड़े गेहूं के ढेर में आग लगा दी। विरोध करने पर दबंगों ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने जाति सूचक गाली-गलौज कर भगा दिया। पुलिस से न्याय मिलने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय में दायर की याचिका में जयवीर उर्फ जसवीर पुत्र अजुद्दी जाटव ने दर्शाया कि एक माह से अपनी संक्रणीय भूमिधर की आराजी व बटाई पर लिये खेत व भाई हसनपाल आराजी मौजा धरनपुर लीलापुर में करीब 15 बीघा गेहूं की फसल काटकर ढेर लगा रहे थे। उसके भाई हसनपाल की शादी नहीं हुई थी, जिसके बजह से वह मेरे साथ रहते है। मेरा भाई विशुनपाल पुत्र अजुद्दी व उसका पुत्र पप्पू तथा उनके रिश्तेदार छोटे, सुखपाल, रामप्रसाद, ममता मेरे भाई की कूटरचित तरीके से जमीन हड़पना चाहते है। रामेश्वर की पत्नी ममता जो मेरे भाई की फर्जी पत्नी बनकर अपने हक में मेरे भाई की वसीयत करा ली। उसने फर्जी आधार कार्ड भी बनवा रखा है। 26 अप्रैल की सुबह मैं अपनी मक्का की खेत की रखवाली कर रहा था और सोकर उठा तो देखा कि 15 बीघा गेहूं के ढेर में आग लगी है औ धुंआ उठ रहा है। जब मैं भागकर वहां पहुंचा तो देखा कि आरोपीगण पेट्रोल की कट्टी लेकर मेरे गेहूं के खेत में आग लगा रहे थे। जब मैंने विरोध किया तो तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने जातिसूचक गाली-गलौज कर भगा दिया। आरोपियों द्वारा लगायी आग से मेरा 60 कुंतल भूसा व गेहूं सहित डेढ़ लाख का नुकसान हो गया। पीड़ित ने दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

# बंद पड़े मकान से हजारों की नकदी व जेवर चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर हजारों रुपए की नगदी व जेवर पार कर दिये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला चंदेला निवासी हाल निवासी जसमई दरवाजा फर्रुखाबाद राघव शाक्य पुत्र सुरेश चंद्र शाक्य ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि वह अपने जसमई दरवाजा स्थित मकान में परिवार के साथ रह रही है। वहीं गांव नगला चंदेला थाना नवाबगंज में बंद पड़े मकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताले काटकर भाभी के बक्से में रखी एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी कुंडल तथा 20000 नगद और घर में रखे हजारों रुपए के पीतल के बर्तन अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। जब घटना की सूचना गांव वालों ने पीड़ित को फोन पर दी, तो पीड़ित अपने घर पहुंचा और मामले की जानकारी कर थाने आया तथा थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।


चोरी के बाद अस्त व्यस्त पड़ा सामान

## जमीनी बंटवारे में दबंगों ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी बंटवारे को लेकर हुए विवाद में नलकूप पर बैठे व्यक्ति के साथ दबंगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित के पुत्र ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला लाहौरी निवासी पन्नालाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता धीरज सिंह 20 मई को नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कड़िउली में अपने खेत में लगे नलकूप पर बैठे थे, तभी समय करीब सुबह 9:00 बजे गांव नगला लाहौरी निवासी आरोपी साहब सिंह, शिविर पुत्रगण दूरबीन सिंह, अवनीश कुमार, विनोद कुमार पुत्रगण साहब सिंह, सचिन सिंह, ललित पुत्रगण वीर सिंह निवासीगण नगला लाहौरी थाना मेरापुर नलकूप पर आये और पिता धीरज सिंह को गाली-गलौज करने लगे। जब पिता ने विरोध किया, तो उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। जिस पर पुत्र पिता को लेकर थाने आया और थाना पुलिस को आरोपीगणों के विरुद्ध नामदर्ज तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया तथा आरोपीगणों के विरोध मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगायी फांसी

### पति-पत्नी में किसी बात को लेकर हुआ था विवाद


अस्पताल में जांच पड़ताल करती पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव ज्योना निवासी खुशबू शर्मा उम्र 25 वर्षीय पत्नी आदित्य शर्मा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने आनन-फानन में फांसी के फंदे से उतारकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतका की सांस पुष्पा देवी सहित नन्द चन्चल का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। खुशबू का विवाह 2 वर्ष पूर्व हुआ था। जिससे एक मासूम बच्चा कार्तिक है। चर्चा के अनुसार पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिससे गुस्साई पत्नी ने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

# दिल्ली से आई कायाकल्प टीम ने लोहिया अस्पताल का किया निरीक्षण


लोहिया अस्पताल का निरीक्षण करती टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली से आई कायाकल्प की केंद्रीय टीम ने जिला अस्पताल लोहिया का निरीक्षण किया। इस दौरान मिली कई खामियों को सुधार करने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली से आई कायाकल्प की केंद्रीय टीम ने जिला अस्पताल लोहिया पुरुष का निरीक्षण किया। ओपीडी के विभिन्न पटलों का भी बारीकी से जायजा लिया। टीम ने ओपीडी में बाल रोग विशेषज्ञ कक्ष, चेस्ट फिजीशियन कक्ष, रैबीज वैक्सीन रूम का निरीक्षण किया। डॉ0 नरेंद्र और डॉ0 अमोली की टीम ने ब्लड बैंक, लैब का भी निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को कई खामियां मिलीं। जिसे दूर करने के निर्देश दिये। टीम ने कहा कि सभी व्यवस्थायें चाक चौबंद होनी चाहिए। जिससे दूरदराज से आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## करंट से किशोरी झुलसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थान क्षेत्र के गांव सिसईया नगला निवासी मोनिका उम्र 16 वर्षीय पुत्री महावीर सिंह भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए पंखे का तार बिजली बोर्ड में लगा रही थी, तभी उसे करंट लग गया और उसका हाथ झुलस गया। जिससे वह अचेत हो गई। यह देख परिजनों में चीख पुकार मच गयी। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर उपचार शुरु कर दिया।

# कार्यालय सहायक प्रेमचन्द्र व मनोज मिश्रा को निलंबित करने की मांग

**▸ प्रधानाचार्य परिषद ने दोनों लोगों के खिलाफ डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन**



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते प्रधानार्च

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों प्रधानाचार्य परिषद द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, डॉ.अनिल कुमार मिश्रा आदि ने समस्याओं को लेकर शिकायती पत्र देने के लिए आये हुए थे। वार्ता के दौरान पटल सहायक मनोज कुमार मिश्रा व वरिष्ठ सहायक को बुलवाया, लेकिन वह कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। दूसरे पटल पर प्रेमचन्द्र यादव भी नहीं उपस्थित थे। प्रेमचन्द्र यादव को बुलवाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक सम्बोधित पत्र सौंपा गया। उनके द्वारा विषय को न समझते हुए अशिष्ट भाषा का प्रयोग किया गया। जिसके तहत प्रधानाचार्य परिषद ने संबंधित लोगों की शिकायत शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक से की और कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के नियम के अनुसार उल्लंघन करना बताया गया है। प्रेमचन्द्र यादव की कार्यप्रणाली से प्रधानाचार्य परिषद में नाराजगी है। सभी ने मांग की कि ऐसे कर्मचारी द्वारा शिक्षकों को अपमानित किया जा रहा है। जिसकी जांच कर निलंबित किया जाये। दोनों वरिष्ठ सहायको प्रेमचन्द्र यादव व मनोज कुमार मिश्रा को तत्काल दायित्व से मुक्त करने की मांग की गई। प्रेच चन्द्र एवं मनोज कुमार का जनपद में ठहराव पांच वर्ष से अधिक हो चुका है। इस संबंध में संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल को प्रति प्रेषित की गई है। ज्ञापन देने के दौरान प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, संतोष कुमार त्रिपाठी, डॉ. बृजभूषण सिंह, अनिल कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, डॉ. विनीत चौहान, कैप्टन बलविन्दर सिंह, ले0 गिरिजा शंकर, डॉ. धर्मेन्द्र रघुवंशी, दुष्यंत पाल आदि प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# कलार्पण फर्रुखाबाद ईकाई का लखनऊ में अभिनन्दन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था कलार्पण द्वारा लखनऊ के गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में कला साहित्य साधक एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह में जिला इकाई को सम्मानित किया गया।

लखनऊ के अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा पिछली सरकारों ने चेहरे देखकर बड़े-बड़े सम्मान अपने चाहतों को बांटे थे। वर्तमान सरकार कला और कलाकारों की कद्र करती है, सरकार ने पात्र कलाकारों को पद्मश्री आदि जैसे बड़े सम्मानों से सम्मानित किया है। सरकार कलाकारों के प्रति संवेदनशील है। संचालन डॉ0 धनंजय सिंह ने किया। अलग-अलग सत्रों में कलाकारों ने मंचीय प्रस्तुतियां दी। ललित कला विधा प्रमुख वर्षा कश्यप ने उपमुख्यमंत्री को स्केच पेंटिंग भेंट की। सम्मानित होने वालों में डॉ. सर्वेश श्रीवास्तव, राम मोहन शुक्ल, कमलेश गुप्ता, वैभव सोमवंशी, वर्मा कश्यप, शिवराम कश्यप, प्रियांशु पाण्डेय, राज गौरव पाण्डेय, दिलीप कश्यप, मनोज कश्यप, विशाल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।




सम्मानित होते जनपद के कला साधक

# डीएम ने बैठक कर लंबित दावों को समयान्तर्गत निस्तारण के दिये निर्देश



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभगार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित योजना एवं विभाग की अन्य सदृश्य पूर्व में प्रचालित कृषक बीमा योजनाओं के अंतर्गत लंबित दावों को समयान्तर्गत निस्तारित किये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसील सदर के 04, कायमगंज के 08 व अमृतपुर का 01 कुल 13 दावे प्रस्तुत किया गया। जिसमें से 06 दावे उपयुक्त पाये गये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट व सभी उपजिलाधिकारी उपस्थिति रहे।

# ब्राह्मणों के दबाव में झुके जवाहर सिंह भगवान परशुराम पर कहे शब्द लिये वापस

**▸ नगर मजिस्ट्रेट के समक्ष हुई मध्यस्थता, बोले भगवान परशुराम हमारे भी है पूज्यनीय**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मध्यस्थता के दौरान मौजूद नगर मजिस्ट्रेट व ब्राह्मण समाज के लोग

1 मई को कलेक्ट्रेट में आयोजित धरने के दौरान बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार द्वारा भगवान परशुराम को लेकर टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण समाज आक्रोशित था और धरना प्रदर्शन कर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। जिसके चलते शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में ब्राह्मण समाज व जवाहर सिंह के बीच मध्यस्थता कराते हुए विवादित मामले को समाप्त कराया गया। ब्राह्मण समाज के विभिन्न व्यक्तियों की मौजूदगी में जवाहर सिंह ने जो टिप्पणी की थी, उस पर हृदय से खेद व्यक्त करते हुए अपने शब्द वापस लिये। मध्यस्था के बाद जवाहर सिंह ब्राह्मण समाज के लोगों से गले मिले। भईयन मिश्रा ने बताया कि जवाहर सिंह द्वारा गलती स्वीकार कर ली गई है। हम लोग उनके लिखित व मौखिक बयान से सहमत है। अब 30 मई को धरना प्रदर्शन उनके खिलाफ नहीं होगा। उन्होंने समाज के सभी व्यक्तियों के सामने गलती को स्वीकार किया। इससे सर्व समाज के बीच अच्छा संदेश गया। इस मौके पर ब्राह्मण सेवा समिति के महामंत्री लालाराम दुबे, ब्राह्मण जन सेवा समिति के अतुल मिश्रा, अधिवक्ता राजीव बाजपेयी, फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा, कोमल पाण्डेय, रामजी बाजपेयी, प्रहलाद सिंह परिहार, सुनील बाजपेयी, सपा नेता सरल दुबे, प्रबल त्रिपाठी आदि के समक्ष पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष जवाहर सिंह ने अपने कथनों को वापस लिया। मध्यस्थता के बाद जवाहर सिंह गंगवार ब्राह्मण समाज के लोगों के साथ बद्री विशाल पहुंचे और भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान नारायण दुबे, विमलेश मिश्रा, धीरज पाण्डेय, टिंकल यादव आदि लोग मौजूद रहे।



समर कैम्प में मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें

# सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक समर कैम्प में लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में 21 मई से समर कैंप का शुभारंभ हुआ। तीसरे दिन शुक्रवार को शिविर में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सहमति पत्र प्रस्तुत किए। समर कैंप का आयोजन प्रधानाचार्या एस्तर रोज़ दयाल के कुशल निर्देशन में संध्या दयाल एवं कुमारी श्रेष्ठा द्वारा किया गया। कैंप के दौरान छात्राओं ने रस्साकशी, खो-खो, परिचय, योगाभ्यास एवं कुछ एक्शन गीतों का अभ्यास किया। पूरे आयोजन के दौरान एक उत्साहपूर्ण एवं आनंददायक वातावरण बना रहा। यह समर कैंप 10 जून तक संचालित किया जाएगा।

# चौथे दिन भी तहसील सदर में अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी



धरने में बैठे तहसील सदर के अधिवक्ता

**▸ हरजीत अरोड़ा ने पहुंचकर दिया समर्थन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सदर बार एसोशिएशन के अधिवक्ताओं की हड़ताल लगातार चौथे दिन भी जारी रही। बार काउंसिल ऑफ प्रदेश की सदस्य पद की प्रत्याशी हरजीत अरोड़ा ने फर्रुखाबाद पहुंच कर समर्थन दिया।

शुक्रवार को तहसील सदर पहुंचीं हरजीत अरोड़ा ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के साथ अन्याय कर रही है, ऐसे नियम उपनियम बनाकर अधिवक्ताओं को बेरोजगार करने का प्रयास किया जा रहा है। जब तक सरकार अधिवक्ताओं के प्रति संवेदनशील नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। दस्तावेज लेखक संघ के महामंत्री मनोज त्रिवेदी भी लगातार धरने पर बैठे रहे। हड़ताल के चौथ दिन अधिवक्ताओं में आक्रोश दिखा चौथे दिन भी सब रजिस्ट्री कार्यालय में किसी प्रकार का कोई बैनामा संबंधी अन्य कोई कार्य नहीं हो सका। अधिवक्ताओं की अनिश्चित कालीन हड़ताल का असर साफ दिखा। अधिवक्ता पूरे रजिस्ट्री भवन में टेंट लगाकर धरने पर बैठे रहे। किसी भी अधिवक्ता ने बैनामा रजिस्ट्री पेश नहीं की। इस मौके पर सचिव अतुल मिश्रा, विकास सक्सेना, अतर सिंह कटियार, दयाशंकर तिवारी, ओम प्रकाश दुबे, रविनेश यादव, पंकज राजपूत, संजय शाक्य, सुधीर सक्सेना, कुलदीप त्रिपाठी, राजेश वर्मा, संजय कटियार, राहुल दीक्षित, अतुल शाक्य, मंजेश सोमवंशी, गोकुलेश सक्सेना, जितेंद्र सक्सेना, अनुराग तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# आईटीआई में 32 अभ्यार्थियों का रोजगार हेतु हुआ चयन



साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। रोजगार मेले में चार कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 150 रिक्तियों के सापेक्ष 38 अभ्यार्थी उपस्थित हुए। मेला में कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा 38 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार कर 32 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। 24 जॉब ट्रेनी तथा 8 अभ्यार्थियों को अप्रेंटिसशिप ट्रेनी हेतु चयन किया गया। मेले में प्रमुख रुप से प्रधानाचार्य नोडल राजवीर सिंह ने व्यवस्था देखी और चयनित अभ्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ सम्बोधित करते हुए कई अनुभव साझा किये और जानकारियां दी। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, प्लेसमेंट प्रभारी व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर हो कार्यवाही: जिलाधिकारी



बैठक के दौरान डीएम, एसपी व अन्य अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में उ0प्र0 के ऊर्जा क्षेत्र में आगामी रिफार्म के दृष्टिगत सुचारू विद्युत व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी प्रशासनिक, पुलिस व विद्युत अधिकारियों का एक ग्रुप बना लिया जाये, किसी भी दशा में विद्युत व्यवस्था बाधित न हो, अतिरिक्त कर्मियों की व्यवस्था कर ली जाये, विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न करने वालो पर दंडात्मक कार्यवाही की जाये। विगत दिनों आई आंधी के दौरान छतिग्रस्त हुई लाइनों को जल्द ठीक कर लिया जाये, ब्रेकडाउन में उपभोक्ताओं की कॉल अटेंड जरूर करे, सभी कर्मियों के नाम नंबर व पता का डाटाबेस तैयार करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, सभी उपजिलाधिकारी व सीओ एवं विधुत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# शराब के नशे में बाइक सवारों ने युवक को पीटा, पुलिस ने पकड़ा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाइक सवार दबंगों ने टेंपो को रोककर युवक के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों बाइक सवारों को पकड़ लिया।

पुलिस को दी गयी तहरीर में पीड़ित रेहान पुत्र इलियास ने कहा कि वह मोहल्ला घोड़ानखास कोतवाली फर्रुखाबाद का रहने वाला है। दिनांक 22.05.2025 को शाम लगभग 6 बजे मैं गुरसहायगंज रिश्तेदारी में घूमकर ऑटो से फर्रुखाबाद वापस आ रहा था। रास्ते में सीएचसी कमालगंज के सामने सफेद अपाचे गाड़ी सं0 यू.पी.76एजे8838 पर बैठे तीन लोगों ने टेम्पो को ओवरटेक कर रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे तथा जानमाल की धमकी दी। जिस पर मौके पर भीड़ इकट्ठी हो गयी। तब तक किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंच पुलिस ने युवकों को पकड़ लिया। मारपीट करने वाले तीनों लोगों ने अपना-अपना नाम विनय शुक्ला पुत्र चंद्रशेखर शुक्ला निवासी पक्कापुल फर्रुखाबाद व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम चित्रांश द्विवेदी पुत्र अवधेश द्विवेदी निवासी मोहल्ला नुन्हाई कटरा फर्रुखाबाद व तीसरे ने अपना नाम ईशू दीक्षित पुत्र सुरेन्द्र दीक्षित मोहल्ला नुन्हाई कटरा फर्रुखाबाद बताया। पुलिस तीनों को थाने में बैठाये है।

# विधायक की अगुवाई में निकली भारत शौर्य तिरंगा यात्रा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा में आज विधायक सुशील कुमार शाक्य की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ कस्बे के प्रसिद्ध स्थान भारत दास बाबा के प्रांगण से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे क्षेत्र के हिंदूवादी संगठन एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया।

इस यात्रा का उद्देश्य कुछ दिनों पूर्व कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में आतंकवादियों ने हमारे हिंदुओं को धर्म पूछ-पूछकर मारा था जिसका हमारी सेना ने पूरी शिद्दत के साथ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर हमारे देश की बहनों के सिंदूर का बदला लिया। भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम को देखते हुए पूरे भारत में सेना के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्राओं का जगह जगह आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के अंत में प्राचीन स्थल ठाकुरद्वारा मंदिर प्रांगण में तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए विधायक सुशील कुमार शाक्य ने कहा भारत की सेना ने ये साबित कर दिया आज हम किसी भी स्थिति में आतंकवादियों से भारत के प्रत्येक नागरिक की रक्षा कर सकते हैं। आगे भी अगर पाकिस्तान के आतंकवादियों द्वारा भारत पर कोई हमला किया जाता है तो उसका जवाब भारतीय सेना द्वारा ऐसा दिया जाएगा कि उसकी सात पुस्तें याद करेंगी। पूर्व ब्लॉक प्रमुख भास्कर दत्त द्विवेदी ने भी भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा करते हुए समस्त देशवासियों को निडर व खुशहाल जीवन जीने की नसीहत दी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पल्लव सिंह सोमवंशी, कार्यक्रम आयोजक मण्डल अध्यक्ष भाजपा अमृतपुर नीरज अवस्थी, प्रधान सचिन देव तिवारी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रिंस चौहान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनुराग सिंह, किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष विश्व प्रताप सिंह (चीनू), रोहित अवस्थी, आलोक बाजपेयी, सुमित अवस्थी सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



तिरंगा यात्रा में शामिल विधायक सुशील शाक्य व भाजपाई

# कम्पोजिट विद्यालय में बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरुक



समर कैम्प में बारीकियां सीखते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भोलेपुर के शांति नगर स्थित कम्पोजिट विद्यालय में समर कैम्प में तृतीय दिवस पर विद्यालय में बच्चों को मेरा अधिकार और कर्तव्य पर पोस्टर बनाना सिखाया गया। ग्राम स्वच्छता अभियान पर बच्चों को जागरुक किया गया। नगर शिक्षाधिकारी इंद्रपाल सिंह द्वारा बच्चों को जागरुकता पर चर्चा की। स्वच्छता पर एआरपी निपुर रस्तोगी द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुनीता यादव द्वारा बच्चों को विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कुमुद द्विवेदी, तारिक अली, अदनान, उर्मिला, सावित्री, दिनेश, रामगोपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# समर कैम्प में छात्रों ने योगाभ्यास के साथ खेले गेम्स, बनाई रंगोली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



समर कैम्प में भाग लेते छात्र

भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में समर कैंप के तृतीय दिवस का आयोजन योगअभ्यास एवं प्राणायाम प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा एवं अखिलेश कुमार पांडेय के निर्देशन में हुआ। सभी प्रतिभागियों को कई व्यायाम व सूर्य नमस्कार कराया गया। प्राणायाम में अनुलोम विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका और भ्रामरी कराए गए। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने उपस्थित छात्रों को योग, प्राणायाम के महत्व को बताया। रंगोली, मिट्टी कला उस संदर्भ में विद्यालय की शिक्षिका सरिता शर्मा ने सभी बच्चों की अलग-अलग टोली बनाकर उन्हें रंगोली और मिट्टी कला की बारीकियों को समझाया। सभी उपस्थित बच्चों ने उत्साह पूर्वक कार्य को पूर्ण किया। समर कैंप के तृतीय दिवस में अंकुर त्रिपाठी, देवाशीष पाठक, बृजमोहन आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा को लेकर वीरेंद्र सिंह राठौर परिवहन मंत्री से मिले

**▸ रोडवेज बस स्टैण्ड पर मूर्ति लगना है प्रस्तावित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




परिवहन मंत्री मुलाकात करते वीरेन्द्र सिंह व राघवेन्द्र सिंह

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जनपद में मूर्ति स्थापना को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता व क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर निरंतर प्रयासरत है। उनके प्रयास से ही कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन ने बस अड्डे पर मूर्ति के संबंध में नाप जोक भी कराई थी।

वीरेंद्र सिंह राठौर ने शुक्रवार को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से भेंट की। उन्होंने बस अड्डा पर प्रस्तावित महाराणा प्रताप मूर्ति के संबंध में जीएम स्तर से आने वाली एनओसी के संबंध में चर्चा की। जहां परिवहन मंत्री की तरफ से इस संबंध समुचित आश्वासन दिया गया। वीरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि महाराणा प्रताप ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। उनकी प्रतिमा बस अड्डे पर लगने से वहां आने वाले लोगों में देश प्रेम, राष्ट्र भक्ति, शौर्य और पराक्रम की प्रेरणा ओर मजबूत होगी। इस संबंध में सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने प्रभारी मंत्री से भी भेंट की। इस दौरान क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू भी मौजूद रहे।

## किसान सभा का आयोजन 26 मई को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक जैविक मिशन को बढ़ावा देने के लिए एवं किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से कायमगंज तहसील झब्बूपुर क्रासिंग के पास 26 मई को किसान सभा का आयोजन होगा। जिसमें सभी किसान भाईयों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी प्रदेश प्रमुख महासचिव राजेश दीक्षित बबलू ने दी है।

# सदर विधायक ने किसानों को बांटे नि:शुल्क बीज

▸ महाराजगंज में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत किसानों को मिला फायदा

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर गुरुवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत किसानों को नि:शुल्क धान बीज वितरित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया उपस्थित रहे। जैसे ही किसानों को बीज मिला, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।



इस अवसर पर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि यह योजना किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और संसाधनों से जोड़ती है। नि:शुल्क बीज से उनकी फसल उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और आमदनी में इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि योजना केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है।

### 29 किसानों को मिला नि:शुल्क बीज

कार्यक्रम के अंत में कुल 29 किसानों को नि:शुल्क धान बीज प्रदान किया गया। मुख्य किसानों में वीरेंद्र लोहिया, राकेश अग्रहरी, राम सूरत चौहान, उमाशंकर, इंद्रपाल, रमेश सिंह, राजेश वर्मा, विधि नारायण वर्मा, सुरेश सिंह, नंदलाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**विज्ञान आधारित खेती पर जोर:**- कार्यक्रम में तकनीकी सहायक ने वैज्ञानिक खेती पर विस्तृत जानकारी दी और बताया कि कैसे नई तकनीकों और उन्नत किस्मों से किसान कम लागत में अधिक उपज प्राप्त कर सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान 2007-08 में शुरू हुआ था। इसका उद्देश्य रकबे का विस्तार, उत्पादकता में सुधार और किसानों की आय बढ़ाना है।

**विभागीय अफसरों ने दी जानकारी:**- कार्यक्रम में एसडीओ सदर राजेश कुमार, राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी संजय पटेल, प्रदर्शन प्रभारी श्रवण सिंह, एडीओ कृषि प्रेम नारायण पासवान सहित कई अधिकारियों ने किसानों को खेती से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी।

## शहरी क्षेत्रों में भी मिलेगा घरौनी प्रमाण-पत्र

*महराजगंज में ड्रोन से होगा सर्वे, नगर पालिका और तीन नगर पंचायतों से शुरुआत*

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** महराजगंज में शहरी क्षेत्रों के लिए घरौनी प्रमाण पत्र योजना शुरू की जा रही है। यह योजना पहले चरण में नगर पालिका परिषद महराजगंज और तीन नगर पंचायतों में लागू होगी। मकानों का सर्वेक्षण ड्रोन तकनीक से किया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी मकानों का डिजिटल रिकॉर्ड और नक्शा तैयार करना है। इससे मालिकाना हक के दस्तावेज सुरक्षित रहेंगे। शहरी क्षेत्रों में कई पुराने मकानों के स्वामित्व दस्तावेज स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे मकान मालिकों को अब घरौनी प्रमाण पत्र मिल सकेगा। यह योजना नेशनल जिओस्पेशियल नॉलेज बेस्ड लैंड सर्वे ऑफ अर्बन हैबिटेशन (ह्वयस-µ) के नाम से जानी जाती है। इसे भारत भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा है। राजस्व परिषद के निर्देश पर नगर निकायों और संबंधित विभागों की टीम काम करेगी। नगर पालिका परिषद महराजगंज के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार के अनुसार, सर्वेक्षण में तकनीकी विशेषज्ञ और राजस्व अधिकारी शामिल होंगे। इससे काम सटीक होगा और नागरिकों को जल्द लाभ मिलेगा।

## रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम




**अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप में वैगन पीओएच क्षमता वृद्धि की परियोजना की रखी आधारशिला**

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार के दौरे पर पटना पहुंचे जहां उन्होंने शुक्रवार को बिहार के सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की तथा बिहार में रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान श्री वैष्णव ने पटना से जमालपुर के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जमालपुर वर्कशॉप पहुंचने पर, श्री वैष्णव ने अन्य मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ वैगन निर्माण शॉप और क्रेन शॉप आदि का निरीक्षण किया तथा जमालपुर वर्कशॉप के उन्नयन के लिए 78.96 करोड़ रुपये के रूप में एक और सौगात देते हुए जमालपुर वर्कशॉप में वैगन पीओएच क्षमता वृद्धि परियोजना की आधारशिला रखी।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षा और खेल एक दूसरे के पूरक : चन्द्रकला

**फरेंदा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** सेंट मैरिज इंटरनेशनल स्कूल सिधवार आनंदनगर में समर कैम्प (समफन) का आयोजन विद्यालय की निर्देशिका शिक्षा विद चंद्रकला साहनी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए फीता काट कर किया गया। इस दौरान समर कैम्प में विद्यालय की शैक्षिक सलाहकार मोनिका चोपड़ा प्रधानाचार्य निधिश थामस एवं प्रशिक्षक तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं गैर शिक्षण स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### सैट मैरीज इंटरनेशनल स्कूल पर समर कैम्प में दिया जा रहा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा विद् चन्द्रकला सहानी ने कहा कि खेल के साथ शिक्षा भी जरुरी है शिक्षा व खेल एक दूसरे के पूरक है। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण विकास हेतु खेल भी खेलना चाहिए खेल से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वही मानसिक तनाव में भी कमी आती है मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में समर कैम्प के दौरान योग, स्विमिंग कराटे, डांस, शुटिंग, पोटी ओरिगेमी जैसी तमाम खेलों का कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यालय की शैक्षणिक सलाहकार मोनिका चोपड़ा एवं प्रधानाचार्य निधिश थामस ने कहा कि विद्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु जो व्यवस्थाएं मुहैया कराई जा रही है वह आने वाले दिनों में मिल का पत्थर साबित होगा विभिन्न क्षेत्रों में यहां के बच्चे सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक गण एवं गैर शिक्षण स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत बोर्ड की बैठक 27 को

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक 27 मई को जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गयी है। अपर मुख्य अधिकारी राजेश कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में जनपद के सभी प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

### बाइक की चपेट में आकर महिला घायल, रेफर



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग रतेह चौराहा पर गुरुवार की शाम बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क के पटरी पर खडी महिला को धक्का मार दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनवाल गांव निवासी राधे श्याम की 48 वर्षीय पत्नी सोमारी देवी बाइक से अपनी 13 वर्षीय पुत्री पुष्पा व पति के साथ मायका कोल्हा जा रही थी की रतेह चौराहा पर सामान लेने के लिए पति बाइक से रुके पत्नी सड़क के पटरी पर खडी थी की हलिया की तरफसे तेजगति से आ रहे बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर महिला को धक्का मार दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई उधर से गुजर रहे एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के पायलट दिलीप यादव ने गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक विमल कुमार व रीना पटेल ने महिला का उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सक विमल कुमार ने बताया की बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद अंदुरुनी चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

### 40 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अकुंश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार को थाना जायस पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान एक अभियुक्त मो. शाकिर उर्फ महताब पुत्र अब्दुल गनी निवासी मोहल्ला वार्ड नं. 23 ख्वाजगान जेर मस्जिद थाना जायस को 40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एसएसबी व नेपाल पुलिस ने की पेट्रोलिंग

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एसएसबी और नेपाल पुलिस ने संयुक्त पेट्रोलिंग की। यह पेट्रोलिंग चौकी भगवानपुर थाना सोनौली के सीमा क्षेत्र में की गई। दोनों देशों की सुरक्षा टीमों ने सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। एसएसबी अधिकारी रमेश कुमार ने कहा कि इस पेट्रोलिंग का मुख्य उद्देश्य सीमा सुरक्षा को मजबूत करना है। साथ ही दोनों देशों के बीच मित्रतापूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना है। भगवानपुर चौकी इंचार्ज अमित रंजन अभिषेक कुमार ने इस पेट्रोलिंग में हिस्सा लिया। एपीएफ फोर्स से इंस्पेक्टर रमेश कुमार, सुंदर मोहन और विपुल भी मौजूद रहे। सीमा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए यह संयुक्त पेट्रोलिंग आगे भी जारी रहेगी। इससे दोनों देशों के बीच सीमा सुरक्षा और मजबूत होगी।

## विकास खंड हथेडा में 35 लाख में मीनी बस स्टैंड बन कर तैयार

▸ एक भी परिवहन संचालित बसों के न होने से हो रहा निसप्रयोज्य

▸ ग्रामीणों ने की दशकों से बंद बसों को संचालित कराने की मांग



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय विकास खंड के हथेडा में प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्वन मिशन के तहत 35 लाख रुपये से मई 2023 को मिनी बस स्टैंड का निर्माण कराया जा चुका है। लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी विभागीय लापरवाही के कारण हैंड ओवर नहीं हो पाया है। सरकार की मन्शा है कि परिवहन बसो का ठहराव की ब्यवस्था स्टैंड पर बना दी गयी है। जहाँ से यात्रियों को प्रयागराज, मिर्जापुर डिपो, मध्य प्रदेश के हनुमाना, सीधी मार्ग पर लालगंज तहसील मुख्यालय सहित सभी जगह जाने की सुविधा उपलब्ध हो। लेकिन क्षेत्र में चल रही पूर्व में परिवहन की बसे दशकों वर्ष से बंद है जिसमें हलिया कस्बा, पिपरा मनिगढा, अदवा, सोनगढा, सिकटा, बंजारी कला, मतवार तक जाने वाली रोड बेज बसों का संचालन बंद हो गया है जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। स्थानीय निवासी विध्यकिसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द शेखर गिरि, देवशेखर मिश्रा, अजय गिरि, महेश गिरि, अनुज सिंह, सत्यनारायण तिवारी, लल्लन तिवारी, बद्रीनारायण तिवारी, कमलेश तिवारी, गोलू अग्रहरि, किताब अली, सामिद अली आदि लोगों ने जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन से परिवहन के बस संचालित कराने की मांग कि है जिससे लाखों रुपये की लागत से बने मीनी बस स्टैंड से यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिल सके। यह कार्य किया जाना पूरी तरह जनहित में है।

### सड़क खराब होने से नाराज ग्रामीणों ने की मार्ग मरम्मत की मांग



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड के हरसड़ गाँव से प्रशिद्ध कोटार शिव धाम संपर्क मार्ग लगभग दो किलोमीटर जिला पंचायत का सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुका है। सड़क का मरम्मत कार्य नहीं होने से ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह ने कहा कि सड़क की मरम्मत हेतु तहसील स्तर एवं उच्च अधिकारियों को कई बार ध्यान आकृष्ट कराया गया। लेकिन आज तक सड़क नहीं बनी।सड़क की गिट्टीया बिखर गई है और बड़े बड़े गड्ढे हो गए है मंदिर पर दर्शन पूजन के लिए आने वाले दर्शनर्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है दर्शन पूजन के लिए आने वाले बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे है। सम्पर्क मार्ग के मरम्मत कार्य कराने के लिए ग्राम प्रधान ने तहसील दिवस व जिला पंचायत के अधिकारियो के यहां गुहार लगाया है लेकिन विभागीय अधिकारियो की लापरवाही से आज तक सम्पर्क मार्ग का मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है।

## कार में मांस सहित तीन तस्करों को ग्रामीणों ने पकड़ा

▸ तस्करों ने मांस की तस्करी का नया तरीका अपनाया



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

फरेंदा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा बाजारडीह के पास टहलने जा रहे ग्रामीणों ने आज शुक्रवार की भोर में लगभग 4:00 बजे एक संदिग्ध कार खून के छीटे देखकर शक के आधार पर कार को रोकवाया जिसमें तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखा तो ग्रामीणों को शक हुआ तो बहुतायत ग्रामीण इकट्ठा होकर तीनों व्यक्तियों से पूछताछ करने लगे कार पर खून के छीटे देखा तो कार की डिग्गी खुलवाकर जब देखा तो बोरे में भरा हुआ संदिग्ध मांस मिला जिसकी सूचना ग्रामीणों ने फरेन्दा कोतवाली में दिया। सूचना पाकर फरेन्दा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर तीनों व्यक्तियों फरेन्दा कोतवाली में लेकर आई ग्रामीणों द्वारा लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया गया जिस पर फरेंदा कोतवाली पुलिस 3/5/8 गोबध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार फरेंदा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा बाजारडीह में शुक्रवार की भोर में लगभग 4:00 बजे एक सदिग्ध कार पर तीन व्यक्ति दिखाई दिए जिस पर शंक के आधार पर ग्रामीणों ने तीनों व्यक्तियों से पूछताछ किया तथा कार की तलाशी ली तो कार के डिग्गी पर खून के धब्बे मिले और बोरी में भरा हुआ मांस मिला जिस पर ग्रामीणों को शंका हुआ कि उक्त मांस गाय का है। ग्रामीणों द्वारा 112 नंबर की पुलिस को सूचना दिया गया सूचना पाकर मौके पर फरेंदा कोतवाली पुलिस पहुंचकर तीनों संदिग्ध को कोतवाली ले आई और जांच पड़ताल में जुट गई। ग्राम सभा बाजारडीह टोला धुसिया निवासी सुंदरम सिंह एवं अन्य लोगों द्वारा लिखित तहरीर फरेंदा कोतवाली पर दी गई जिस पर फरेंदा थाने में गौ वध अधिनियम के तहत 3/5/8 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया।पकड़े गए तीनों व्यक्ति रहमतुल्ला खान उर्फ सद्दाम पुत्र मोहम्मद शाहिद ग्राम सोलह रसोईया थाना बृजमनगंज तथा शमीम आलम पुत्र बदरे आलम एवं अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल्ला ग्राम महादेवा बुजुर्ग थाना फरेंदा निवासी बताए जा रहे हैं तथा उक्त कार का नंबर यूपी 57 बीजे 6397 है। उक्त प्रकरण पर पुलिस क्षेत्रिधिकारी फरेन्दा दीपशिखा वर्मा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है मांस को परीक्षण हेतु भेजा गया है। मौके से तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर कार को बरामद कर लिया गया है।

### भाजपा ने अदलपुर में निकाली भारत शौर्य तिरंगा यात्रा




**सीखड़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने अदलपुर बाजार मे शुक्रवार को मण्डल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा मीरजापुर रविन्द्र नारायण सिंह की देखरेख मे आपरेशन सिंदूर की सफलता मे तिरंगा यात्रा निकाली यात्रा कुशहां मोड़ से प्रारंभ होकर माता शीतला गेट पर समाप्त हुई। कार्यकर्ता हांथों मे तिरंगा लिए उत्साहित होकर भारत माता की जै, वन्देमातरम, पाकिस्तान मुर्दाबाद के उदघोष के साथ आगे बढ़ रहे थे। उक्त अवसर पर संयोजक जय हिन्द सिंह, डब्लू मिश्रा, गणेश सिंह, वृजमोहन जायसवाल, प्रेमचंद सिंह, अनूप सिंह, संकटमोचन तिवारी, प्रदीप गुप्ता, गौरव पाण्डेय, निसार अहमद, ओमप्रकाश सिंह, रमाशंकर राजभर, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण



**अमेठी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया।

परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व विभिन्न थानों के अधिकारी व कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं अच्छी वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय परिवहन शाखा व पीआरवी 112 आदि का निरीक्षण करने के पश्चात पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अवलोकन कर अद्यावधिक रखने हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, लाइन्स अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## संविधान बचाओ अभियान पर कांग्रेस ने की बैठक




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला स्तरीय संविधान बचाओ के तहत शुक्रवार को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के राजीव गाँधी सभागार मे कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अध्यक्षता व कार्यक्रम संयोजक डॉ.संजय सिंह के अगुवाई में तैयारी बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में इस अभियान को प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय संगोष्ठी के बाद विधानसभा स्तर पर भी आयोजित करने के लिए निश्चित किया गया। डॉ.संजय सिंह ने बताया कि आने वाली 28 मई दिन बुधवार को सविधान बचाओ अभियान संगोष्ठी का आयोजन नैना रिजार्ट बहादुरपुर में समय 11बजे से 3बजे तक होगा।

इस संगोष्ठी में मोदी सरकार की दैनिक विफलताओं-बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, लघु एवं मध्यम उद्योगों का पतन, ग्रामीण संकट और काल्याणकारी नीतियों को जानबूझ कर कमजोर करने के षडयंत्र को उजागर करना होगा तथा मोदी सरकार की नीतियों से पीड़ित नागरिकों के वास्तविक जीवन के अनुभवों को स्थानीय नैरेटिव के जरिए प्रमुखता से साझा करने के साथ साथ युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित समुदायों के साथ व्यापक जुड़ाव को सुनिश्चित करना होगा। संविधान बचाओ अभियान में ख्याति प्राप्त विद्वान वक्ताओं द्वारा सरकार के

## आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को दिया गया प्रशिक्षण



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** सदर ब्लाक परिसर में शुक्रवार को आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिरामल फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में शामिल आंगनबाडी कार्यकत्रियों को बाल विकास परियोजना अधिकारी सुभाष कुमार मौर्य ने बधाई देते हुए पोषण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। बाद फाउडेशन के वीरेंद्र कुमार पांडेय ने आंगनवाड़ी के समस्त 6 कार्यों मसलन अनुपूरक पोषाहार वितरण, टिकाकरण, स्वास्थ जांच, स्वास्थ्य एवं पोषण परामर्श, संदर्भन सेवाएं समेत बच्चों की वृद्धि निगरानी कुपोषित और अती कुपोषित बच्चों की पहचान, गर्भवती माता की जांच एवं देखभाल एवं ग्राम स्वास्थ्य स्वक्षता एवं पोषण दिवस के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर अशोक कुमारी, शुशीला देवी आदि मौजूद रहीं।

## डायरिया पीड़िता से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

चतरा ब्लाक अंतर्गत गिरिया ग्राम पंचायत के मंठहवा टोला में डायरिया पीड़ितों से कांग्रेसियों ने मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। बाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री निगम मिश्रा ने मृतक युवक के घर पहुंच कर परिजनों का आंसू पोछा।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री निगम मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल चतरा ब्लाक अंतर्गत गिरिया ग्राम पंचायत के टोला मंठहवा पहुंचा। यहा सभी ने डायरिया फैलने के कारणों को जाना। बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप की स्थिति का जायजा लिया।

बता दें कि बीते दिनों गिरिया ग्राम पंचायत के मंठहवा टोला में डायरिया की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई थी और दर्जनों ग्रामीण बीमार पड़ गए थे। इस मौके पर जिला सचिव जितेंद्र देव पांडेय, करमा ब्लाक अध्यक्ष बंशीधर देव पांडेय, नागेंद्र देव पांडेय, चंद्र मोहन पाल आदि मौजूद रहे।

## आगजनी की घटना का पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली ने शुक्रवार को विगत सोमवार को गड़बड़ा धाम में आग जनी की घटना के मद्देनजर मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। पीड़ित परिवारों को राहत मुहैया करने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि सोमवार को गड़बड़ा धाम में आगजनी की घटना से दुखी हूँ।

आगजनी की घटना में पांच बाइक, दो साइकिल, सहित 9 दुकानें जलकर खाक हो गई। जिस मे लगभग 10 लाख रुपए से अधिक की छति हुई है। मुआवजा मुहैया करने हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से पत्र दिया जाएगा।

गैस सिलेंडर फटने से आग जनी की घटना घटी है। जिसकी जांच कराई जाएगी किस कारण से गैस सिलेंडर फ्टा ऐसी स्थिति में गैस सिलेंडर की कंपनी भी जिम्मेदार है। पीड़ितों को कंपनी भी मुआवजा देगी। इस मौके पर गणेश माली, त्रिवेणी प्रसाद माली, कैलाश चौरसिया, मगरु चौरसिया आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## 15 प्रतिशत टैक्स बचाने के लिए नेपाल भेजा जा रहा कपड़ा, रोजाना 1.5 करोड़ की हो रही तस्करी

▸ भारत-नेपाल सीमा पर कपड़ा तस्करी बढ़ी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली और नौतनवा क्षेत्रों से कपड़े की तस्करी बड़े पैमाने पर की जा रही है। श्यामकाट, भगवानपुर, फरेंदी तिवारी, सुंडी और बैरिगहवा जैसे गांव इस तस्करी के प्रमुख रूट बन गए हैं। रेडीमेड सूट, साड़ी और थान को बाइक और टैंपो के जरिए नेपाल के भैरहवा व बुटवल कस्बों तक पहुंचाया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो एक-एक बाइक सवार दिन में पांच बार माल लादकर नेपाल पहुंचा रहा है। हर चक्कर में एक लाख से ज्यादा कीमत का कपड़ा लादा जाता है। इस हिसाब से एक बाइक सवार प्रतिदिन 5 लाख तक का कपड़ा सीमा पार कर रहा है। सुबह से देर रात तक यह सिलसिला जारी रहता है।

### जीएसटी और वैट मिलाकर 15% टैक्स से बचने की चाल

भारत में 5% जीएसटी और नेपाल में करीब 10% वैट के चलते कुल 15% टैक्स से बचने के लिए व्यापारी तस्करी का सहारा ले रहे हैं। इससे दोनों देशों के राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि एक दिन में करीब 1.5 करोड़ रुपये का कपड़ा नेपाल भेजा जा रहा है, जिससे प्रतिदिन 15 से 20 लाख रुपये का राजस्व घाटा हो रहा है।

### हर नाके पर तीन से पांच बाइक सवार सक्रिय

कपड़े की तस्करी में प्रत्येक मार्ग पर कम से कम तीन से पांच बाइक सवार लगे हुए हैं। नौतनवा मार्ग पर एक टैंपू भी तस्करी में प्रयुक्त हो रही है, जो बड़ी खेप को ढोने में इस्तेमाल की जा रही है। तस्करी के इस खुले खेल को रोकने में पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और कस्टम विभाग पूरी तरह विफल नजर आ रहे हैं। न तो कोई बड़ा पकड़ा गया, न ही तस्करी के रूट बंद हुए हैं। अब सवाल उठता है कि क्या यह मिलीभगत से हो रहा है। स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि हर चक्कर में लाखों का नुकसान सरकारी खजाने को, लेकिन जिम्मेदार मौन हैं।

GST No. : 09AEBPN2161A1Z1
Mob. : 9454444497
Great Man
TAILORS & DRAPERS
SALER: SUITING, SHIRT-ING & DRESS METERIALS
Barachandganj, Near Railway Crossing, Lucknow

Admission Open
Shri Durga Shiksha Niketan PG College
(Affiliated to Lucknow University)
Chhota Bharwara, Near Sahara Hospital, Gomti Nagar, Lucknow-226028
B.A., B.Com., M.Com., M.A. (Soc.), M.A. (Edu.), B.B.A., D.El.Ed. & B.El.Ed.
Helpline No.- 7570001103, 9415138820, 9450093206
Email : sdsncollege031@gmail.com
Website: www.sdsngroupofcollege.org